फोन: 0120-4908600, फैक्स: 0120-4325028

25वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना एवं ई-वोटिंग की जानकारी

एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") के लागू होने योग्य प्रावधानों एवं उनके अन्तर्गत बनाए गए नियमों तथा सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएँ एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 ("सूचीबद्धता विनियम") के साथ पठित कॉर्पोरेट मामले मंत्रालय द्वारा निर्गत सामान्य परिपत्र ("एमसीए परिपत्र") 09/2023 दिनांकित 25 सितम्बर 2023 तथा भारतीय प्रतिभूति और विनियम बोर्ड द्वारा निर्गत परिपत्र संख्या SEBI/HO/CFD/POD-2/P/CIR/2023/167 दिनांक 7 अक्टूबर 2023 के अनुपालन में टी.वी. टुडे नेटवर्क लिमिटेड ("कंपनी") के सदस्यों की 25वीं वार्षिक आम बैठक ("ऐजीएम") बुधवार 18 सितम्बर 2024 को 03:30 बजे अपराह वीडियो कॉन्फरेंस (वीसी)/ओएवीएम के माध्यम से एक आम स्थल पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना ऐजीएम की सूचना में निहित व्यवसायो के सम्पादन हेतु, आयोजित की जाएगी।

उक्त एमसीए परिपत्र के साथ पठित सेबी परिपत्र में ऐजीएम की सुचना तथा 31 मार्च 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु वार्षिक रिपोर्ट इलेक्ट्रॉनिक प्रतियां, कंपनी के सभी सदस्यों, जिनका ईमेल आईडी कंपनी/आर टी ए/डिपाजिटरी प्रतिभागी (ओ) के साथ 26 जुलाई 2024 तक पंजीकृत है, को 6 अगस्त 2024 को प्रेषित की जा चुकी है | कृपया ध्यान दे की एमसीए परिपत्र तथा सेबी परिपत्र के हवाले से सदस्यों को 25वी ऐजीम की सुचना तथा एकिकृत वार्षिक रिपोर्ट की भौतिक प्रति भेजने की आवश्यकता को समाप्त कर दिया गया है | यह सुचना तथा एकिकृत वार्षिक रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट https://aajtak.in/investor/ तथा स्टॉक एक्सचेन्जो, अर्थात बीएसई लिमिटेड एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ़ इंडिया की वेबसाइट www.bseindia.com एवं www.nseindia.com क्रमशः एवं हमारे आर टी ए की वेबसाइट https://www.mcsregistrars.com/ पर भी उपलब्ध हैं।

वे सदस्य, जिनके ई-मेल पते कंपनी/उनके सम्बंधित डिपाजिटरी प्रतिभागियों के साथ पंजीकृत नहीं है, उनसे अनुरोध है की वे जल्द से अपनी ई मेल को पंजीकृत करें। वे सदस्य, जो भौतिक रूप में शेयरों को धारण कर रहे है और उनका ई -मेल पता आर टी ए के साथ पंजीकृत नहीं है, से अनुरोध है कि वे अपना विवरण फ़ार्म ISR-1 के साथ उपयुक्त दस्तावेज़, कंपनी के आर टी ए, MCS Share Transfer Agent Limited, helpdesk@mcsregistrars.com को भेजकर अपना ई-मेल पता शीघ्र पंजीकृत कराएं। डीमैट तौर पर शेयरों को रखने वाले सदस्य अपने डिपाजिटरी प्रतिभागियों के साथ अपना ई-मेल पता अद्यतन कर सकते हैं।

कट - ऑफ तिथि अर्थात 11 सितम्बर 2024 के अनुसार भौतिक रूप में या डीमटेरिलईज़ेड रूप में शेयरो को रखने वाले सदस्य, एनएसडीएल के इलेक्ट्रोनिक वोटिंग सिस्टम के माध्यम से, ऐजीएम की सूचना में निहित सामान्य और विशेष व्यवसायों पर अपना वोट डाल सकते है |

ऐजीएम की सूचना में उस प्रकिर्या के विषय में निर्देश शामिल है जिस प्रकार शेयरधारक रिमोट ई-वोटिंग अथवा एजीएम के समय ई-वोटिंग के माध्यम से अपना वोट डाल सकते है तथा वीसी/ओएवीएम के माध्यम से ऐजीएम में शामिल हो सकते है |

सभी सदस्यों को अवगत किया जाता है कि :

1. ऐजीएम की सूचना में निहित सामान्य और विशेष व्यवसायों का सम्पादन इलेक्ट्रोनिक माध्यमो से मतदान के माध्यम से किया जायेगा |
2. रिमोट ई - वोटिंग 15 सितम्बर 2024 को प्रातः 09 :00 बजे (भारतीय मानक समय) से आरम्भ होगी:
3. रिमोट ई - वोटिंग 17 सितम्बर 2024 को सायः 05 :00 बजे (भारतीय मानक समय) पर समाप्त होगी :
4. इलेक्ट्रॉनिक माध्यमो से अथवा एजीएम में मतदान करने की पात्रता निर्धारित करने हेतु कट - ऑफ तिथि 11 सितम्बर 2024 है और जो व्यक्ति कट -ऑफ तिथि को सदस्य नहीं है, उसे यह सूचना मात्र जानकारी के उद्देश्य से ग्रहण करना चाहिए:
5. कोई भी व्यक्ति, जो सूचना प्रेषित होने के पश्चात कंपनी के शेयरो को अधिग्रहित करता एवं कंपनी का सदस्य बनता तथा कट - ऑफ की तिथि के अनुसार शेयर आयोजित रखता है एवं वोट डालने हेतु योग्य है, ऐजीएम की सूचना में उल्लिखित प्रकिर्या का पालन करके लॉगिन आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त कर सकता है|
6. सदस्य नोट कर सकते है कि : क) रिमोट ई - वोटिंग मॉडयूल को एनएसडीएल द्वारा वोटिंग की उपरोक्त तिथि और समय के उपरांत निष्क्रिय कर दिया जायेगा एवं एक बार किसी सदस्य द्वारा किसी प्रस्ताव पर वोट डाले जाने के पश्चात् सदस्य को तदनन्तर उसे बदलने की अनुमति नहीं दी जाएगी: ख) जिन सदस्यो ने ऐजीएम से पहले रिमोट ई - वोटिंग द्वारा अपना वोट डाल दिया हो, वो भी एजीएम में सम्मिलित हो सकते है परन्तु पुनः अपना वोट डालने हेतु अधिकृत नहीं होंगे; ग) ऐजीएम में इलेक्ट्रोनिक मोड के द्वारा मतदान की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी ; एवं घ) वह व्यक्ति जिसका नाम सदस्यो के रजिस्टर या डिपाजिटरी द्वारा अनुरक्षित लाभयोगी स्वामियों के रजिस्टर में कट - ऑफ तिथि के अनुसार दर्ज हो, केवल वही रिमोट ई - वोटिंग या एजीएम में ई - वोटिंग की सुविधा प्राप्त करने हेतु अधिकृत होगा |

ई-वोटिंग या ऐजीएम में रिमोट ई-वोटिंग से संबंदित मुद्दों और प्रयाजनो सहित किसी भी प्रशन के मामले में, आप www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड अनुभाग से शेयरधारको हेतु फ्रीक्वेंटली आहस्केड कोस्चन्स (FAQ's) एवं शेयरधारको हेतु "यूजर मैन्युअल" संदर्भित कर सकते है अथवा टोल फ्री नंबर 022-48867000पर कॉल कर सकते अथवा evoting@nsdl.com पर अनुरोध भेजकर अथवा सुश्री पल्लवी महाप्रे, वरिष्ठ प्रबंधक, नेशनल सिक्योरिटीज डिपाजिटरी लिमिटेड, ट्रेड वर्ल्ड, ए विंग, चौथी मंज़िल, कमला मिल्स कंपाउंड, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई - 400013 से निर्दिष्ट ई-मेल आईडी evoting.nsdl.com पर संपर्क कर सकते है, जो की इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों द्वारा वोटिंग से जुडी शिकायतों को भी सम्बोधित करेंगे |

स्थान: नोएडा
तिथि : 08 अगस्त 2024

कृते टी.वी टुडे नेटवर्क लिमिटेड
हस्ताक्षर
आशीष सभरवाल
समूह प्रमुख सेक्रेटेरयल एवं कम्पनी सचिव
सदस्यता सं. एफ4991

भारत गीयर्स लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय एवं वर्क्सः 20 कि.मी. मथुरा रोड, पो. ओ. अमर नगर, फरीदाबाद–121003 (हरियाणा)
फोनः +91 (129) 4288888
ई–मेलः info@bglindia.com वैबसाइटः www.bharatgears.com सीआईएनः L29130HR1971PLC034365



30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का वर्णन

(₹ लाखों में)

क्र.सं.	विवरण	समाप्त तिमाही			समाप्त पूर्व वर्ष
		30.06.2024	31.03.2024	30.06.2023	31.03.2024
		(अनअंकेक्षित)	(अनअंकेक्षित) टिप्पणी 2 देखें	(अनअंकेक्षित)	(अंकेक्षित)
1.	परिचालनों से कुल आय	**16,601**	17,077	17,048	66,305
2.	अवधि के लिए (हानि)/लाभ (कर, अपवादित एवं/अथवा असाधारण वस्तुओं से पूर्व)	**(242)**	(225)	(102)	(1,288)
3.	अवधि के लिए कर से पूर्व (हानि)/लाभ (अपवादित एवं/अथवा असाधारण वस्तुओं के बाद)	**(242)**	(225)	(102)	(1,288)
4.	अवधि के लिए कर के पश्चात् (हानि)/लाभ (अपवादित एवं/अथवा असाधारण वस्तुओं के बाद)	**(181)**	(175)	(76)	(974)
5.	अवधि के लिए कुल व्यापक आय/(हानि) [जिसमें अवधि के लिए लाभ/(हानि) (कर के बाद) एवं अन्य व्यापक आय/(हानि) (कर के बाद) शामिल है]	**(181)**	(175)	(83)	(996)
6.	समता अंश पूंजी	**1,536**	1,536	1,536	1,536
7.	अन्य इक्विटी जिसे पूर्व वर्ष की अंकेक्षित बैलेंस शीट में दर्शाया गया है	**9,524**	9,524	10,520	9,524
8.	प्रतिअंश आय [₹ 10/- प्रत्येक (* अवार्षिकृत)] मूल एवं तरल (₹)	***(1.18)**	*(1.13)	*(0.49)	(6.34)

टिप्पणियाँ:

1. उपरोक्त सेबी (सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) अधिनियम, 2015 के अधिनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज में दायर किए गये 30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक उद्धरण है। 30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंजों की वैबसाइट (www.nseindia.com एवं www.bseindia.com) तथा कम्पनी की वैबसाइट (www.bharatgears.com) पर उपलब्ध हैं।
2. 31 मार्च, 2024 को समाप्त तिमाही के आंकड़े पूर्ण वित्तीय वर्ष के संबंध में अंकेक्षित आंकड़ों तथा प्रस्तुत वित्तीय वर्ष के 31 दिसम्बर 2023 को समाप्त अवधि के अनअंकेक्षित प्रकाशित आंकड़े, जो सीमित समीक्षा के अधीन थे, के बीच संतुलन के आंकड़े हैं।

निदेशक मंडल के लिए एवं उनकी ओर से
हस्ता/–
सुरिंदर पॉल कंवर
अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक
डिनः 00033524

स्थान : मुम्बई
तिथि : 08 अगस्त, 2024

खबर कोना

फर्जी पुलिस सत्यापन कराने वाले गिरोह के तीन आरोपी गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 8 अगस्त।

थाना एक्सप्रेस-वे पुलिस ने फर्जी सत्यापन कराने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान जनीश सिंह चौहान, राहुल चौहान और अमित कुमार के रूप में हुई है। तीनों आरोपी थाना क्षेत्र के ही रायपुर गांव के रहने वाले हैं। पकड़े गए आरोपी अब तक एक हजार से अधिक लोगों को फर्जी पुलिस सत्यापन करा चुके हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सत्यापन सेल के प्रभारी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की फर्जी मुहर, लैपटाप और अन्य दस्तावेज बरामद किए हैं।

सांसद योगेंद्र चंदोलिया ने संसद में उठाया जलभराव का मुद्दा

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 8 अगस्त।

उत्तर पश्चिम दिल्ली से सांसद योगेंद्र चंदोलिया ने गुरुवार को लोकसभा में शून्यकाल के दौरान दिल्ली में टीकरी कलां से पीरागढ़ी चौक के साथ ही पूरे रोहतक रोड़ क्षेत्र में जल भराव की समस्या का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि एसे ही जलभराव की स्थिति पूरी दिल्ली में देखने को मिल रही है जो कि विकराल है। दिल्ली सरकार व दिल्ली नगर निगम पूरी तरह फेल हो गए हैं। उन्होने मांग की कि केंद्र सरकार के संबंधित मंत्री दिल्ली की खासकर उत्तर-पश्चिम दिल्ली की इस समस्या पर ध्यान देकर इसे हल करवाएं।

कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने की जनहित के मुद्दों को लेकर उपराज्यपाल से मुलाकात

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 8 अगस्त।

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने गुरुवार को पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ उपराज्यपाल वीके सक्सेना से मुलाकात की और राजधानी के जनहित के कई मुद्दों पर उनके साथ चर्चा की। उपराज्यपाल ने आश्वासन दिया कि प्रदेश कांग्रेस की ओर से रखे गए पहलुओं सकारात्मक सोच के साथ उचित पहल की जाएगी। कांग्रेस ने उपराज्यपाल को एक ज्ञापन भी सौंपा। उनके साथ पूर्व मंत्री मंगतराम सिंघल, दिल्ली संचार विभाग के चेयरमैन अनिल भारद्वाज, पूर्व विधायक जय किशन और डेयरी फार्म के कई मालिक मौजूद रहे।

विधायक दल की बैठक में भाजपा ने कहा-दिल्ली सरकार हर मोर्चे पर विफल

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 8 अगस्त।

दिल्ली विधानसभा में गुरुवार को भाजपा विधायक दल की बैठक हुई। बैठक में भाजपा नेताओं ने हर मोर्चे पर विफल दिल्ली सरकार की निंदा की। इस अवसर पर प्रस्ताव पारित कर उपराज्यपाल से दिल्ली सरकार को भंग करने की मांग की गई। वहीं, इससे पहले नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने अपना पदभार संभाला। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार को सत्ता में बने रहने का अधिकार नहीं है। बैठक में सभी विधायकों ने सुझाव दिया कि वर्तमान हालात को देखते हुए उपराज्यपाल को केंद्र सरकार को तुरंत यह रिपोर्ट भेजनी चाहिए कि दिल्ली सरकार पूरी तरह निष्क्रिय हो चुकी है।

अपहरण नहीं, नाराज होकर दोस्त से मिलने गाजियाबाद चली गई थी किशोरी

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 8 अगस्त।

नजफगढ़ थाना क्षेत्र में रहने वाली किशोरी का पिछले दिनों किसी ने अपहरण नहीं किया था, बल्कि किशोरी परिजनों से नाराज होकर दोस्त से मिलने के लिए घर से निकली थी। वह अपने दोस्त से मिलने नोएडा सेक्टर-62 गई थी, जहां उसका दोस्त मौजूद नहीं था। इसके बाद वह डासना गांव, गाजियाबाद पहुंची थी, जहां उसका दोस्त किराए के कमरे में रहता था। हालांकि, सूचना मिलने पर पुलिस ने तकरीबन 500-700 सीसीटीवी फुटेज की मदद से किशोरी को खोज निकाला।

उपराज्यपाल ने अधिकारियों को दिए निर्देश

दिल्ली में वाट्सएप पर जल्द मिलेंगे यातायात चालान

मानव इंटरफेस के बिना वसूली के लिए एआइ-आधारित स्वचालित नंबर प्लेट पहचान कैमरे लगाने का भी निर्देश।

परिवहन विभाग और यातायात पुलिस के बीच बेहतर समन्वय और दोहराव से बचने का भी किया गया आह्वान।

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 8 अगस्त।

दिल्लीवासियों को जल्द ही वाट्सएप पर यातायात चालान मिलेंगे। इस संबंध में गुरुवार को उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने एक बैठक में यातायात पुलिस को इस प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया है। दिल्ली में यातायात की स्थिति के मद्देनजर उपराज्यपाल ने हर पखवाड़े पर स्थिति की समीक्षा शुरू कर दी है।

उन्होंने सड़क के किनारे, फ्लाईओवरों, खासकर बसों के अवैध पार्किंग को लेकर चिंता जताई है, जिससे यात्रियों को असुविधा होती है और बढ़ते प्रदूषण के अलावा सड़क सुरक्षा से समझौता होता है। सक्सेना ने दिल्ली में यातायात से संबंधित विभिन्न मुद्दों की समीक्षा की। राजनिवास के अधिकारियों ने कहा कि बैठक में यातायात के विशेष आयुक्त (जोन एक और दो) और परिवहन आयुक्त मौजूद थे। उन्होंने यातायात पुलिस से यह भी आग्रह किया कि वह वाणिज्यिक वाहनों में अधिक भार और यात्री बसों में भीड़भाड़ की जांच के लिए परिवहन विभाग के साथ संयुक्त टीमें गठित करें। राजनिवास अधिकारी ने कहा कि इससे उल्लंघनकर्ताओं को चालान के बारे में समय पर जानकारी मिलेगी और उन्हें कहीं भी और कभी भी चालान का भुगतान करने की सुविधा मिलेगी। इससे चालान की वसूली की दर भी बढ़ेगी। मानव इंटरफेस के बिना वसूली के लिए एआइ-आधारित स्वचालित नंबर प्लेट पहचान कैमरे लगाने का भी निर्देश दिया गया।

सक्सेना ने परिवहन विभाग, यातायात पुलिस के बीच बेहतर समन्वय और दोनों विभागों द्वारा काम की दोहराव से बचने के लिए परियोजना में यातायात पुलिस की आवश्यकताओं को एकीकृत करने का भी आह्वान किया।

गला दबाकर लूटपाट के दो आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली, 8 अगस्त (संवाददाता)।

पालम गांव थाना क्षेत्र में व्यायाम शाला जा रहे एक शख्स के साथ गला दबाकर लूटपाट की गई। पुलिस ने बताया कि घटना की जानकारी बुधवार दोपहर करीब 03:30 बजे मिली थी। हालांकि पुलिस ने कुछ घंटे बाद ही दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान साध नगर, पालम निवासी सूरज (24), सोनू (20) के तौर पर की गई है।

दक्षिणी पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त रोहित मीणा ने बताया कि पीड़ित ने पुलिस को जानकारी दी कि वह व्यायाम शाला जा रहे था, तभी पीछे से आए बदमाशों ने गली में दबोच लिया और गला दबा कर लूटपाट के बाद फरार हो गए।

उपराज्यपाल ने जाली हस्ताक्षर मामले में दी मंजूरी

आइएएस अधिकारी उदित प्रकाश राय के खिलाफ चलेगा मुकदमा

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 8 अगस्त।

उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने आइएएस अधिकारी उदित प्रकाश राय के खिलाफ उनके वार्षिक प्रदर्शन मूल्यांकन रपट पर दो केंद्र शासित प्रदेशों के तीन मुख्य सचिवों के हस्ताक्षर कथित रूप से जाली बनाने के लिए मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी।

उन्होंने कहा कि उपराज्यपाल ने आगे की कार्रवाई के लिए मामले की सिफारिश गृह मंत्रालय से भी की है। अधिकारियों ने कहा कि 2007 बैच के आइएएस अधिकारी राय ने कथित तौर पर 2017 और 2021 के बीच अपने समीक्षा प्राधिकरण - अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और दिल्ली के मुख्य सचिवों के हस्ताक्षर जाली बनाए। उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार के विशेष सचिव (सतर्कता) की शिकायत पर आइपी एस्टेट पुलिस स्टेशन में राय के खिलाफ जालसाजी का आपराधिक मामला दर्ज किया गया है।

इनके हस्ताक्षर किए थे

सतर्कता निदेशालय के अधिकारी ने बताया कि राय ने 1 अप्रैल 2017 से 8 अक्तूबर 2017 और 9 अक्तूबर 2017 से 31 मार्च 2018 की अवधि के लिए अपनी वार्षिक प्रदर्शन मूल्यांकन रपट (एपीएआर) में अपने तत्कालीन रिपोर्टिंग प्राधिकारी-अंडमान और निकोबार प्रशासन में तत्कालीन प्रमुख सचिव (राजस्व) एससीएल दास और समीक्षा प्राधिकारी, वहां के तत्कालीन मुख्य सचिव अनिंदो मजूमदार के जाली हस्ताक्षर किए। एक अप्रैल 2019 से 30 जुलाई 2019 की अवधि के लिए रिपोर्टिंग प्राधिकारी, अंडमान और निकोबार प्रशासन में तत्कालीन प्रमुख सचिव (राजस्व) विक्रम देव दत्त और समीक्षा प्राधिकारी, वहां के तत्कालीन मुख्य सचिव चेतन भूषण सांघी के जाली हस्ताक्षर किए। बता दें कि राय दिल्ली से बाहर तैनात हैं और भ्रष्टाचार से संबंधित एक अन्य मामले में निलंबित हैं।

अलग-अलग मेट्रो स्टेशनों पर दो लोगों ने दी जान

नई दिल्ली, 8 अगस्त (संवाददाता)।

दिल्ली मेट्रो स्टेशनों पर गुरुवार को दो बड़े हादसे हुए। पहला हादसा यमुना बैंक मेट्रो स्टेशन पर हुआ। यहां एक व्यक्ति ने मेट्रो के आगे कूदकर खुदकुशी कर ली। वहीं दूसरा हादसा महाराजा सूरजमल मेट्रो स्टेशन पर हुआ, जहां ऊपरी मंजिल से कूदकर एक व्यक्ति ने जान दे दी।

ब्लू लाइन के यमुना बैंक स्टेशन पर एक यात्री ने मेट्रो के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। इस घटना के कारण सुबह सवा दस बजे से साढ़े दस बजे तक 15 मिनट के लिए मेट्रो का परिचालन प्रभावित रहा। पुलिस अधिकारी ने बताया कि व्यक्ति के पास से एक 'सुसाइड नोट' भी मिला है, जिसमें लिखा है कि आर्थिक तंगी और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण उसने यह कदम उठाया। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और उस व्यक्ति को लाल बहादुर शास्त्री (एलबीएस) अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी पहचान नवीन (50) के रूप में हुई है। वह गांधी नगर क्षेत्र का रहने वाला था।

समझाने पर किसी की न सुनी और लगा दी छलांग

ग्रीन लाइन के महाराजा सूरजमल मेट्रो स्टेशन के पास एक व्यक्ति ने कूदकर जान दे दी। उसकी पहचान हरीश के रूप में हुई है। वह रोहिणी सेक्टर-सात का रहने वाला था। हरीश दोपहर करीब 1:03 बजे स्टेशन के ऊपरी तल की दीवार पर कूदने के लिए चढ़ गया। बल के जवानों ने जैसे ही देखा तो कंबल लेकर नीचे खड़े हो गए। उन्होंने समझाने की कोशिश भी की लेकिन हरीश ने छलांग लगा दी।

फर्जी पुलिस मुठभेड़ में मौत होने पर प्राथमिकी जरूरी : हाई कोर्ट

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 8 अगस्त।

दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा है कि कथित तौर पर फर्जी पुलिस मुठभेड़ में किसी व्यक्ति की मौत होने पर प्राथमिकी दर्ज किया जाना अनिवार्य है।

न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की पीठ ने सत्र न्यायालय के आदेश के खिलाफ राज्य की याचिका खारिज कर दी, जिसमें एक व्यक्ति की पीछा करने के दौरान गोली लगने से हुई मौत के बाद दिल्ली पुलिस की छापेमारी टीम के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के मजिस्ट्रेट के निर्देश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया गया था। अदालत ने कहा कि चूंकि राकेश (पीड़ित) की पीठ के निचले हिस्से पर गोली के निशान के अलावा पांच अन्य जगह गुम चोट आई थीं, इसलिए यह स्थापित किया जाना था कि क्या उसे बेरहमी से पीटा गया था।

अदालत ने हाल ही में दिए आदेश में कहा कि जांच करके यह पता लगाने की आवश्यकता है कि यह हत्या का मामला था या मुठभेड़ का... स्पष्ट रूप से, कोई भी पुलिस अधिकारी घायल नहीं हुआ, जबकि दावा किया गया था कि व्यक्तियों ने उन पर भी गोली चलाई थी। राकेश की मौत के लिए जिम्मेदार परिस्थितियों को स्पष्ट किए जाने की आवश्यकता है।

दिल्ली सरकार को हाई कोर्ट का निर्देश

चार माह में सुधारें जेलों के शौचालयों की हालत

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 8 अगस्त।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली सरकार को गुरुवार को निर्देश दिया कि वह राजधानी के सभी जेल परिसरों में शौचालयों की स्थिति का निरीक्षण करने के बाद चार महीने के भीतर उनका नवीनीकरण और मरम्मत करे।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने कहा कि तिहाड़ जेल का निरीक्षण करने वाले न्यायाधीशों की ओर से दाखिल एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए पाया कि शौचालयों की स्थिति संतोषजनक नहीं है और कुछ कैदियों द्वारा स्वेच्छा से सफाई का काम किया जा रहा है। सफाई उपकरणों की कमी पाई गई और कुछ शौचालय इस्तेमाल करने की स्थिति में नहीं मिले हैं। अदालत ने अधिकारियों से कहा कि वे प्रत्येक जेल परिसर में शौचालयों की साफ-सफाई के लिए अनुबंध सहित पर्याप्त संख्या में कर्मचारी नियुक्त करें तथा उन कैदियों को अकुशल श्रम के लिए निर्धारित न्यूनतम मजदूरी का भुगतान करें जो स्वेच्छा से सफाई का काम कर रहे हैं।

उच्च न्यायालय का यह आदेश तिहाड़ जेल में हाथ से मैला साफ करने के आरोप वाली एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान आया। दिल्ली सरकार के वकील संतोष कुमार त्रिपाठी ने कहा कि शौचालयों की स्थिति ठीक नहीं है और साफ-सफाई के मुद्दे हैं। लोक निर्माण विभाग को शौचालयों की स्थिति के संबंध में सभी जेल परिसरों का गहन निरीक्षण करने का निर्देश दिया जाता है। यदि किसी मरम्मत कार्य की आवश्यकता है, तो उपयुक्त प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाएं।

दिल्ली में बारिश बनी मुसीबत

जलभराव और पेड़ गिरने से लोग परेशान

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 8 अगस्त।

राजधानी दिल्ली में दो दिन से हो रही बारिश लोगों के लिए मुसीबत बन गई है। गुरुवार को बारिश के कारण दिल्ली में कई इलाकों में जलभराव और गई जगहों पर पेड़ गिरने की शिकायत दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) को मिलीं। वहीं, कई स्थानों पर लोगों को जाम की वजह से परेशानी का सामना करना पड़ा।

बता दें कि एमसीडी को आया नगर, रोहिणी सेक्टर 24, मुबारकपुर डबास, जीवन पार्क, अशोक विहार सहित 18 जगहों पर जलभराव की शिकायतें सुबह छह बजे से शाम छह बजे तक मिलीं। पेड़ गिरने की 16 जगहों से शिकायतें मिलीं, जिनमें द्वारका सेक्टर एक, त्रिलोकपुरी, साकेत, डिफेंस कालोनी, पालम एक्सटेंशन इत्यादि हैं। वहीं, दिल्ली के कई इलाके ऐसे हैं जहां कई दिनों से सड़कों पर जलभराव पहले से था। दो दिन हुई बारिश ने परिस्थितियों को और अधिक बिगाड़ दिया है।

आज भी बारिश और बादल छाए रहने की संभावना

फाइल फोटो

दिल्ली में बारिश के कारण गुरुवार सुबह लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली। न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.5 डिग्री कम 25.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम कार्यालय ने शुक्रवार को भी बादल छाए रहने और हल्की बारिश का अनुमान जताया है। अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) के अनुसार, सुबह साढ़े आठ बजे आर्द्रता 95 प्रतिशत दर्ज की गई।

कोचिंग सेंटर हादसा

मजिस्ट्रेट जांच में एमसीडी, अग्निशमन विभाग पर कदाचार का आरोप

नई दिल्ली, 8 अगस्त (संवाददाता)।

दिल्ली स्थित एक कोचिंग सेंटर के 'बेसमेंट' में पानी भर जाने से सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे तीन अभ्यर्थियों की मौत होने के मामले की मजिस्ट्रेट जांच में पता चला है कि दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) और अग्निशमन विभाग ने कई कानूनों का उल्लंघन किया है।

राजस्व मंत्री को बुधवार को सौंपी रपट में कहा गया है कि 'राव आइएएस स्टडी सर्किल' के मालिक और प्रबंधन भी छात्रों के जीवन की परवाह किए बिना 'बेसमेंट' का खतरनाक तरीके से दुरुपयोग कर आपराधिक लापरवाही के लिए जिम्मेदार हैं। रपट से पता चला कि इमारत में नियमों के उल्लंघन की एमसीडी और अग्निशमन विभाग के अधिकारियों को पहले से जानकारी थी, लेकिन उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की। जिला मजिस्ट्रेट (मध्य) द्वारा की गई जांच से पता चला कि जिस इमारत में कोचिंग सेंटर संचालित किया जा रहा था, उसके पास 'कार्यालय/व्यावसायिक' उपयोग की अनुमति थी, जिसके लिए आग संबंधी किसी अनापत्ति प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं थी।

परेशानी

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के एकीकृत प्रबंधन में तकनीकी समस्या

यूपी के बाद बिहार के राशनकार्ड धारकों को नहीं मिल रहा राशन

अनामिका सिंह
नई दिल्ली, 8 अगस्त।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के एकीकृत प्रबंधन (आइएमपीडीएस) के माध्यम से देशभर के राशनकार्डधारी राजधानी दिल्ली में राशन का लाभ 'वन नेशन-वन राशनकार्ड (ओएनओआरसी)' के तहत उठा रहे हैं। लेकिन पिछले कई महीनों से आइएमपीडीएस के सर्वर में तकनीकी दिक्कतों के चलते पहले यूपी के कार्डधारियों को राशन लेने में परेशानी आ रही थी। वहीं, अगस्त माह से अब बिहार के राशनकार्डधारियों को भी उनके हक का राशन नहीं मिल रहा है।

बता दें कि दिल्ली में हर महीने राशन वितरण पहली तारीख से प्रारंभ कर दिया जाता है। दिल्ली में राशन का वितरण आधार सक्षम सार्वजनिक वितरण प्रणाली (एईपीडीएस) द्वारा किया जाता है जबकि अन्य राज्यों में राशन वितरण आइएमपीडीएस के माध्यम से होता है। जिससे अन्य राज्यों से आए करीब चार लाख राशनकार्डधारियों को हर महीने दिल्ली में तकनीकी दिक्कतों की वजह से राशन लेने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। हर महीने जब आइएमपीडीएस में आने वाली दिक्कतों को सुधारा जाता है, तब तक दिल्ली में कई लाख प्रवासी राशनकार्डधारी, अपने हक का राशन लेने से चूक जाते हैं, क्योंकि दिल्ली में राशन की दुकानों में खाद्यान्न खत्म हो चुका होता है। इस बाबत पूछे जाने पर दिल्ली सरकारी राशन डीलर्स संघ (डीएसआरडीएस) के महासचिव सौरभ गुप्ता ने बताया कि बिहार और यूपी के बहुत सारे राशनकार्ड धारियों राशन वितरण करते समय ई-पोस मशीन पर दोबारा प्रयास करें, लेन-देन विफल, कार्ड नहीं मिला इत्यादि लिखा आ रहा है। जबकी अभी तक ये लोग प्रतिमाह ओएनओआरसी के तहत खाद्यान्न ले रहे थे। सर्वर इत्यादि की समस्या के चलते का लेन-देन निरस्त हो रहा है।

एक तारीख से ही कई राशन की दुकानों में लाइन में लग चुका हूं, जैसे ही नंबर आता है तो पता चलता है कि राशन नहीं मिलेगा क्योंकि परेशानी हो गई है। रोज-रोज राशन के लिए लाइन में लगने से काम पर भी नहीं जा पा रहा हूं।
-महेंद्र सिंह, बिहार राशनकार्डधारी

मेरा पिछले महीने का राशन भी नहीं मिला क्योंकि जब तक यूपी का राशन चालू हुआ तो हमारे अगल-बगल की राशन की दुकानों में राशन ही खत्म हो गया था। इस महीने भी यही हाल है, कोटाधारक मशीन नहीं चलने की बात बोल रहे हैं।
-रानी, यूपी राशनकार्डधारी

पंजाबी बाग में लूट का मामला

शिकायतकर्ता ही निकला मुख्य षड्यंत्रकारी, दो दबोचे

नई दिल्ली, 8 अगस्त (संवाददाता)।

पंजाबी बाग थाना क्षेत्र में तीन अगस्त को हुई छह लाख की लूटपाट की साजिश किसी और ने नहीं, बल्कि शिकायतकर्ता ने ही रची थी। पुलिस ने लूटपाट में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल नंबर के आधार पर दो आरोपियों को दबोचा है, जबकि गिरोह में शामिल तीन आरोपी फरार हैं। आरोपियों की पहचान सुलेमान नगर निवासी मुख्य साजिशकर्ता शिव कुमार व राज के तौर पर की है। पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त विचित्र वीर ने बताया कि तीन अगस्त को पंजाबी बाग पुलिस को फोन कर एक शख्स ने बताया कि जब वह मालिक के छह लाख रुपए और चार मोबाइल लेकर आ रहा था, तभी बदमाश बैग लूट कर फरार हो गए थे।

AXIS BANK LTD.

अचल संपत्ति की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना

खुदरा ऋण एवं भुगतान समूह (स्थानीय कार्यालय/शाखा): जी–9, मन्ना ट्रिनिटी मॉल, 3एफ–24, स्वेज फार्म, न्यू सांगानेर रोड जयपुर एक्सिस बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, गीगाप्लेक्स, एनपीसी–1, टीटीसी एरिया मुगलसन रोड, ऐरोली, नवी मुंबई –400 708, कार्यालय: "त्रिशूल", तीसरी मंजिल समर्थेश्वर मंदिर लॉ गार्डन के सामने, एलिसब्रिज अहमदाबाद –380006।

वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई–नीलामी बिक्री सूचना, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान के साथ पठित।

आम जनता को तथा विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं) एवं गारंटर(ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार के पास बंधक/प्रभारित है, जिसका भौतिक कब्जा सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, जिसे ऋण संख्या पीसीआर0636025724 38 में सुरक्षित लेनदार श्री केवल कृष्ण एवं श्रीमती नीलू रैना को देय भविष्य के ब्याज एवं लागतों सहित 03.08.2024 को बकाया रु. 34,51,956/– (रु. चौंतीस लाख इक्यावन हजार नौ सौ छप्पन मात्र) की वसूली के लिए 29–अगस्त–2024 को बेचा जाएगा। कृपया आवश्यक विवरण के लिए संलग्न नीलामी अनुसूची देखें:–

ज्ञात बाधाएँ (यदि कोई हो)	नहीं
आरक्षित मूल्य (रुपये में)	28,40,000/– रुपये (अट्ठाईस लाख चालीस हजार रुपये मात्र)
बयाना राशि जमा (रुपये में)	रु. 2,84,000/–(दो लाख चौरासी हजार रुपये मात्र) डीडी/पीओ के माध्यम से 'एक्सिस बैंक लिमिटेड' के पक्ष में दिल्ली में देय
वृद्धिशील राशि की बोली लगाएं	रु. 10,000/ (रु. दस हजार मात्र)
ईएमडी के साथ बोलियां/निविदा जमा करने की अंतिम तिथि, समय और स्थान	27 अगस्त 2024 तक शाम 5:00 बजे तक एक्सिस हाउस, टॉवर–2, द्वितीय तल, 1–14, सेक्टर–128, नोएडा एक्सप्रेसवे, जेपी ग्रीन्स विशटाउन, नोएडा–201301, उत्तर प्रदेश, श्री मुकेश सिंह को संबोधित
सार्वजनिक एवं नीलामी के लिए दिनांक, समय और स्थान	29– अगस्त–2024 को, सुबह 11.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे के बीच ऐवेपोर्टल **https://www.bankeauctions.com** पर प्रत्येक 5 मिनट के असीमित एक्सटेंशन के साथ। ई–नीलामी निविदा दस्तावेज जिस में ई–नीलामी बोली प्रपत्र, घोषणा आदि शामिल हैं, ऊपर बताए अनुसार सेवा प्रदाता की वेब साइट पर उपलब्ध हैं।

संपत्ति का विवरण–अनुसूची: – प्रथम तल पर व्यावसायिक दुकान संख्या 129, जिसका सुपर एरिया 320 वर्ग फीट (लगभग 29.72 वर्ग मीटर) है, तथा कवर्ड एरिया 194 वर्ग फीट (लगभग 18.02 वर्ग मीटर) है, जो क्रॉसिंग रिपब्लिक, डुंडाहेड़ा, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश के नाम से जानी जाने वाली टाउनशिप में सी–3 में 'पंचील स्क्वायर' नाम और शैली के तहत निर्मित व्यावसायिक स्थल पर है। पूर्व: सड़क–30 मीटर, पश्चिम: अन्य संपत्ति, उत्तर: अन्य संपत्ति, दक्षिण: सड़क–45 मीटर। बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानी https://www.axisbank.com/auction.retail और बैंक के अनुमोदित सेवा प्रदाता मेसर्स सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के वेबपोर्टल **https://www.bankeauctions.com** पर दिए गए लिंक को देखें।
नीलामी बैंक के अनुमोदित सेवा प्रदाता मेसर्स सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से उनके वेबपोर्टल **https://www.bankeauctions.com** पर ऑनलाइन आयोजित की जाएगी।
किसी भी अन्य सहायता के लिए, इच्छुक बोलीदाता श्री मुकेश सिंह , मोबाइल नंबर + 91–9873015430 बैंक के अधिकृत अधिकारी कार्यालय समय के दौरान सुबह 10 बजे से शाम 4:00 बजे तक से संपर्क कर सकते हैं।

दिनांक: 09.08.2024, स्थान: नोएडा **हस्ता/–, (प्राधिकृत अधिकारी), एक्सिस बैंक लिमिटेड।**

अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह समन्वित विकास निगम लिमिटेड (अनिडको) पोर्टब्लेयर

रिक्ति सूचना

1. वरिष्ठ प्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासन): 01 पद
2. डेयरी टेक्नोलॉजिस्ट: 01 पद

अनिडको में अनुबंध के आधार पर उपरोक्त पदों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं । विस्तृत नियम एवं शर्तें तथा आवेदन प्रारूप वेबसाइट **https://www.andaman.gov.in** तथा **http://aniidco.and.nic.in** से रिक्ति लिंक के अंतर्गत डाउनलोड किया जा सकता है । आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 10/09/2024 (शाम 5:00) बजे है। स्पष्टीकरण के लिए वरिष्ठ प्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासन): 03192–231318 से संपर्क करें ।

महाप्रबंधक (का. एवं प्रशा.)
अनिडका

दि न्यू इन्डिया एश्योरन्स कंपनी लिमिटेड
The New India Assurance Co. Ltd

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ

ISO 27001 Certified

एश्योरन्स ऑफ दि लीडर

सकल लिखित प्रीमियम	कर पश्चात लाभ	सॉल्वेंसी अनुपात
₹11,788 करोड़	₹217 करोड़	1.83 बार

30 जून 2024 को समाप्त तिमाही के लिए स्टैंडअलोन और समेकित अनऑडिटेड वित्तीय परिणाम का सारांश

(रु. करोड़ में)

अ. क्र.	विवरण	एकल (स्टैंडअलोन)				समेकित			
		समाप्त तिमाही			समाप्त अवधि	समाप्त तिमाही			समाप्त अवधि
		30 जून 2024	31 मार्च 2024	30 जून 2023	31 मार्च 2024	30 जून 2024	31 मार्च 2024	30 जून 2023	31 मार्च 2024
1	सकल लिखित प्रीमियम	11,788	10,572	11,362	41,996	11,888	10,625	11,493	42,348
2	निवल लिखित प्रीमियम	9,577	8,769	9,182	34,407	9,630	8,792	9,253	34,589
3	कर पूर्व लाभ	256	520	311	1,445	272	470	318	1,412
4	कर पश्चात लाभ	217	354	260	1,129	233	308	266	1,091
5	सॉल्वेंसी अनुपात (बार)	1.83	1.81	1.85	1.81	–	–	–	–
6	निवल मूल्य	21,343	21,135	20,250	21,135	22,061	21,846	21,035	21,846
7	अर्जन प्रति शेयर (निरपेक्ष आंकडे)	1.32	2.15	1.58	6.85	1.46	1.89	1.58	6.78

नोट: 1. उपरोक्त सेबी (सूचीयन बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम 2015 के विनियम 33 एवं विनियम 52 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंजों में दाखिल समाप्त तिमाही के वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश है। समाप्त तिमाही के वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट (www.bseindia.com और www.nseindia.com) और कंपनी की वेबसाइट (www.newindia.co.in) पर उपलब्ध हैं।
2. उपरोक्त वित्तीय परिणामों का कंपनी के सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा लेखा परीक्षण किया गया है और योग्य राय के साथ उनकी लेखापरीक्षा रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट पर उपलब्ध है। वेबसाइट पर पथ: About Us>> Investors>> Finance>> Quarterly Results
3. उपरोक्त परिणामों की लेखा परीक्षा समिति द्वारा समीक्षा की गई और बोर्ड द्वारा 8 अगस्त 2024 को आयोजित अपनी बैठक में अनुमोदित किया है।

कृते निदेशक मंडल की ओर से
हस्ता./–
गिरीजा सुब्रमण्यन
अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक
डीआईएन 09196957

स्थान : मुंबई
तारीख : 8 अगस्त 2024

24X7 - टोल फ्री
1800-209-1415

www.newindia.co.in

NEW INDIA ASSURANCE
दि न्यू इन्डिया एश्योरन्स कंपनी लिमिटेड
The New India Assurance Co. Ltd

पंजीकृत और प्रधान कार्यालय: न्यू इंडिया एश्योरेंस बिल्डिंग, 87, एम.जी. रोड, फोर्ट, मुंबई–400 001, भारत

IRDAI REGN No. 190 CIN : L66000MH1919G01000526

medanta

ग्लोबल हेल्थ लिमिटेड

CIN: L85110DL2004PLC128319
पंजीकृत कार्यालय : मेदांता मेडिक्लिनिक, ई–18, डिफेंस कॉलोनी, नई दिल्ली 110024, भारत
निगमित कार्यालय : मेदांता – दि मेडिसिटी, सेक्टर – 38, गुरुग्राम, हरियाणा 122001, भारत
दूरभाष : +91 124 483 4060, ई–मेल : compliance@medanta.org, वेबसाइट : https://www.medanta.org

30 जून 2024 को समाप्त तिमाही के समेकित अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का सारॉश

(रु. मिलियन में, ईपीएस छोड़कर)

क्र. सं.	विवरण	समाप्त तिमाही 30.06.2024 (अलेखापरीक्षित)	समाप्त तिमाही 30.06.2023 (अलेखापरीक्षित)	समाप्त वर्ष 31.03.2024 (लेखापरीक्षित)
1	परिचालनों से कुल आय	8,610.77	7,795.80	32,751.11
2	अवधि हेतु निवल लाभ (कर एवं आपवादिक मदों से पूर्व)	1,436.52	1,410.42	6,270.99
3	कर पूर्व अवधि हेतु निवल लाभ (आपवादिक मदों के उपरॉत)	1,436.52	1,410.42	6,270.99
4	कर उपरॉत अवधि हेतु निवल लाभ (आपवादिक मदों के उपरॉत)	1,062.64	1,020.10	4,780.60
5	अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु लाभ (कर पश्चात्) तथा अन्य व्यापक आय (कर पश्चात्) से समाविष्ट]	1,042.37	996.02	4,771.22
6	प्रदत्त समता अंश पूंजी	537.01	536.54	537.01
7	आरक्षितियॉ (पुनर्मूल्यॉकन आरक्षित छोड़कर)			28,519.26
8	आय प्रति अंश (रु. 2/– प्रत्येक का) मूलभूत : तरलीकृत :	3.96 3.96	3.80 3.80	17.80 17.80

30 जून 2024 को समाप्त तिमाही के एकल अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का सारॉश

(रु. मिलियन में)

क्र. सं.	विवरण	समाप्त तिमाही 30.06.2024 (अलेखापरीक्षित)	समाप्त तिमाही 30.06.2023 (अलेखापरीक्षित)	समाप्त वर्ष 31.03.2024 (लेखापरीक्षित)
1	परिचालनों से राजस्व	6,114.49	5,505.07	22,800.08
2	अवधि हेतु निवल लाभ (कर एवं आपवादिक मदों से पूर्व)	1,297.43	1,157.39	4,886.71
3	कर पूर्व अवधि हेतु निवल लाभ (आपवादिक मदों के उपरॉत)	1,297.43	1,157.39	4,886.71
4	कर उपरॉत अवधि हेतु निवल लाभ (आपवादिक मदों के उपरॉत)	962.84	862.12	3,608.91
5	अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु लाभ (कर पश्चात्) तथा अन्य व्यापक आय (कर पश्चात्) से समाविष्ट]	943.85	840.73	3,597.75

टिप्पणियॉ :

1) इन परिणामों की समीक्षा एवं संस्तुति, लेखापरीक्षण समिति द्वारा की गई है तथा तद्नुसार कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा 8 अगस्त 2024 को आयोजित अपनी संबंधित बैठकों में इनका अनुमोदन किया गया। परिणाम, कंपनी के सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा सीमित समीक्षा के अधीन हैं।
2) उपरोक्त सारॉश, सेबी (सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकतायें) विनियमावली 2015 के विनियम 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंजों के पास फाइलबद्ध वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सारॉश है। समेकित एवं एकल त्रैमासिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप, स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइटों (www.bseindia.com एवं www.nseindia.com) पर तथा कंपनी की वेबसाइट https://www.medanta.org पर भी उपलब्ध है।

बोर्ड के आदेशानुसार
कृते **ग्लोबल हेल्थ लिमिटेड**
हस्ता./–
डा. नरेश त्रेहन
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

स्थान : गुरुग्राम
दिनांक : 08 अगस्त, 2024

Bharat Rasayan Limited

CIN: L24119DL1989PLC036264
Regd. Office: 1501, Vikram Tower, Rajendra Place, New Delhi-110008
Email: investors.brl@bharatgroup.co.in Website: www.bharatgroup.co.in

EXTRACT OF STATEMENT OF STANDALONE AND CONSOLIDATED UN-AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND THREE MONTHS ENDED JUNE 30, 2024 (₹ in Lacs)

Particulars	Standalone				Consolidated			
	Quarter ended			Year ended	Quarter ended			Year ended
	30.06.2024 (Un-Audited)	31.03.2024 (Audited)	30.06.2023 (Un-Audited)	31.03.2024 (Audited)	30.06.2024 (Un-Audited)	31.03.2024 (Audited)	30.06.2023 (Un-Audited)	31.03.2024 (Audited)
Total Income from Operations	28,220	30,962	23,920	104,463	28,220	30,962	23,920	104,463
Net Profit before Tax and Exceptional Items	3,670	7,283	135	10,942	5,302	8,403	771	12,332
Net Profit before Tax (after Exceptional Items)	3,670	7,286	135	10,942	5,302	8,406	771	12,332
Net Profit after Tax (after Exceptional Items)	2,680	5,591	73	8,161	4,312	6,711	709	9,551
Total Comprehensive Income (Comprising Profit/Loss after tax and other Comprehensive Income after tax)	2,673	5,601	73	8,137	4,305	6,721	709	9,527
Equity Share Capital [4155268 shares of ₹10/- each]	415.52	415.52	415.52	415.52	415.52	415.52	415.52	415.52
Earning per share (of ₹10/- each) [*Not annualised]								
- Basic	64.50 *	134.55 *	1.76 *	196.40	103.77 *	161.51 *	17.06 *	229.86
- Diluted	64.50 *	134.55 *	1.76 *	196.40	103.77 *	161.51 *	17.06 *	229.86

Notes:

1 The above Standalone and Consolidated Un-Audited Financial Results is an extract of the detailed format of financial results for the quarter and three months ended 30th June, 2024 filed with the Stock Exchange under applicable Regulation of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the quarterly financial results are available at the Website of the Company (www.bharatgroup.co.in) and National Stock Exchange of India Limited (www.nseindia.com) where the Company's shares are listed.

2 The above Standalone and Consolidated Un-Audited Financial Results for the quarter and three months ended June 30, 2024 were reviewed by the Audit Committee and thereafter approved by the Board of Directors in their meeting held on August 8, 2024.

3 The above Un-Audited Financial Results is subject to Limited Review Report as furnished by the Statutory Auditors and approved by the Board of Directors of the Company as required under applicable Regulation of the SEBI (LODR), Regulations, 2015.

BY ORDER OF THE BOARD
For BHARAT RASAYAN LIMITED
Sd/-
(S.N.GUPTA)
Chairman & Managing Director
DIN: 00024660

NEW DELHI
AUGUST 8, 2024

ल्यूमैक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड

LUMAX DK JAIN GROUP

पंजी. कार्यालय : द्वितीय तल, हरबंस भवन–II, कमर्शियल कॉम्पलेक्स, नांगल राया, नई दिल्ली–110046
वेबसाइट: www.lumaxworld.in/lumaxindustries, दूरभाष : +91 11 49857832
ईमेल : lumaxshare@lumaxmail.com, सीआईएन : L74899DL1981PLC012804

30 जून 2024 को समाप्त तिमाही के लिये समेकित अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार

(₹ लाख में, जब तक कि अन्यथा उल्लेख हो)

विवरण	समाप्त तिमाही 30 जून, 2024 (अनंकेक्षित)	समाप्त वर्ष 31 मार्च, 2024 (अंकेक्षित)	समाप्त तिमाही 30 जून, 2023 (अनंकेक्षित)
परिचालन से कुल राजस्व	**76,579.38**	**2,63,659.47**	**61,843.79**
अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण और/या असाधारण मदों से पूर्व)	**2,742.26**	**10,105.76**	**2,298.67**
कर पूर्व अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/या असाधारण मदों के पश्चात)	**4,612.43**	**15,917.39**	**3,385.84**
कर पश्चात अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/या असाधारण मदों के पश्चात)	**3,417.64**	**11,101.83**	**2,311.62**
अवधि के लिए कुल व्यापक आय (इसमें अवधि के लिए लाभ/(हानि) (कर पश्चात) और अन्य व्यापक आय (कर पश्चात) शामिल है)	**3,378.25**	**10,830.57**	**2,305.20**
इक्विटी शेयर पूंजी	**934.77**	**934.77**	**934.77**
पिछले वर्ष की लेखापरीक्षित बैलेंस शीट में दर्शाए अनुसार रिजर्व (पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर)		**66220.02**	
प्रति शेयर अर्जन (प्रति शेयर 10 रुपये का अंकित मूल्य) (वार्षिक नहीं) मूल एवं तरल (रुपये में)	**36.56**	**118.77**	**24.73**
स्टैंडअलोन वित्तीय परिणामों की मुख्य जानकारी इस प्रकार है:			
परिचालन से कुल राजस्व	**76,579.38**	**2,63,659.47**	**61,843.79**
कर पूर्व सामान्य गतिविधियों से शुद्ध लाभ	**2,711.79**	**12,608.50**	**2,277.98**
कर पूर्व अवधि के लिए शुद्ध लाभ	**2,711.79**	**12,608.50**	**2,277.98**
कुल व्यापक आय	**1,936.13**	**8,401.57**	**1,501.73**

टिप्पणीयॉं :

1. ल्यूमैक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड ("द होल्डिंग कंपनी"), इसकी सहायक कंपनियों (एक साथ "दि ग्रुप" के तौर पर संदर्भित) और सहयोगी के उपर्युक्त समेकित वित्तीय परिणामों की लेखा परीक्षा समिति ने समीक्षा कर ली है और निदेशक मंडल ने 08 अगस्त, 2024 को आयोजित अपनी बैठक में अनुमोदन किया है। सांविधिक लेखा परीक्षक ने होल्डिंग कंपनी के उपरोक्त समेकित वित्तीय परिणाम की सीमित समीक्षा की है।
2. उपर्युक्त सेबी (सूचीकरण दायित्व और प्रकटन अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अधीन स्टॉक एक्सचेंजों के पास प्रस्तुत 30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सार है। 30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए वित्तीय परिणामों के पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइटों अर्थात एनएसई (www.nseindia.com) और बीएसई (www.bseindia.com) तथा कंपनी की वेबसाइट (www.lumaxworld.in/lumaxindustries) पर भी उपलब्ध है।

निदेशक मंडल के लिये तथा उनकी ओर से
ल्यूमैक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड

दीपक जैन
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
DIN: 00004972

स्थान : गुरूग्राम
तिथि : 8 अगस्त, 2024

www.readwhere.com

कल्पमेधा

बहुत सारे लोगों के जीवन की ज्यादातर असफलताएं, सफलता के बहुत पास पहुंचने का अनुभव न कर पाने पर निराश होकर प्रयत्न न करने के कारण हैं।

– थामस एडिसन

आरोप की बुनियाद

पिछले कुछ वर्षों से धनशोधन के आरोपों के तहत प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी और सीबीआइ की ओर से छापे या गिरफ्तारियों के मामले सुर्खियों में रहे हैं। इसके अलावा, ऐसे कई मामलों में होने वाली कार्रवाइयों की जैसी प्रकृति देखी गई, उसमें अब ईडी को विपक्ष की आवाज को दबाने का औजार बनाए जाने के आरोप भी लगने लगे हैं। इस मसले पर खुद सुप्रीम कोर्ट की ओर से भी प्रवर्तन निदेशालय को एहतियात बरतने या हिदायत देने की कोशिश हो चुकी है। मगर आज भी ऐसे आरोपों में साक्ष्यों को लेकर शायद गंभीरता नहीं आ पाई है या फिर इसमें एक परिपक्व दृष्टि का अभाव दिखता है। शायद यही वजह है कि बुधवार को एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट ने धनशोधन के मामलों में दोषसिद्धि की बहुत कम दर का हवाला देते हुए ईडी से अभियोजन और साक्ष्य की गुणवत्ता पर ध्यान देने को कहा। यह छिपा नहीं है कि बीते कुछ समय से धनशोधन के आरोपों में छापा या फिर गिरफ्तारी के लगातार मामले सामने आ रहे हैं, मगर उनमें से बहुत कम मामलों में आरोप साबित हो रहे हैं। इसी के मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट ने ईडी को दोषसिद्धि की दर को बढ़ाने के लिए वैज्ञानिक जांच करने की सलाह दी।

दरअसल, पहले भी धनशोधन के आरोप पर होने वाली कार्रवाइयों को लेकर कई तरह के सवाल उठते रहे हैं और बिना मजबूत साक्ष्य के आधार पर गिरफ्तारी के मामलों की विश्वसनीयता कसौटी पर रही है। इसके बावजूद लगातार इस तरह के आरोप में छापे या गिरफ्तारी के मामले सामने आए। हकीकत यह है कि धनशोधन के मामले में गैरकानूनी गतिविधियों के आरोप के साथ ईडी ने कार्रवाई करने में जितनी हड़बड़ी दिखाई, उतनी ही शिद्दत से आरोपों को साबित करने के लिए साक्ष्य पेश नहीं किए। नतीजतन, ऐसे मामलों में दोषसिद्धि की दर काफी कम रही। गौरतलब है कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मंगलवार को लोकसभा में यह जानकारी दी कि ईडी ने सन 2014 से लेकर 2024 के बीच धनशोधन निवारण अधिनियम यानी पीएमएलए के तहत कुल पांच हजार दो सौ सत्तानबे मामले दर्ज किए, लेकिन इनमें से सिर्फ चालीस आरोपों में ही दोष सिद्ध हो सका। सवाल है कि इतनी बड़ी तादाद में दर्ज होने वाले मामलों की बुनियाद में सबूतों का आधार कितना ठोस था और किन वजहों से प्रवर्तन निदेशालय पर पूर्वाग्रहों से ग्रस्त होकर कार्रवाई करने के आरोप लगते हैं!

अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि शीर्ष अदालत को यह कहने की जरूरत पड़ी कि जिन मामलों में प्रथम दृष्टया मामला बनता है, प्रवर्तन निदेशालय को उन्हें अदालत में साबित करने की जरूरत है। अदालत की यह टिप्पणी यही दर्शाती है कि जिस तेजी से धनशोधन के मामलों में ईडी ने कार्रवाई किए, उसे साबित करने को लेकर उसके भीतर कोई गंभीरता नहीं दिखी। इसकी क्या वजहें हो सकती हैं? आखिर क्या कारण है कि विपक्षी दलों को प्रवर्तन निदेशालय की मंशा पर और उसके सरकार के इशारे पर काम करने की प्रवृत्ति पर सवाल उठाने का मौका मिलता है? गैरकानूनी धनशोधन के मामलों की जांच और कार्रवाई की जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए अगर दर्ज मामलों में दोषसिद्धि की दर बेहद कम है तो क्या यह प्रवर्तन निदेशालय की साक्ष्यों को लेकर गंभीरता में कमी का सूचक नहीं है? यह ध्यान रखने की जरूरत है कि ईडी जैसी सरकारी एजंसी की विश्वसनीयता या साख उसकी कार्रवाइयों की बुनियाद और उसमें दोषसिद्धि की दर के आधार पर बनती या बिगड़ती है।

तकनीक का संजाल

आज बहुत सारे कामों के लिए स्मार्टफोन और कंप्यूटरों पर निर्भरता बढ़ती गई है। मगर इसका एक पहलू यह भी है कि आज ज्यादातर लोग जिस तरह स्मार्टफोन में खोए रहते हैं, वह इसकी उपयोगिता के बरक्स एक विरोधाभासी स्थितियां पैदा कर रहा है। चिंता की बात यह है कि शहरों-महानगरों में ऐसे तमाम बच्चे हैं, जिनकी सुबह मोबाइल के स्क्रीन के साथ होती है, उनका ज्यादातर वक्त उसी के साथ कटता है। ऐसे में बच्चों की मानसिक और शारीरिक सेहत पर पड़ने वाले असर का अंदाजा लगाया जा सकता है। इस संबंध में संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन की एक रपट में भी यह साफ कहा गया है कि मोबाइल या स्मार्टफोन के नजदीक रहने से विद्यार्थियों का ध्यान भंग होता है और उससे सीखने की क्षमता पर नकारात्मक असर पड़ता है। यूनेस्को के मुताबिक, विद्यार्थी अगर निश्चित सीमा से ज्यादा स्मार्टफोन का उपयोग करते हैं तो इससे उनके शैक्षणिक प्रदर्शन में बाधा आती है।

गौरतलब है कि आज बहुत सारे घरों में बच्चों को जरूरत के तर्क पर स्मार्टफोन तक आसान पहुंच तो दी गई है, लेकिन ज्यादातर बच्चों का बहुत सारा वक्त अब मोबाइल के स्क्रीन में कटता है। इससे न केवल उनकी पढ़ाई-लिखाई की सहजता और ज्ञान की ग्राह्यता बाधित हो रही है, बल्कि उनके स्वभाव में भी बदलाव दर्ज किए जा रहे हैं। कई बच्चे स्मार्टफोन का उपयोग किसी लत की तरह करते हैं और मना करने पर उनके भीतर अस्वाभाविक प्रतिक्रिया देखी गई है। इसके मानसिक प्रभावों के समांतर ही ज्यादा समय तक मोबाइल के स्क्रीन में खोए रहने से शारीरिक स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक असर पड़ता है। इसमें नींद से लेकर खानपान की आदत में बदलाव हो सकता है। मोटापा बढ़ने और शारीरिक सक्रियता में भी कमी आ सकती है, जो सेहत के अन्य पहलुओं को प्रभावित करता है। बच्चों पर इसके गंभीर असर को देखते हुए ही दुनिया के कई देशों ने स्कूलों में स्मार्टफोन के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है। आधुनिक तकनीकों के उपयोग की सीमा वही होनी चाहिए, जिससे मनुष्य के मानसिक-शारीरिक स्वास्थ्य की गुणवत्ता बेहतर हो, न कि उसके असर से वह धीरे-धीरे छीजने लगे।

नशे की लत और बेकाबू वाहन

सरकारी आंकड़ों के अनुसार लगभग दो लाख सड़क दुर्घटनाएं प्रतिवर्ष होती हैं, जिनमें से 75 फीसद की वजह शराब पीकर गाड़ी चलाना है। इन आंकड़ों में लगातार इजाफा हो रहा है।

दीपिका शर्मा

शराब पीना देश में प्रतिबंधित नहीं है, लेकिन शराब पीकर गाड़ी चलाना कानूनन अपराध है। हालांकि इस कानून का उल्लंघन आम रहा है। आए दिन कोई न कोई मामला ऐसा आता है, जिसमें शराब के नशे में गाड़ी चलाने से या तो खुद चालक हादसे का शिकार हो जाता है या आम जनता को क्षति पहुंचाता है। एक रपट के अनुसार, भारत में लगभग 16 करोड़ लोग शराब का सेवन करते हैं। इनमें 95 फीसद 18 से 49 वर्ष के बीच की आयु के हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार लगभग दो लाख सड़क दुर्घटनाएं प्रतिवर्ष होती हैं, जिनमें से 75 फीसद की वजह शराब पीकर गाड़ी चलाना है। इन आंकड़ों में लगातार इजाफा हो रहा है। बीते कुछ महीनों में शराब पीकर गाड़ी चलाने के अनेक मामले सामने आए, जिनमें अधिकतर रईस घरों के बच्चे शामिल थे, अधिकतर नाबालिग। उन सभी ने नशे में धुत होकर गाड़ी चलाई और लोगों को कुचल डाला।

मई माह में पुणे में पोर्शे कार दुर्घटना मामला सामने आया, जिसमें आरोपों के मुताबिक, नाबालिग ने गाड़ी से दो लोगों को कुचल दिया, मगर शुरुआत में उसे सजा के नाम पर सिर्फ निबंध लिखने को कहा गया था। उसके कुछ दिनों बाद महाराष्ट्र के नागपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्र में टक्कर मार कर भाग जाने की घटना सामने आई। आरोप है कि एक इंजीनियर ने अपने कुछ दोस्तों के साथ पहले जन्मदिन के जलसे में शराब पी और फिर मौजमस्ती के दौरान कार चलाते हुए नियंत्रण खो दिया, जिससे कार फुटपाथ पर सो रहे लोगों पर चढ़ गई। इसमें दो की मौत हो गई। मुंबई में ही एक राजनेता के बेटे पर आरोप लगा कि एक महिला को अपनी बीएमडब्लू कार से कुचल दिया। दुपहिया वाहन पर सवार उस महिला को डेढ़ किलोमीटर तक अपनी कार से घसीटता हुआ ले गया। बाद में अपने साथी के सहयोग से उसे गाड़ी से उतार कर सड़क पर फेंक दिया और फिर से उसे गाड़ी से कुचलते हुए भाग गया। सात घंटे बाद वह पुलिस के हत्थे चढ़ा। मगर न्याय के रूप में शराबखाने पर बुलडोजर चला और पिता को पार्टी ने पद से हटा दिया। सोचने की बात है कि कुछ लोगों की मनमर्जी आम लोगों पर भारी क्यों पड़ रही है। क्या किसी राहगीर की जान इतनी सस्ती है?

भारत में शराब पीकर गाड़ी चलाने के खिलाफ बहुत सख्त कानून हैं, लेकिन अमीर और रसूखदार लोगों में इनकी परवाह प्रायः नहीं देखी जाती। भारतीय मोटर वाहन अधिनियम 1988 के तहत नशे में पहली बार गाड़ी चलाने पर दस हजार रुपए से लेकर पंद्रह हजार रुपए तक का जुर्माना और छह महीने तक की कैद हो सकती है। दूसरी बार पकड़े जाने पर पंद्रह हजार से बीस हजार रुपए तक के जुर्माने और दो साल तक की कैद हो सकती है। अगर किसी को गंभीर चोट लगती है, तो जुर्माना पच्चीस हजार से पचास हजार रुपए तक और तीन साल तक की कैद हो सकती है। वहीं, शराब के नशे में कुचलने से हुई मौत की स्थिति में पचास हजार से लेकर एक लाख रुपए तक जुर्माना और दस साल तक की कैद हो सकती है। लेकिन इन सब नियमों के बावजूद नशेड़ी अपनी जान तो जोखिम में डालते ही हैं, सड़क पर चलने वालों के लिए कब ये काल बन जाएं, पता नहीं।

> शराब एक ऐसा पदार्थ है, जो मस्तिष्क की कार्य क्षमता को कम करता है। इसके कारण सोचने-समझने, तर्क करने और मांसपेशियों के समन्वय में कमी आती है। वाहन चलाने के लिए इन सभी कौशलों की बहुत जरूरत होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक अगर रक्त में मदिरा की थोड़ी-सी भी मात्रा है, तो इससे ड्राइवर का ध्यान भटक सकता है और अगर मात्रा ज्यादा है, तो गंभीर सड़क दुर्घटना हो सकती हैं। नशा कर के गाड़ी चलाना कहीं न कहीं हमारी गैर-जिम्मेदाराना सोच का ही हिस्सा है। नशे में गाड़ी चलाने के विनाशकारी परिणाम हो सकते हैं।

देश की अर्थव्यवस्था में शराब की अहम भूमिका है। राज्यों की कमाई में राज्य जीएसटी और वैट के बाद सबसे ज्यादा हिस्सा आबकारी का ही है। जाहिर है, कोई भी सरकार कमाई के इस सबसे बड़े स्रोत को बंद नहीं करना चाहती। मगर कुछ राज्यों में शराब पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है, जिससे वहां सड़क हादसों में गिरावट देखी जा रही है। वे राज्य विकास की ओर अग्रसर हो रहे हैं। बिहार, गुजरात, मिजोरम, नगालैंड और लक्षद्वीप में शराब पर प्रतिबंध है। 1960 में बांबे से अलग होकर जब गुजरात बना, तबसे वहां शराबबंदी लागू है। देखा जाए, तो शराबबंदी से इन राज्यों की आमदनी/ विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आई है। शराब पीने के लिए कुछ राज्यों में उम्र की सीमा भी रखी गई है, जैसे गोवा, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक में वैधानिक उम्र 18 साल है, दिल्ली, हरियाणा जैसे राज्यों में 18 से 25 की उम्र तय है। महाराष्ट्र में कानूनी उम्र 25 वर्ष है। हाल के दिनों में सबसे ज्यादा सड़क दुर्घटना के मामले महाराष्ट्र से आए। अंदाजा लगाया जा सकता है कि वहां पीने और पिलाने वालों ने नियम और कानून की किस तरह धज्जियां उड़ाई हैं।

दुनिया में भारत का शराब बाजार सबसे तेजी से बढ़ रहा है। अभी यह 52.5 अरब डालर का है। भारत का शराब बाजार सालाना आठ फीसद की रफ्तार से बढ़ रहा है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक पिछले कुछ वर्षों में देश में शराब का उत्पादन 25 फीसद बढ़ा है। इसका महत्त्वपूर्ण कारण है शहरीकरण और लोगों की आय में बढ़ोतरी। आज हमें भी शराब पीकर गाड़ी चलाने के मामलों में कमी लाने के लिए दूसरे देशों से सीख लेनी चाहिए। ब्रिटेन में शराब के नशे में गाड़ी चलाते हुए अगर कोई किसी को मार डालता है तो उसे चौदह साल की जेल की सजा, असीमित जुर्माना भुगतना पड़ता है। दो साल के लिए उसका ड्राइविंग लाइसेंस रद्द कर उसे नशामुक्ति केंद्र में भी रहना पड़ सकता है। वहां जुर्माने की रकम 2.41 लाख रुपए है, जिसे भरने के भय से ही नशा करने वाले का नशा उतर सकता है। आस्ट्रेलिया में इसके लिए तकनीकी उपाय किए गए हैं। इसके लिए वहां 'इग्निशन इंटरलाक सिस्टम' का इस्तेमाल किया जाता है। अगर कोई शराब पीकर गाड़ी में बैठता है तो इस प्रणाली की वजह से कार चालू ही नहीं होती। जिस तरह भारत में 'ब्रेथ एनेलाइजर' का इस्तेमाल पुलिस जांच के लिए करती है, उसी तरह आस्ट्रेलिया में गाड़ी चालू करने पर आपको 'ब्रेथ सैंपल' देना पड़ता है। इससे गाड़ी चलाने वालों में शराब की मात्रा का पता लगाया जाता है। इस 'इंटरलाक सिस्टम' में एक कैमरा भी होता है, जो नमूना देने वाले चालक की तस्वीर लेता है।

शराब एक ऐसा पदार्थ है, जो मस्तिष्क की कार्य क्षमता को कम करता है, इसके कारण सोचने-समझने, तर्क करने और मांसपेशियों के समन्वय में कमी आती है। वाहन चलाने के लिए इन सभी कौशलों की बहुत जरूरत होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक अगर रक्त में मदिरा की थोड़ी-सी भी मात्रा है, तो इससे ड्राइवर का ध्यान भटक सकता है और अगर मात्रा ज्यादा है, तो गंभीर सड़क दुर्घटनाएं हो सकती हैं। नशा कर के गाड़ी चलाना कहीं न कहीं हमारी गैर-जिम्मेदाराना सोच का ही हिस्सा है। इसलिए हमें ही सोचना समझना चाहिए कि क्या सही है और क्या गलत। नशे में गाड़ी चलाने के विनाशकारी परिणाम हो सकते हैं।

भूलते भागते क्षण

अमिताभ स.

वर्षों गुजर जाने के बाद भी बीते दिन पल-पल लुभाते हैं। बचपन में रेत के घर बनाना, कंचे या स्टापू खेलना, झमाझम बरसात में कागज की कश्ती तैराना, कागज के तिकोने हवाई जहाज बना-बना कर उड़ाना..! ऐसी बालमन की छोटी-छोटी खुशियों से लबालब लम्हें ताउम्र यादों में बस जाते हैं। इन यादगार लम्हों की कशिश ही है कि जब-जब याद करते हैं, तब-तब मन पुलकित हो उठता है। जब शोहरत और दौलती तामझाम से लदते हैं, तो ऐसे यादगार पलों को जी पाना जिंदगी से दूर हटता जाता है। नतीजतन, आसपास बिखरी हरी-भरी घास और पेड़-बूटों पर खिले फलों-फूलों को निहारने से चूकते जाते हैं। सुबह-सवेरे चिड़ियों की चहचहाहट सुनने के लिए कान नहीं बचते। रिसर्च फार माइंड लैब के न्यूरो साइकालजिस्ट डाक्टर डेविड लुइस का मानना है कि पतंग उड़ाना, रेत के घर बनाना, नाव तैराना जैसे छोटे-छोटे अनुभव इंसान को हमेशा याद रहते हैं। ऐसे पलों को दिल-दिमाग कभी न भूलने वाले खाने में संजोए रखता है।

कुछ दिन पहले दिल्ली को एक नामी निजी स्कूल के संस्थापक अतीत से प्यार के बारे में बताने लगे कि उनके स्कूल में चालीस वर्षों के बाद हाल ही में फिर से नया निर्माण कराया गया है। बाहरी दीवार से लेकर मैदान, गलियारे, कक्षाएं, पुस्तकालय, क्लीनिक और शौचालय तक को नई शक्ल दी गई है। इसके बावजूद पुराने विद्यार्थी स्कूल आते हैं तो कहते हैं- सर, पहले सादे रूप में स्कूल ज्यादा भाता था। इस पर सोच में पड़ जाना स्वाभाविक है कि कुछ करोड़ रुपए खर्च करने के बावजूद कोई चीज अगर अच्छी न लगे, तो यही कहेंगे कि अतीत हमेशा अच्छा लगता है।'

जब बच्चा स्कूल में पढ़ता है, तो स्कूल में कक्षाओं के बीच से भागता है, न जाने के बहाने ढूंढ़ता है। जबकि स्कूल से निकल जाने के बाद वही विद्यार्थी स्कूली दिनों को जिंदगी के सबसे बेहतरीन दिन मानता है। बुजुर्ग होने तक हर मन फिर-फिर स्कूल जाने को बेकरार रहता है। इसीलिए सयाने समझाते हैं कि हमेशा मौजूदा समय को जीना चाहिए, भले कितनी ही विकट परिस्थितियों से दो-चार क्यों न होना पड़े। असल में यादों की तरह पुराना जमाना हमेशा मधुर लगता है। जो अब बदल चुका होता है, उसे मन स्वीकार नहीं कर पाता। हालांकि वर्तमान पहले से कई गुना सुविधाजनक और आरामदायक हुआ होता है।

सच है कि टूटी-फूटी खटारा साइकिल पर दूर-दूर आना-जाना, टिन की छत से पानी टपकना, गंदी गलियों में रहना या गर्मी में खुली छत पर सोना और बारिश आ जाए तो बिस्तर सिर पर उठा कर नीचे भागना..! आज भी याद करके हर किसी को वे पुराने दिन अच्छे लगते हैं। तब उस दौर को जीते वक्त बेशक मन ऊबता रहा हो, उन मुश्किलों से मुक्ति का रास्ता खोजने के लिए जुटे रहे हों, लेकिन आज मुड़ कर देखते हैं, तो उनसे सुकून पाते हैं। याद किया जा सकता है कि पहले हर घर में आंगन होता था, छत भी होती थी। छतों की खुशनुमा यादों को संजोए गुलजार साहब के बड़े प्यारे शब्द हैं- 'छतों से कूदना छत पर, छतों पर चढ़ जाना/ ...घर थे, घराने थे, छतों के वे जमाने थे/ ...छतों से जोड़ कर छतें, जब मुहल्ले वाले बातें करते थे/ ...छतों पर सूतना मांझे, उड़ानी पतंगें, पेचे लड़ाना..।' जैसे-जैसे संयुक्त परिवार खत्म होते गए, वैसे-वैसे आंगन और छतें भी नहीं रहीं। आंगन में कोयले की अंगीठी के इर्द-गिर्द सारा परिवार सुबह की चाय-नाश्ते और रात को खाने के लिए चौकड़ी मार कर बैठता था। रात खाने के बाद पीतल की परात में बाजार से चवन्नी-अठन्नी की बर्फ लाकर परिवार के हर सदस्य के हिस्से के चूसने वाले दो-दो आम ठंडे करते थे।

बीता दौर इसलिए भी मौजूदा से बेहतर लगता है कि जब पीछे मुड़कर देखा जाए, तो पाते हैं कि तब जिंदगी धीमी रफ्तार से चलती थी, आज की तरह भागती नहीं थी। संयुक्त परिवार गुजरे जमाने की सबसे बड़ी सौगात थे। दादा-दादी के साथ रहना, उनकी कहानियां सुन-सुन कर नींद आना। नाना-नानी के घर गर्मी की छुट्टियां बिताना। सालों बाद तमाम छोटी-छोटी यादें ताउम्र आनंदित करती हैं। आंगन में बजते रेडियो पर फरमाइशी गाने सुनना या फिर दूरदर्शन पर 'चित्रहार' और इतवार की हिंदी फीचर फिल्म देखते टीवी के आगे से न उठाना, अब कहां गए वे दिन।

गली-मुहल्लों में अगल-बगल में घर होते थे। आपसी भाई-चारा और स्नेह इतना था कि कई रात को सोते इधर थे और सुबह जागते उधर। दोपहर को गली में सांझा तंदूर तपता था, सभी औरतें वहीं तंदूरी रोटियां लगा लाती थीं। उस दौर की सुपर हिट 'सीता और गीता', या 'पूरब और पश्चिम' हो, या फिर, 'हरे रामा हरे कृष्णा', देख कर आने वाले कई- कई शामें गली के बच्चों को फिल्म की कहानी सुना-सुना कर दिल बहलाते रहते थे। जितना मजा सुनने वाले को आता था, उतना ही मजा सुनाने वाले को भी आता था। तब कमाइयां कम थीं, समय, संतुष्टि और सुकून के पल खूब थे। ऐसी यादों की याद के सहारे सारी जिंदगी गुजर जाती है। जैसे एक फिल्मी गीत के बोल हैं- 'बातें भूल जाती हैं, यादें याद आती हैं/ ये यादें किसी दिल-ए-जानम के/ चले जाने के बाद आती हैं..।' उन दिनों की स्मृतियां बार-बार ताजी हो आती हैं।

दुनिया मेरे आगे

> जब पीछे मुड़कर देखा जाए, तो पाते हैं कि तब जिंदगी धीमी रफ्तार से चलती थी, आज की तरह भागती नहीं थी। संयुक्त परिवार गुजरे जमाने की सबसे बड़ी सौगात थे। दादा-दादी के साथ रहना, उनकी कहानियां सुन-सुन कर नींद आना। नाना-नानी के घर गर्मी की छुट्टियां बिताना।

अधूरा सपना

भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट को ओलंपिक पदक से वंचित कर दिया जाना वाकई देश के लिए बहुत दुखद और अप्रत्याशित घटना है। एक ख्यातनाम अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी से यह उम्मीद तो नहीं की जा सकती कि उन्हें या उनके प्रशिक्षकों को संबंधित नियमों की जानकारी नहीं होगी। इस घटना के पीछे कारण जो भी हो, पर यह हमारे देश के लिए कभी नहीं भुलाई जाने वाली बात है। ओलंपिक खेलों की तैयारी में प्रतिभाशाली खिलाड़ी, उनके प्रशिक्षकों एवं उनके परिवारजनों की अथाह एवं अकूत मेहनत होती है। बरसों का अमूल्य समय खर्च होता है। सबसे बड़ी बात कि हर किसी को ओलंपिक पदक प्राप्त नहीं होता। ऐसी विलक्षण प्रतिभा के धनी खिलाड़ी, रजत पदक और स्वर्ण पदक के बिल्कुल नजदीक पहुंच कर बहुत मामूली वजन की वजह से वंचित कर दी जाए, यह समूचे देश के लिए दुखद है। सौ ग्राम वजन तो एक गिलास पानी से भी कम होता है। बहरहाल, इस पूरे घटनाक्रम की बारीकी से जांच कराई जानी चाहिए और अगर इसके पीछे कोई निराधार कारण पाया जाए उसे दुनिया के सामने रखा जाना चाहिए। अन्यथा इसे भविष्य में हर बारीकी को ध्यान में रखने का सबक माना जाना चाहिए।

– इशरत अली कादरी, भोपाल

पंछियों का जीवन

प्रवासी पक्षियों का समय से पूर्व (सर्दियों) भारत में प्रजनन के लिए हजारों मील की उड़ान भरके आने फिर पांच या छह माह बाद अपने देश छोटे चूजों को लेकर वापस लौट जाने की प्रक्रिया हर वर्ष जारी रहती है। इसका प्रमुख कारण वहां पर बर्फ का जमना होता है। नदी, झीलें जम जाने से आहार की परेशानी बन जाती है। कुछ पशु यानी भालू आदि वर्ष भर इतना आहार ग्रहण कर लेते हैं कि उन्हें बर्फ जमने से कोई फर्क नहीं पड़ता। वे अपना आहार अपने शरीर में जमा चर्बी से पा लेते हैं। दुर्लभ पक्षियों को सुरक्षित रखना और वंश वृद्धि की ओर ध्यान देने का लक्ष्य निश्चित करना होगा। अवैध शिकार करने वालों पर कड़ी कार्रवाई भी सुनिश्चित करनी होगी, जिससे प्रवासी पक्षियों में वृद्धि दिखाई दे और लुप्तप्राय प्रजाति को बचाया जा सके। साथ ही नई प्रजाति के पक्षियों की खोज और शोध को जारी रख कर प्राकृतिक आपदा, मौसम के पूर्व संकेत बताने वाले पक्षियों को बचाया जा सके।

– संजय वर्मा 'दृष्टि', मनावर, धार

स्त्री की सेहत

महिलाएं परिवार की धुरी होती है। मगर घर-परिवार के चक्कर में महिलाएं स्वयं के स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं दे पाती हैं। सरकार और सामाजिक संगठनों को महिलाओं के लिए विशेष चिकित्सा शिविर लगाने चाहिए। महिलाओं को भी अपनी सेहत का भी ध्यान रखने की जरूरत है। खानपान में सेहतमंद खाद्य पदार्थों को शामिल करना चाहिए। डिब्बा बंद खाद्य पदार्थों का सेवन कम से कम या नहीं करते हुए घर पर बनाए गए खाद्य पदार्थों का इस्तेमाल करना चाहिए, ताकि स्वयं के साथ-साथ पूरे परिवारजनों को सही पोषण मिल सके। समय पर इलाज नहीं होने पर सामान्य बीमारी भी गंभीर बन जाती है। उत्तम स्वास्थ्य के लिए समय पर भोजन और आराम करना बेहद जरूरी होता है। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि महिलाएं सिर्फ चूल्हे-चौके के लिए नहीं बनी हैं। सभी महिलाओं को वास्तविक बराबरी का हक मिलना चाहिए। समाज के विकास के लिए यह जरूरी है कि महिलाएं स्वस्थ हों।

– राजेंद्र कुमावत, जयपुर

वक्त का तकाजा

बांग्लादेश में हुए विरोध प्रदर्शनों ने एक गंभीर राजनीतिक संकट की स्थिति निर्मित कर दी। चीन अपनी 'मोतियों की माला नीति' में सफल होता दिख रहा है। वह भारत समर्थित पड़ोसी देशों को राजनीतिक रूप से अस्थिर कर रहा है। कुछ समय पहले बांग्लादेश भारत के साथ मजबूत सामरिक संबंध निर्मित हुआ था, (जैसे हाल ही में तीस्ता जल बंटवारा समझौता) जिसे लेकर चीन बांग्लादेश में कमजोर होती हुई अपनी प्रभाव स्थिति को लेकर चिंतित है। परिणामस्वरूप वहां तख्तापलट जैसी स्थिति निर्मित कराई गई। वर्तमान राजनीतिक संकट की स्थिति में भारत सहित विश्व के सभी मजबूत लोकतांत्रिक देशों और संयुक्त राष्ट्र द्वारा बांग्लादेश की मौजूदा स्थिति को संभालने तथा वहां लोकतांत्रिक मूल्यों को स्थापित करने का प्रयास करना चाहिए।

– रणजीत चौरसिया, गाजीपुर, उप्र

www.readwhere.com

केजीएफ स्टार यश ने गीतू की टाक्सिक की शूटिंग शुरू की

केजीएफ फ्रेंचाइजी के सितारे यश ने गुरुवार को घोषणा की कि उनकी अगली फिल्म टाक्सिक की शूटिंग शुरू हो गई है। आगामी कन्नड़ फिल्म का निर्देशन गीतू मोहनदास करेंगे, जो मूथोन और लायर्स डाइस के लिए मशहूर हैं। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस मारधाड़ ड्रामा की शूटिंग आज बंगलुरु में शुरू हुई। प्रशांत नील की सुपरहिट केजीएफ फिल्म शृंखला में राकी भाई की भूमिका के लिए मशहूर यश ने एक्सटीवी पर सेट से केवीएन प्रोडक्शंस के निर्माता वेंकट के नारायण के साथ एक तस्वीर साझा की। उन्होंने फोटो के साथ कैप्शन लिखा, यात्रा शुरू हुई #टाक्सिक। वयस्कों के लिए एक परीकथा के रूप में प्रस्तुत टाक्सिक का निर्माण केवीएन प्रोडक्शंस और मान्स्टर माइंड क्रिएशंस द्वारा संयुक्त रूप से किया गया है। इसे 2025 में प्रदर्शित करने की योजना है।

सोशल मीडिया

कथन — संजय दत्त

प्रेम कथा के लिए तैयार हूं, मैं एक और 'साजन' कर सकता हूं

बालीवुड सितारे संजय दत्त का कहना है कि वे और अधिक रोमांस ड्रामा फिल्में करने के लिए तैयार हैं और 1991 की हिट फिल्म साजन जैसी फिल्म उनकी इच्छा सूची में है। हिंदी सिनेमा में 40 वर्षों से अधिक का अनुभव रखने वाले दत्त ने कहा कि यदि उन्हें अच्छी पटकथा मिलेगी तो वे प्रेम कथा फिल्म के लिए हां कहेंगे।

उन्होंने कहा, अगर कोई अच्छी फिल्म आएगी तो प्रेम करूंगा। मेरी पीढ़ी ने बड़े सिनेमा के लिए काम किया है, इसलिए हम बड़े हीरो हैं। मैंने एक बार साजन की थी। यह अच्छी फिल्म थी और इसमें अच्छे गाने थे। मैं एक और साजन (जैसी फिल्म) कर सकता हूं। इस फिल्म में माधुरी दीक्षित और सलमान खान भी थे। लारेंस डिसूजा द्वारा निर्देशित साजन दत्त की उन कुछ रोमांस ड्रामा फिल्मों में से एक थीं, जिसमें मारधाड़ वाली फिल्मों का बोलबाला रहा है।

65 वर्षीय अभिनेता अपनी आगामी फिल्म डबल आइस्मार्ट के गीत बिग बुल के जारी होने के अवसर पर बोल रहे थे। जगन्नाथ पुरी द्वारा निर्देशित और राम पोथिनेनी द्वारा निर्देशित इस तेलगू फिल्म में दत्त ने खलनायक की भूमिका निभाई है। अभिनेता, जिन्होंने विजय की लियो (2023) और केजीएफ : चैप्टर 2 (2022) में भी नकारात्मक भूमिकाएं निभाईं, ने कहा कि उन्हें ऐसे किरदार निभाना पसंद है क्योंकि उन्हें बहुत सारा एक्शन करने को मिलता है।

दत्त ने कहा, नकारात्मक भूमिकाएं निभाना अच्छा अनुभव है। इसमें आप बहुत कुछ कर सकते हैं। मुझे बहुत एक्शन करने का मौका मिलता है। यह अच्छी बात है कि इतनी फिल्मों के बाद अभिनेताओं के पास करने के लिए कुछ है।डबल आइस्मार्ट पोथिनेनी और जगन्नाथ की 2019 की विज्ञान फंतासी मारधाड़ फिल्म आइस्मार्ट शंकर की अगली कड़ी है, जो एक हत्यारे के बारे में है। यह पुलिस की तब मदद करता है जब एक मारे गए पुलिस वाले की यादें उसके दिमाग में स्थानांतरित हो जाती हैं। जगन्नाथ और चार्मी कौर के बैनर पुरी कनेक्ट्स द्वारा निर्मित यह फिल्म 15 अगस्त को तेलगू, हिंदी, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में सिनेमाघरों में प्रदर्शित होगी। *(ए)*

ताजातरीन — बालीवुड की फिल्मों का हाल-बेहाल

साल 2024 : कमाई में फिसड्डी, लागत में अव्वल

आरती सक्सेना

बालीवुड की कुछ फिल्में 100 से 200 करोड़ का कारोबार करती थीं, लेकिन चालू साल में अब फिल्मों की कमाई 50 करोड़ तक सीमित हो गई है। 100 में से 10 फिल्में भी सफल सूची में नहीं आतीं। बावजूद इसके फिल्म का बजट 500 से 600 करोड़ और फिल्मी कलाकारों का मेहनताना 200 करोड़ तक जा रहा है। हाल ही में प्रदर्शित फिल्में जाह्नवी कपूर अभिनीत उलझ और अजय देवगन व तब्बू अभिनीत औरों में कहां दम था का संग्रह करोड़ तक भी नहीं पहुंचा। हालांकि 2024 अगस्त में भी कई ऐसी फिल्में प्रदर्शित हो रही हैं जिनसे दर्शकों को ही नहीं इन फिल्म के निर्माताओं को भी बहुत उम्मीदें हैं। एक निगाह...

2024 की शुरुआत से हिंदी फिल्म उद्योग सदमे हैं क्योंकि जितनी भी फिल्में आ रही है उसमें ज्यादातर पिट गई हैं। जैसे बड़े मियां छोटे मियां, मैदान, योद्धा, मैरी क्रिसमस, रूसलान, मैं अटल हूं, बस्तर, सिरफिरा, उलझ ,औरों में कहां दम था, इंडियन 2, चंदू चैंपियन आदि। अगर सफल फिल्मों की बात करें तो दक्षिण की फिल्म अमिताभ बच्चन और प्रभास अभिनीत कल्कि 2898 ने अच्छा कारोबार किया है। इसके अलावा विकी कौशल की हालिया रिलीज फिल्म बेड न्यूज भी सफलता की सीढ़ी चढ़ते हुए गुड न्यूज साबित हुई। इसके अलावा 12वी फेल, डरावनी फिल्म मजुआ, किल, अजय देवगन अभिनीत शैतान, विकी कौशल अभिनीत सेम बहादुर सफल फिल्मों में शामिल हुई हैं।

कल्कि 2898 की अपार सफलता के बाद अगस्त में चार बड़ी फिल्में प्रदर्शित हो रहीं हैं। ये 15 अगस्त को प्रदर्शित होंगी। इनमें राजकुमार राव श्रद्धा कपूर पंकज त्रिपाठी अभिनीत स्त्री 2, अक्षय कुमार, तापसी पन्नू, फरदीन खान अभिनीत खेल-खेल में, संजय दत्त अभिनीत डबल ई स्मार्ट, जान अब्राहम और शर्वरी वाघ , तमन्ना भाटिया अभिनीत वेदा हैं। इनके अलावा आने वाले महीनों में पुष्पा 2, सितारे जमीन पर, सिंघम अगेन 2, भूल भुलैया 3, इमरजेंसी, वेलकम टू जंगल, कांतारा चैप्टर 1, आलिया भट्ट अभिनीत जिगरा भी प्रदर्शित होने वाली हैं।

वरिष्ठ पत्रकार और फिल्म आलोचक भावना शर्मा का कहना है कि पहले की तरह सफल फिल्मों का निर्माण होना कोई मुश्किल बात नहीं है। अगर फिल्म निर्माता निर्देशक दक्षिण की रीमेक और नकल बनाने के बजाय अच्छी कहानियों की खोज करें, महंगे सितारे और महंगी लोकेशन के बजाय फिल्म निर्देशन पांडुलिपि लेखन, स्क्रीनप्ले और फिल्म निर्माण शैली को तवज्जो दें, तो हालात बदल सकते हैं। निर्माता गलत धारणा से निकलें कि सफल सितारा ही कामयाब फिल्म दे सकता है, क्योंकि अगर यह सच होता तो विक्रांत मैसी की 12 वीं फेल, विकी कौशल की सेम बहादुर, आयुष्मान खुराना की विकी डोनर, अंधाधुन आदि फिल्में हिट ना होतीं।

इसके अलावा जो कलाकार 100 करोड़ से ज्यादा रुपए फिल्मों के लिए पारिश्रमिक लेते हैं, उनकी जिम्मेदारी है कि वे सफलता की भी गारंटी लें। अगर इतना पारिश्रमिक लेने वाले सितारे ऐसा नहीं कर सकते तो फिल्म पिटने की जिम्मेदारी भी उनकी ही है। वे फिल्म के नुकसान की भरपाई करें। क्योंकि फिल्म में जितना योगदान निर्माता व निर्देशक का है, उतना ही कलाकारों का भी होता है। हम अपना देश संभालने के लिए या अपना घर संभालने के लिए जो ईमानदारी दिखाते हैं, वैसे ही रोजी-रोटी देने वाली फिल्में भी कलाकारों की जिम्मेदारी हैं। इस सोच के साथ अगर फिल्म निर्माण में सभी का सहयोग होगा और ईमानदारी होगी तो सफल फिल्मों का दौर फिर से शुरू हो जाएगा।

सैम बहादुर

खबर कोना

इम्तियाज अली ने लैला मजनू की देशभर में फिर से प्रदर्शन की घोषणा की

फिल्म निर्माता इम्तियाज अली ने कहा है कि अविनाश तिवारी और तृप्ति डिमरी अभिनीत लैला मजनू श्रीनगर में परदे पर आने के कुछ दिनों बाद शुक्रवार को देश भर में फिर से प्रदर्शित होगी। इस नाटकीय प्रेम कथा को इम्तियाज ने लिखा और प्रस्तुत किया है और उनके भाई साजिद अली ने इसका निर्देशन किया है। अली की पूर्व पत्नी प्रीति और एकता कपूर ने इसका निर्माण किया है। लोककथा का आधुनिक रूपांतरण लैला मजनू को बाक्स आफिस पर ठंडी प्रतिक्रिया मिली, लेकिन समय के साथ इसने एक पंथ का दर्जा हासिल कर लिया। बुधवार को एक इंस्टाग्राम पोस्ट में इम्तियाज ने प्रशंसकों को उनके प्यार के लिए धन्यवाद दिया, जिसके कारण हिंदी फिल्म छह साल बाद सिनेमाघरों में फिर से प्रदर्शित हुई है। उन्होंने लिखा, लोगों की मांग पर लैला मजनू वापस आ गई है!!! आपके प्यार के लिए आभार, जिसने इसे छह साल बाद फिर से सिनेमाघरों में खींच लाया है!! 9 अगस्त 2024 को देशभर के सिनेमाघरों में फिर से प्रदर्शित हो रही है। बधाई टीम एलएम।

'केबीसी' निर्माताओं ने 16वें सीजन में मजेदार बदलाव किए : अमिताभ बच्चन

'कौन बनेगा करोड़पति' (केबीसी) के 16वें सीजन की मेजबानी करने के लिए तैयार दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन ने कहा कि नए सीजन में खेल में कई मजेदार बदलाव किए गए हैं। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर केबीसी का नया सीजन 12 अगस्त से प्रसारित किया जाएगा। केबीसी सप्ताह के पांच दिन रात नौ बजे प्रसारित किया जाएगा। अमिताभ बच्चन ने अपने निजी ब्लाग पर एक पोस्ट में शो से जुड़ी कई जानकारी दीं, जिसमें भारी भरकम नकद पुरस्कार भी शामिल है। अमिताभ ने कहा कि खेल में कई नए मजेदार बदलाव किए गए हैं और इसके प्रभाव से काफी कुछ सीखने को मिलेगा। जब कोई प्रतियोगी अपनी कहानी सुनाता है तो उससे उमड़ने वाले भाव सबसे ऊपर होते हैं। प्रतियोगी जिन विषम परिस्थितियों में जीते हैं और इतने वर्षों की हताशा के बाद जब वह खुद को 'हाट सीट' पर पाते हैं तो उस क्षण उनकी भावनाएं उमड़ कर हम सब के सामने होती हैं। चैनल ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसके मुताबिक, शो में जो बदलाव किए गए हैं उनमें से एक है 'दुगनास्त्र', जिसके तहत 'सुपर सवाल' का सही जवाब देने के बाद प्रतियोगी की जीती हुई राशि दोगुनी हो जाएगी।



अभिनेता नागा चैतन्य, शोभिता धुलिपाला की सगाई हुई

अभिनेता नागा चैतन्य और शोभिता धुलिपाला की गुरुवार सुबह सगाई हो गई। चैतन्य के पिता और तेलगू सुपरस्टार नागार्जुन ने अपने आधिकारिक एक्स पेज पर यह खबर साझा की। नागार्जुन ने कहा कि वे शोभिता का परिवार में स्वागत करते हुए अत्यंत प्रसन्न हैं। हमें अपने बेटे नागा चैतन्य की शोभिता धुलिपाला से सगाई की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है, जो आज सुबह 9:42 बजे हुई!! हम उसका अपने परिवार में स्वागत करते हुए बहुत खुश हैं। उन्होंने सगाई करने वाले जोड़े की कई तस्वीरों के साथ लिखा, खुशहाल जोड़े को बधाई! उन्हें जीवनभर प्यार और खुशी की शुभकामनाएं। भगवान भला करे! 8.8.8. अनंत प्यार की शुरुआत। चैतन्य ने इससे पहले 2017 से 2021 तक अभिनेता सामंथा रुथ प्रभु से शादी की थी।

प्यार को शब्दों में बयां नहीं कर सकती : सना मकबूल

'बिग बास ओटीटी 3' की विजेता बनीं अभिनेत्री सना मकबूल ने इस लोकप्रिय 'रियलिटी सीरीज' के दौरान अपने प्रशंसकों के प्यार एवं सहयोग को लेकर उनके प्रति आभार व्यक्त किया है। सना मकबूल शुक्रवार को 'बिग बास' ओटीटी के तीसरे सीजन की विजेता बनीं। इस शो की मेजबानी बालीवुड अभिनेता अनिल कपूर ने की। सना ने ट्राफी के साथ 25 लाख से ज्यादा का पुरस्कार जीता है। सना (31) ने इंस्टाग्राम पर लिखा कि बिग बास ओटीटी3 के घर में अपने सफर के दौरान मुझे जो प्यार मिला है, उसके लिए मैं इतनी आभारी हूं कि उसे शब्दों से बयां नहीं कर सकती। यह आपका अटूट समर्थन है, जिसकी वजह से मैं ट्राफी घर ला पाई हूं। उन्होंने कहा कि चाहे मैंने कितनी भी नकारात्मकता का सामना किया हो, आपके प्यार ने हर चीज पर काबू पा लिया। यही वह चीज है जो मैंने वास्तव में अर्जित किया है। मेरे दिल की गहराइयों से बहुत-बहुत धन्यवाद। इस बार का सीजन 21 जून को शुरू हुआ था जिसके पहले उपविजेता रैपर नैजी रहे, जबकि अभिनेता रणवीर शौरी तीसरे स्थान पर रहे। टीवी अभिनेता साई केतन राव चौथे स्थान पर रहे।

तस्वीर

स्विट्जरलैंड में 77वें लोकार्नो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के दौरान मंच पर पुरस्कार के साथ फ्रांसीसी अभिनेता गिलाउम कैनेट।

साक्षात्कार — लोक गायिका फाल्गुनी पाठक ने फिल्मों से दूरी पर कहा

सजीव कार्यक्रम करके खुश हूं

19 90 के दशक के कई पाप गानों जैसे याद पिया की आने लगी और मैंने पायल है छनकाई के पीछे की आवाज रहीं फाल्गुनी पाठक का कहना है कि वे फिल्मों में काम करने से परहेज नहीं करतीं, लेकिन मंच पर उन्हें घर जैसा महसूस होता है। नौ वर्ष की उम्र से लाइव शो में प्रस्तुति दे रहीं पाठक ने कहा कि वे जो करती हैं, उससे संतुष्ट हैं।

उन्होंने कहा, मैं फिल्मों में काम करने से नहीं बचती... बचपन से लेकर नौ साल की उम्र तक मैंने जो गाने गाए हैं, वे सभी सजीव हैं... मैंने जो सजीव कार्यक्रम किए हैं, वे सभी मेरे लिए प्रेरणा हैं। 55 वर्षीय गायिका ने कहा, मैं बहुत खुश और संतुष्ट महसूस कर रही हूं। जब पार्श्व गायन की बात आती है तो आपको थोड़ी अधिक भागदौड़ करनी पड़ती है। आपको इस व्यक्ति से मिलना पड़ता है, उस व्यक्ति से मिलना पड़ता है। स्टूडियो में जाना पड़ता है और वहां घंटों बैठना पड़ता है। मैं इस मामले में थोड़ी आलसी हूं।

फाल्गुनी, जिन्होंने नवरात्रि जैसे त्योहारों के दौरान सजीव कार्यक्रम करने वाली एक कलाकार के रूप में अपनी पहचान बनाई है, ने फिल्मों में भी काम किया है। उनके पहले एल्बम याद पिया की आने लगी (1998) का शीर्षक गीत प्यार कोई खेल नहीं में इस्तेमाल किया गया था, जो 1999 में सनी देओल, महिमा चौधरी और अपूर्व अग्निहोत्री की फिल्म थी। उनके पास 1999 की कोयला का बदन जुदा होते हैं, जिसमें शाहरुख खान और माधुरी दीक्षित नेने ने अभिनय किया था, और 2002 की ना तुम जानो ना हम का अहा अहा जैसे गाने भी हैं।

उन्होंने कहा, मुझे इस बात की खुशी है कि आज की पीढ़ी भी मेरे इन गीतों को पसंद करती है। प्रशंसकों के लिए तेरा मेरा प्यार सनम एक विशेष स्थान रखता है, जो कि पाठक और बां वाइकिंग्स के गायक नीरज श्रीधर द्वारा मिलकर बनाया गया एक दुर्लभ एकल गीत है। उन्होंने कहा, मैं बहुत खुश, भावुक और धन्य महसूस कर रही हूं। यह एक अच्छी धुन, अच्छे बोल और सरल वीडियो का आनंद है। बेशक, लोगों को यह पसंद आएगा। यह सादगी के बारे में है।

नए गाने बनाते समय वे किन मुख्य बातों को ध्यान में रखती हैं? उन्होंने कहा, धुन आकर्षक होनी चाहिए और कोई दोहरे अर्थ वाला गीत नहीं होना चाहिए। ये सबसे महत्त्वपूर्ण बातें हैं।

चार साल की उम्र से गा रही पाठक ने प्रशंसकों को अपनी प्रेरणा का स्रोत बताया। मेरे दर्शक, मेरे प्रशंसक... वे हर साल मेरा इंतजार करते हैं। उनका नवीनतम काम रंगारा है, जो एक कलर्स एंथम है, जिसे उन्होंने खलासी फेम आदित्य गढ़वी के साथ मिलकर गाया है। नाइट सांग रिकार्ड्स द्वारा निर्मित, इस ट्रैक को अचिंत ठक्कर और निर्मित शाह ने संगीतबद्ध किया है और इसके बोल सौम्या जोशी ने लिखे हैं। इसे पिछले महीने यूट्यूब पर रिलीज किया गया था। *(ए)*

कमाई

'औरों में कहां दम था' का निकला दम

अजय देवगन और तब्बू की 'औरों में कहां दम था' का दम बाक्स आफिस पर फूलने लगा है। यह फिल्म प्रेम कथा पर आधारित है, जिसे दर्शकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। फिल्म को प्रदर्शित हुए एक हफ्ता भी नहीं हुआ है और इसकी कमाई करोड़ों से लाखों में सिमटने लगी है। चार दिनों तक जैसे-तैसे करोड़ में कमाई करने के बाद मंगलवार को जहां इसने 95 लाख रुपए कमाए थे, वहीं अब बुधवार को यह 80 लाख रुपए भी नहीं कमा पाई है। आलम ये है कि सिनेमाघरों में फिल्म को दर्शक नसीब नहीं हो रहे हैं। नीरज पांडे के निर्देशन में बनी 'औरों में कहां दम था' ने प्रदर्शन के छठे दिन बुधवार को महज 75 लाख रुपए की कमाई की है। छह दिनों में फिल्म का कुल कारोबार 9.45 करोड़ रुपए पहुंचा है। जबकि इसका बजट 100 करोड़ रुपए बताया जा रहा है। अजय देवगन की इस फिल्म की कोई तारीफ भी नहीं हो रही है जिससे इसका कारोबार बिल्कुल ठंडा पड़ा हुआ है

बोल

राष्ट्रगान पर कोई विवाद नहीं होता

ग्रैमी पुरस्कार विजेता संगीतकार रिकी केज का कहना है कि सिनेमाघरों में राष्ट्रगान बजाना एक अच्छा विचार है, क्योंकि यह एक ऐसी संगीत रचना है जिस पर कोई विवाद नहीं होता और यह एक आत्मीयता की भावना पैदा करती है। केज राष्ट्रगान के नए संस्करण की घोषणा के मौके पर मौजूद थे। यह संस्करण 14 अगस्त को दुनियाभर के दर्शकों के लिए उपलब्ध होगा। भारत में राष्ट्रगान को लेकर कोई विवाद नहीं होता।

लेखकों के साथ अन्याय होता है

फिल्म निर्माता वरुण ग्रोवर को लगता है कि बालीवुड में लेखकों का शोषण करने की प्रवृत्ति है। यहां कई लोग प्रचार सामग्री से उनका श्रेय नहीं लेते हैं। उनका कहना है कि यह अन्याय सिर्फ नए लोगों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि गुलजार और जावेद अख्तर जैसे दिग्गज भी इसका सामना कर रहे हैं । उन्होंने बताया कि कैसे उनके लेखक मित्र का बालीवुड के एक तथाकथित मसीहा निर्देशक ने शोषण किया हालांकि, उन्होंने किसी का नाम बताने से परहेज किया।

विपक्षी दलों के कुछ सदस्यों के अमर्यादित आचरण से सभापति जगदीप धनखड़ दुखी

राज्यसभा में कार्यवाही के बीच आसन छोड़ा

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 8 अगस्त।

राज्यसभा में गुरुवार को विपक्ष के कुछ सदस्यों के अमर्यादित आचरण से दुखी होकर सभापति जगदीप धनखड़ यह कहते हुए आसन छोड़कर चले गए कि वे कुछ समय के लिए सदन में बैठने में खुद को सक्षम नहीं पा रहे हैं।

इस घटनाक्रम से धनखड़ और विपक्षी दलों के बीच असहज संबंध एक बार फिर सामने आ गए। सुबह उच्च सदन की कार्यवाही आरंभ होने पर सूचीबद्ध दस्तावेज सदन में पेश किए जाने के तुरंत बाद विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक मुकाबले से पहले भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट को अयोग्य ठहराए जाने के मुद्दे पर चर्चा की मांग की और जानना चाहा कि 'इसके पीछे कौन है'। हालांकि, धनखड़ ने खरगे को यह मुद्दा उठाने की अनुमति नहीं दी। इस बीच, तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओब्रायन कुछ मुद्दे उठाने के लिए खड़े हुए लेकिन सभापति ने उन्हें अनुमति नहीं दी। सभापति ने विनेश के मामले पर चर्चा की मांग को लेकर हंगामा कर रहे सदस्यों की बात को अनसुनी कर दिया तो सदन में शोरगुल और तेज हो गया। विपक्षी सदस्यों की ओर से फोगाट के समर्थन में नारेबाजी शुरू कर दी गई। हंगामे के बीच डेरेक ओब्रायन कुछ कह रहे थे। सभापति ने डेरेक से कहा कि सदन में आपका आचरण सबसे खराब है और आप आसन पर चिल्ला रहे हैं। मैं इसकी निंदा करता हूं। अगली बार मैं आपको दरवाजा दिखा दूंगा। आपने आसन पर चिल्लाने की हिम्मत कैसे की? विपक्ष के नेता की ओर हाथ करते हुए सभापति ने कहा कि वरिष्ठ नेता इस पर (डेरेक के आचरण पर) कोई ध्यान नहीं रहे हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण आचरण है। इसी दौरान नारेबाजी करता हुआ समूचा विपक्ष सदन से बहिर्गमन कर गया। सभापति ने इस पर कहा कि हमने सबसे बदसूरत दृश्य देखा है। हमने आपातकाल के दौरान लोकतंत्र का काला दौर देखा है। हम जानते हैं कि यह कैसे शुरू होता है। इसकी शुरुआत सबसे पहले संसदीय संस्थाओं को चुनौती देने से होती है। यह चुनौती जून 1975 में दी गई थी। यहां एक गंभीर चुनौती थी। क्या कोई इस तरह का आचरण कर सकता है। सभापति की इस टिप्पणी के बाद सदन के नेता जेपी नड्डा ने कहा कि विपक्ष ने आसन को तकलीफ पहुंचाई और संसदीय मर्यादाओं का उल्लंघन हुआ है। उन्होंने कहा कि यह सच में निंदनीय है।

सभापति ने विनेश के मामले पर चर्चा की मांग को लेकर हंगामा कर रहे सदस्यों की बात को अनसुनी कर दिया तो सदन में शोरगुल और तेज हो गया। *विपक्ष* के नेता की ओर हाथ करते हुए सभापति ने कहा कि वरिष्ठ नेता इस पर (डेरेक के आचरण पर) कोई ध्यान नहीं रहे हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण आचरण है। इसी दौरान नारेबाजी करता हुआ समूचा विपक्ष सदन से बहिर्गमन कर गया।

धनखड़ ने कहा कि इस पवित्र सदन को अराजकता का केंद्र बनाना, भारतीय प्रजातंत्र के ऊपर कुठाराघात करना, सभापति की गरिमा को धूमिल करना और शारीरिक रूप से चुनौतीपूर्ण वातावरण बनाना, यह मर्यादित आचरण नहीं है। मैं हाल के दिनों में देख रहा हूं, जिस तरीके से आसन को चुनौती दी जा रही है। शब्दों से, पत्र के द्वारा, अखबार के माध्यम से कितनी गलत टिप्पणी की है। मैंने देखा है। मुझको यह चुनौती नहीं दी जा रही है। यह चुनौती सभापति पद को दी जा रही है।

वायुयान विधेयक 2024 लोस में पेश, सरकार का जवाब आज

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 8 अगस्त।

लोकसभा में गुरुवार को केंद्र सरकार ने भारतीय वायुयान विधेयक, 2024 लोकसभा में पेश किया। इस विधेयक में सरकार विमान यात्रा के बढ़ते किराए की नियंत्रण और एक पारदर्शी नीति लेकर आई है। विधेयक पर चर्चा के दौरान द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) और रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी (आरएसपी) ने विधेयक का नाम सिर्फ हिंदी में होने का विरोध किया। इस विधेयक पर शुक्रवार को केंद्र सरकार चर्चा का जवाब देगी।

द्रमुक, आरएसपी ने वायुयान विधेयक का नाम हिंदी में होने का विरोध किया।

लोकसभा में भारतीय वायुयान विधेयक, 2024 पर चर्चा में भाग लेते हुए द्रमुक सांसद दयानिधि मारन ने कहा कि हिंदी राष्ट्रीय भाषा नहीं है और वह अन्य भाषाओं की तरह एक सिर्फ एक भाषा है। उन्होंने नागरिक उड्डयन मंत्री के राममोहन नायडू को संबोधित करते हुए कहा कि अगर आप इस विधेयक का नाम तेलुगू में रखते तो हम इसकी सराहना करते। वहीं समाजवादी पार्टी के राजीव राय ने कहा कि देश में हवाई अड्डा सुरक्षा के आधुनिकीकरण की जरूरत है। जब हवाई किराए में वृद्धि का सवाल उठता है तो सरकार का कहना होता है कि हवाई किराया उनके नियंत्रण में नहीं है। ऐसा है तो सरकार 'हवाई चप्पल पहनने वाले को हवाई जहाज में बैठाने' का नारा क्यों देती है। उनकी पार्टी हवाई अड्डों के निजीकरण के सख्त खिलाफ है। हम संपत्तियां बनाने में विश्वास करते हैं, उन्हें बेचने में नहीं।

तृणमूल कांग्रेस के सौगत राय ने विमानन क्षेत्र के विकास और उड़ान कंपनियों को लाभ में लाने के लिए एक पारदर्शी नागर विमानन नीति की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि सरकार छोटे शहरों में हवाई अड्डे और छोटे स्थानों के बीच उड़ानों के परिचालन पर जोर दे रही है, लेकिन ऐसा केवल प्रतिष्ठा के लिए किया जा रहा है, क्योंकि इनसे कोई फायदा नहीं हो रहा।

वक्फ बोर्ड विधेयक पर नाराज दिखा विपक्ष, कहा

यह संविधान, संघवाद व अल्पसंख्यकों पर हमला

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 8 अगस्त।

वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक को पेश करने से पहले ही विपक्ष के तेवर लोकसभा में सख्त नजर आए। जैसे ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विधेयक पेश करने की अनुमति दी तो विपक्षी सांसदों ने सदन में शोर शराबा किया और पूरा विपक्ष विरोध में खड़ा हो गया।

विधेयक पेश होते समय विपक्ष के सांसदों ने किया शोर-शराबा।

शोर-शराबे के बीच अध्यक्ष ने व्यवस्था दी कि जिन सदस्यों ने बोलने की अनुमति मांगी है, उन्हें बोलने का मौका दिया जाएगा। इसके बाद सदन की कार्यवाही शुरू हुई। विपक्षी सदस्यों ने विधेयक का पुरजोर विरोध किया और कहा कि यह संविधान, संघवाद और अल्पसंख्यकों पर हमला है। मामले में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एन के प्रेमचंद्रन ने कहा कि इस विधेयक के माध्यम से केंद्र सरकार राज्यों के वक्फ बोर्ड को कमजोर कर रही है और इस विधेयक के बार राज्य के पास किसी प्रकार की कोई शक्तियां नहीं रह जाएंगी। इस विधेयक के माध्यम से केंद्र सरकार ने एक विशेष समुदाय को केंद्रित करने की कोशिश की है। इसी बीच समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने लोकसभा अध्यक्ष की शक्तियों को कम करने की टिप्पणी की, जिस पर खुद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आपत्ति जताई। यादव ने कहा कि भाजपा अपने 'हताश निराश कट्टर समर्थकों के लिए' यह विधेयक ला रही है। इसके बाद ओम बिरला ने आसन से कहा कि कोई भी सदस्य किसी भी मामले में व्यक्तिगत टिप्पणी नहीं करे। इसके बाद सदन में आगे की कार्यवाही शुरू हो पाई। समाजवादी पार्टी के सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने कहा कि मुसलिमों के साथ यह अन्याय क्यों किया जा रहा है? और संविधान को रौंदा जा रहा है। यह आप (सरकार) बहुत बड़ी गलती करने जा रहे हैं। इसका खामियाजा हमें सदियों तक भुगतना पड़ेगा। अगर यह कानून पारित हुआ तो अल्पसंख्यक खुद को सुरक्षित महसूस नहीं करेंगे, कहीं ऐसा नहीं हो कि जनता दोबारा सड़कों पर आ जाए। तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंदोपाध्याय ने कहा कि यह विधेयक अनुच्छेद 14 का उल्लंघन है व असंवैधानिक है। यह विधेयक धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन करने वाला तथा सहकारी संघवाद की भावना के खिलाफ है।

मानसून सत्र — लोकसभा में गुरुवार को वक्फ (संशोधन) विधेयक पेश करने के दौरान अपना पक्ष रखते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह।

जद (एकी) व तेदेपा ने कहा, पारदर्शिता आएगी

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 8 अगस्त।

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के दो प्रमुख घटक दलों जनता दल (एकी) और तेलगुदेसम पार्टी (तेदेपा) ने गुरुवार को लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक का समर्थन करते हुए कहा कि इससे वक्फ से जुड़ी संस्थाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित होगी।

हालांकि, तेदेपा ने कहा कि इस विधेयक पर व्यापक विचार-विमर्श के लिए इसे संसदीय समिति के पास भेजा जाना चाहिए। जद (एकी) के नेता और केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने लोकसभा में कहा कि कई (विपक्षी) सदस्यों की बातों से लग रहा है कि यह विधेयक मुसलमान विरोधी है। विपक्षी सदस्यों ने मंदिरों की बात की है, लेकिन मंदिर और संस्था में अंतर है। ललन सिंह ने कहा कि मस्जिदों के साथ छेड़छाड़ की जा रही है। वक्फ संस्था को पारदर्शी बनाने के लिए यह संशोधन लाया जा रहा है। उन्होंने 1984 के सिख विरोधी दंगों को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए सवाल किया कि हजारों सिखों को किसने मारा? विधेयक आना चाहिए और वक्फ संस्थाओं में पारदर्शिता लानी चाहिए। तेदेपा सांसद जीएम हरीश बालयोगी ने कहा कि अगर विधेयक संसदीय समिति को भेजा जाता है तो उनकी पार्टी को कोई आपत्ति नहीं होगी। वक्फ दानदाताओं के उद्देश्य की रक्षा की जानी चाहिए। जब उद्देश्य और शक्ति का दुरुपयोग होता है तो सुधार लाना और प्रणाली में पारदर्शिता लाना सरकार की जिम्मेदारी है।

बालयोगी ने कहा कि वे सरकार के इस प्रयास का समर्थन करते हैं। तेदेपा सांसद ने कहा कि हमारा मानना है कि वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण से देश के गरीब मुसलमानों और महिलाओं को मदद मिलेगी और पारदर्शिता आएगी। अगर विधेयक को आगे परामर्श के लिए संसद की समिति के पास भेजा जाता है तो उनकी पार्टी को कोई आपत्ति नहीं होगी।

अप्रभावी हो चुके मुसलमान वक्फ अधिनियम के निरसन के लिए लोस में विधेयक पेश

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 8 अगस्त।

आधुनिक भारत में वक्फ संपत्ति के प्रभावी प्रबंधन के लिए, अप्रचलित और अप्रभावी हो चुके मुसलमान वक्फ अधिनियम, 1923 को समाप्त करने वाला एक विधेयक गुरुवार को लोकसभा में पेश किया गया। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजीजू ने विपक्ष के शोर-शराबे के बीच मुसलमान वक्फ (निरसन) विधेयक, 2024 सदन में पेश किया।

रिजीजू ने कहा कि वक्फ अधिनियम, 1995 के माध्यम से वक्फ संपत्तियों के समरूप, पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासन को सुनिश्चित करने के लिए उक्त अधिनियम को निरसित करने का प्रस्ताव है। उन्होंने कहा कि इसे निरस्त किये जाने से अनावश्यक अधिनियम के सतत अस्तित्व के परिणामस्वरूप हुई विसंगतियां और अस्पष्टता समाप्त होंगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस कानून को बहुत पहले ही निरस्त कर दिया जाना चाहिए था, लेकिन अभी तक यह संभव नहीं हो सका था।

इस बीच विपक्ष के सदस्यों ने मुसलमान वक्फ संशोधन विधेयक को जेपीसी को भेजे जाने की सिफारिश के परिप्रेक्ष्य में इस विधेयक को पेश किए जाने पर सवाल खड़ा किया। इस पर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने संसदीय कार्यवाही से संबंधित नियम 67 का हवाला देते हुए कहा कि इस नियम के तहत दो समरूप विधेयकों में से एक को वापस लिया जा सकता है। इसके बाद अध्यक्ष ओम बिरला ने रिजीजू को विधेयक पुरःस्थापित करने को कहा।

वक्फ विधेयक : वर्ष 2015 से

संसदीय संयुक्त समिति को भेजा जाने वाला 11वां विधेयक

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 8 अगस्त।

विधेयक वर्ष 2015 से संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) को भेजे जाने वाले प्रमुख मसविदा विधेयकों की श्रृंखला में नवीनतम है। सरकार ने विधेयक के प्रावधानों पर विभिन्न विपक्षी दलों की आपत्तियों के बीच बृहस्पतिवार को संयुक्त संसदीय समिति को भेजने का फैसला किया।

अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि वे राजनीतिक दलों के नेताओं से बात करेंगे और समिति का गठन करेंगे। यदि एक सदन विधेयक को संयुक्त समिति को भेजने का फैसला करता है, तो वह दूसरे सदन को समिति के लिए सदस्यों को नामित करने के वास्ते सूचित करता है। प्रवर या संयुक्त समिति विधेयक पर दोनों सदनों की तरह ही हर खंड पर विचार करती है। समिति के सदस्य विभिन्न खंडों में संशोधन पेश कर सकते हैं। समिति उन संघों, सार्वजनिक निकायों या उन विशेषज्ञों से भी जानकारी ले सकती है, जो विधेयक में रुचि रखते हैं।

वन (संरक्षण) संशोधन विधेयक, 2023, संयुक्त पैनल को भेजा जाने वाला अंतिम विधेयक था। अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि वे राजनीतिक दलों के नेताओं से बात करेंगे और समिति का गठन करेंगे।

विधेयक पर विचार किए जाने के बाद समिति सदन को अपनी रपट सौंपती है। जो सदस्य बहुमत की रपट से सहमत नहीं हैं, वे इस पर असहमति जता सकते हैं।

संयुक्त समिति को भेजे गए विधेयकों में भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनर्स्थापन में उचित मुआवजा और पारदर्शिता का अधिकार (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2015, दिवाला और दिवालियापन संहिता, 2015, सुरक्षा हित का प्रवर्तन और ऋण वसूली कानून तथा विविध प्रावधान (संशोधन) विधेयक, 2016 एवं नागरिकता अधिनियम, 1955 में संशोधन करने वाला विधेयक शामिल हैं। वन (संरक्षण) संशोधन विधेयक, 2023, संयुक्त पैनल को भेजा जाने वाला अंतिम विधेयक था।

पेज 1 का बाकी

नीरज को रजत, नदीम को स्वर्ण

छठा और आखिरी थ्रो 91.79 मीटर का लगाया। पाकिस्तान का 1992 बार्सीलोना ओलंपिक के बाद यह पहला ओलंपिक पदक है। इससे पहले दस मुकाबलों में नीरज ने हमेशा नदीम को हराया था। पिछला ओलंपिक कीर्तिमान नार्वे के आंद्रियास टी के नाम था जिन्होंने 2008 में बेजिंग खेलों में 90.57 मीटर का थ्रो फेंका था । ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स तीसरे स्थान पर रहे ।

नीरज चोपड़ा ने गुरुवार को प्रतिष्ठित स्टेड डी फ्रांस में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में अपना दूसरा ओलंपिक पदक जीता। चार साल पहले तोक्यो में उन्होंने स्वर्ण पदक जीता था। लंबे कद के अरशद ने अपनी स्वर्णिम सफलता में दो बार 90 मीटर का आंकड़ा पार किया, जो कि ओलंपिक कीर्तिमान है। नीरज चोपड़ा के पांच थ्रो फाउल रहे।

नीरज का पहला थ्रो फाउल रहा, क्योंकि वे थ्रो करते ही गिर गए और उनका पैर लाइन पार कर गया। नीरज का दूसरा थ्रो 89.45 मीटर की दूरी पर पहुंचा । इससे वे अरशद नदीम के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गए, जिन्होंने 92.97 मीटर की दूरी के साथ ओलंपिक रिकार्ड तोड़ा है। नीरज चोपड़ा का तीसरा थ्रो फाउल रहा, क्योंकि भाला मुश्किल से 75 मीटर तक पहुंचते देखकर नीरज चोपड़ा ने जानबूझकर लाइन पार करने का फैसला किया। नीरज चोपड़ा का चौथा थ्रो भी फाउल रहा। वे थ्रो करते ही गिर गए और भाला मुश्किल से 80 मीटर पार कर पाया। यहां भी नीरज चोपड़ा लाइन के पार जाने का विकल्प चुनते हैं और उस थ्रो के एवज में उन्हें कोई अंक नहीं मिलता। नीरज चोपड़ा का पांचवां थ्रो भी फाउल हुआ। नीरज फिसलकर जमीन पर गिर गए और उनका शरीर एक बार फिर लाइन पार कर गया। उनमें हताशा के लक्षण दिखाई दे रहे थे, जो दुर्लभ है। पेरिस ओलंपिक 2024 में रजत पदक जीतने के साथ ही नीरज चोपड़ा व्यक्तिगत खेलों में ओलंपिक में सबसे ज्यादा पदक जीतने वाले भारतीय बन गए हैं। बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु (1 रजत, 1 कांस्य), पहलवान सुशील कुमार (1 रजत, 1 कांस्य) और निशानेबाज मनु भाकर (2 कांस्य) ने आजादी के बाद 2-2 ओलंपिक पदक जीते हैं।

आठ साल से इंटरनेशनल सर्किट में दम दिखा रहे नीरज चोपड़ा अगर स्वर्ण पदक जीत जाते तो ओलंपिक इतिहास में खिताब बरकरार रखने वाले पांचवें पुरुष भाला फेंक खिलाड़ी बनते।

ओलंपिक की पुरुष भाला फेंक स्पर्धा में अभी तक एरिक लेमिंग (स्वीडन, 1908 और 1912), जोन्नी माइरा (फिनलैंड, 1920 और 1924), चोपड़ा के आदर्श जान जेलेंजी (चेक गणराज्य, 1992 और 1996) और आंद्रियास टी (नार्वे, 2004 और 2008) की ओलंपिक में भाला फेंक स्पर्धा में अपने खिताब का बचाव कर पाए हैं।

भारत ने स्पेन को हराया, लगातार दूसरा कांसा

भारत ने लगातार दो ओलंपिक में पदक जीते हैं। इससे पहले 1968 में मैक्सिको और 1972 में म्युनिख ओलंपिक में भारत ने कांस्य जीता था। इस मैच के साथ ही भारत के लिए 336 मैच खेलने वाले महान गोलकीपर श्रीजेश ने अंतरराष्ट्रीय हाकी को अलविदा कह दिया।

जर्मनी के हाथों सेमीफाइनल में मिली हार का गम भुलाकर भारतीय टीम फिर युवेस डु मनोइर स्टेडियम पर उतरी तो हर खिलाड़ी का एक ही लक्ष्य था कि खाली हाथ नहीं लौटना है। भारतीय टीम के लिए हरमनप्रीत सिंह ने 30वें और 33वें मिनट में गोल किया और स्पेन के लिए मार्क मिरालेस ने 18वें मिनट में गोल दागा। सेमीफाइनल में नीदरलैंड से चार गोल से एकतरफा पराजय का सामना करने वाली स्पेनिश टीम ने आक्रामक शुरुआत की और पहले क्वार्टर में भारत को एक भी पेनल्टी कार्नर नहीं बनाने दिया। भारत के पास छठे मिनट में खाता खोलने का मौका था, जब हार्दिक सिंह ने सुखजीत सिंह को पास दिया लेकिन वह सही निशाना नहीं साध सके। स्पेन के लिए दसवें मिनट में मोस मारिया बास्टेरा के शाट का हरमनप्रीत ने बचाव किया।

पहले क्वार्टर तक कोई टीम गोल नहीं कर सकी। दूसरे क्वार्टर में स्पेन की ओर से गोल किया गया।स्पेन को इसके बाद पेनल्टी कार्नर भी मिला लेकिन रोहिदास ने बचाव किया। रोहिदास ने रक्षात्मक में बेहतरीन प्रदर्शन किया। स्पेन की टीम 25वें मिनट में एक और गोल करने के करीब पहुंची, जब गेरार्ड क्लापेस ने सुमित से गेंद छीनी और श्रीजेश के ठीक सामने उन्हें चकमा देकर गोल के भीतर डालने की कोशिश की और भारतीय टीम भाग्यशाली रही कि उनका निशाना ठीक नहीं लगा। भारत को मैच का पहला पेनल्टी कार्नर 28वें मिनट में मिला लेकिन रोहिदास गोल नहीं कर सके। हाफटाइम से कुछ सेकंड पहले मिले पेनल्टी कार्नर पर गोल करके हरमनप्रीत ने भारत को बराबरी दिलाई। ब्रेक के बाद भारतीय टीम आक्रामक तेवरों के साथ उतरी और तीसरे ही मिनट में मिले पेनल्टी कार्नर को गोल में तब्दील करके हरमनप्रीत ने 2-1 से बढ़त दिला दी। हरमनप्रीत का यह टूर्नामेंट में 11वां गोल था। भारत को 37वें और स्पेन को 40वें मिनट में मिला पेनल्टी कार्नर बेकार गया। आखिरी पंद्रह मिनट में सुखजीत ने फिर एक मौका गंवाया, जबकि स्पेन को 59वें मिनट में दो और फिर आखिरी मिनट में मिले दो और पेनल्टी कार्नर बेकार गए।राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री ने दी बधाईराष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 'एक्स' पर लिखा कि पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने पर हाकी टीम को हार्दिक बधाई। भारतीय हाकी के पुनरुत्थान के लिए टीम प्रशंसा की पात्र है। उन्होंने भारत को गौरवान्वित किया है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'एक्स' पर लिखा कि एक ऐसी उपलब्धि जिसे आने वाली पीढ़ियां याद रखेंगी। भारतीय हाकी टीम ने ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य जीता। यह खिलाड़ियों की सफलता कौशल, दृढ़ता और टीम भावना की जीत है।

बांग्लादेश में भारतीय वीजा केंद्र बेमुद्दत बंद

है। भारत ने बांग्लादेश में जल्द कानून-व्यवस्था बहाल होने की भी उम्मीद जताई।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक प्रेस वार्ता में कहा, 'जहां तक भारत का सवाल है, बांग्लादेश के लोगों के हित हमारे लिए सबसे महत्त्वपूर्ण हैं।' उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में स्थिति अभी लगातार बदल रही है। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना भारत से कब जाएंगी, इस बारे में सवाल पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, 'हमें उनकी योजना के बारे में कोई जानकारी नहीं है।'

बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदायों पर हमलों की खबरों के बारे में सवाल पर जायसवाल ने कहा कि भारत स्थिति पर नजर रख रहा है। उन्होंने कहा कि भारत बांग्लादेश में भारतीय मिशन, वहां तैनात कर्मियों और वहां रहने वाले भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों के संपर्क में है।

अब कुछ ही घंटों में होगा चेक का भुगतान

पर समाशोधन की व्यवस्था की जाएगी। आरबीआई के अनुसार, 'नई व्यवस्था में चेक को 'स्कैन' किया जाएगा, उसे प्रस्तुत किया जाएगा और कुछ घंटों में समाशोधन किया जाएगा। इससे चेक का समाशोधन कुछ घंटे में हो जाएगा जबकि अभी दो दिन तक का समय (टी प्लस 1) लगता है।

दास ने कहा कि इस संबंध में विस्तृत दिशानिर्देश जल्दी ही जारी किए जाएंगे। दूसरी ओर, यूपीआइ के जरिये कर भुगतान की सीमा एक लाख से बढ़ाकर पांच लाख रुपए करने की घोषणा की गई है। दास ने कहा कि यूपीआइ अपनी सहज सुविधाओं से भुगतान का सबसे पसंदीदा तरीका बन गया है। वर्तमान में, यूपीआइ के लिए कर भुगतान की सीमा एक लाख रुपए है। दास ने कहा कि विभिन्न उपयोग-मामलों के आधार पर, रिजर्व बैंक ने समय-समय पर पूंजी बाजार, आइपीओ अभिदान, ऋण संग्रह, बीमा, चिकित्सकीय और शैक्षिक सेवाओं आदि जैसी कुछ श्रेणियों के लिए सीमाओं की समीक्षा की है और उन्हें बढ़ाया है। दास ने कहा, 'चूंकि प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर भुगतान सामान्य, नियमित तथा उच्च मूल्य के हैं। इसलिए यूपीआइ के जरिये कर भुगतान की सीमा को एक लाख रुपए से बढ़ाकर पांच लाख प्रति लेनदेन करने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में आवश्यक निर्देश अलग से जारी किए जाएंगे।'

आरबीआइ के अनुसार, यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआइ) का उपयोगकर्ता आधार 42.4 करोड़ हो गया है। हालांकि, उपयोगकर्ता आधार के और विस्तार की संभावना है। यूपीआइ में 'डेलिगेटेड पेमेंट्स' शुरू करने का भी प्रस्ताव है।

दास ने कहा कि 'डेलिगेटेड पेमेंट्स' से एक व्यक्ति (प्राथमिक उपयोगकर्ता) को प्राथमिक उपयोगकर्ता के बैंक खाते पर किसी अन्य व्यक्ति (द्वितीयक उपयोगकर्ता) के लिए यूपीआइ लेनदेन सीमा निर्धारित करने की अनुमति मिलेगी। इससे देशभर में डिजिटल भुगतान की पहुंच और उपयोग में वृद्धि होने की उम्मीद है। इस संबंध में भी विस्तृत निर्देश जल्द ही जारी किए जाएंगे। इसके साथ ही आरबीआइ ने अनधिकृत कंपनियों की जांच के लिए डिजिटल ऋण देने वाले ऐप के सार्वजनिक तौर पर आंकड़े तैयार करने का प्रस्ताव दिया है।

वक्फ संशोधित विधेयक जेपीसी को भेजा गया

कि इस विधेयक को पूर्व केंद्र सरकार के कार्यकाल में बनी समिति की सिफारिशों के अनुरूप तैयार किया गया है। विधेयक में किसी धार्मिक स्वतंत्रता में हस्तक्षेप नहीं किया जा रहा है तथा संविधान के किसी भी अनुच्छेद का उल्लंघन नहीं किया गया है। वक्फ संशोधन पहली बार सदन में पेश नहीं किया गया है। आजादी के बाद सबसे पहले 1954 में यह विधेयक लाया गया, इसके बाद कई संशोधन किए गए। रिजीजू ने कहा कि व्यापक स्तर पर विचार-विमर्श के बाद यह संशोधन विधेयक लाया गया है, जिससे मुसलिम महिलाओं और बच्चों का कल्याण होगा। उन्होंने कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के समय बनी सच्चर समिति और एक संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) का उल्लेख किया और कहा कि इनकी सिफारिशों के आधार पर यह विधेयक लाया गया। विपक्षी दलों ने वक्फ संशोधन विधेयक को लोकसभा में पेश किए जाने का विरोध करते हुए कहा कि यह संविधान और संघवाद पर हमला है तथा अल्पसंख्यकों के खिलाफ है। कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा कि यह विधेयक संविधान पर हमला है। उन्होंने सवाल किया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश से अयोध्या में मंदिर बोर्ड का गठन किया गया। क्या कोई गैर हिंदू इसका सदस्य हो सकता है। फिर वक्फ परिषद में गैर मुसलिम सदस्य की बात क्यों की जा रही है?' वेणुगोपाल ने दावा किया कि यह विधेयक आस्था और धर्म के अधिकार पर हमला है। अभी आप मुसलिम पर हमला कर रहे हैं, फिर ईसाई पर करेंगे, उसके बाद जैन पर करेंगे। यह विधेयक महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखंड के चुनाव के लिए लाया गया है, लेकिन देश की जनता अब इस तरह की विभाजन वाली राजनीति पसंद नहीं करती। वहीं समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि यह बहुत सोची समझी राजनीति के तहत हो रहा है। विधेयक में सारी ताकत जिला अधिकारी को देने की बात की गई है और सबको पता है कि एक जगह एक जिलाधिकारी ने क्या किया था।

www.readwhere.com

BERVIN INVESTMENT & LEASING LIMITED

Regd. Office: 607, Rohit House, 3 Tolstoy Marg, New Delhi-110001
CIN : L65993DL1990PLC039397, Web: www.bervin.com, Email: secretary@bervin.com

STATEMENT OF UNAUDITED STANDALONE FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED 30TH JUNE 2024 (Amount in Lacs)

Sl. No.	Particulars	Quarter Ended			Year Ended
		30.06.2024	31.03.2024	30.06.2023	31.03.2024
		Unaudited	Audited	Unaudited	Audited
1.	Total Income from Operations	229.92	55.87	1,211.13	1,206.84
2.	Net Profit/(Loss) for the period before tax (before Exceptional and/or Extraordinary items)	203.57	33.69	1,160.07	1,053.02
3.	Net Profit/(Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	203.57	33.69	1,160.07	1,053.02
4.	Net Profit/(Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	173.57	(157.68)	1,160.07	861.65
5.	Total Comprehensive Income for the period {Comprising Profit/ (Loss) for the period (after tax) and other Comprehensive Income (after tax)}	173.57	(157.68)	1,160.07	861.65
6.	Equity Share Capital	589.81	589.81	589.81	589.81
7.	Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year)	3,289.69	3,289.69	1,215.28	3,289.69
8.	Earnings Per Share (of Rs. 10/- Each) (For continuing and Discontinued operations)	31.03.2024	31.03.2024	31.03.2023	31.03.2024
	(1) Basic	2.92	(2.67)	19.67	14.61
	(2) Diluted	2.92	(2.67)	19.67	14.61

NOTES:

1) No Leasing Business has been undertaken during the quarter.
2) The above results were reviewed by the Audit Committee and thereafter taken on record and approved by Board of Directors at their meeting held on 08.08.2024.
3) Figures for the quarter ended 30th June 2023 have been regrouped wherever necessary to make them comparable with figures of the current quarter ended 30th June 2024.
4) As the Company is engaged in a single primary business segment, the disclosure requirement of Accounting Standard (AS-17) 'Segment Reporting' notified under Section 133 of the Companies Act, 2013, read together with paragraph 7 of the Companies (Accounts) Rules, 2014 and the relevant provisions of the Companies Act, 2013 are not applicable.
5) The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchanges for the Quarter ended 30th June 2024 under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The detailed format of the same is available on the Stock Exchange website (www.bseindia.com) & Company's website (www.bervin.com)

For and on behalf of the Board of Directors
Sd/-
S. K. Murgai (Director)
DIN : 00040348

Place : New Delhi
Date : 08.08.2024

Criminal Court, Ludhiana
(Compact Disc negotiable instrument act)
In The Court Of Ms. Lovepreet Kaur Swaich JMIC, Ludhiana
Kotak Mahindra Bank Vs.
Ram Singh Manral
CNR NO: PBLD03-022459-2020
COMA/5456/2020
Notice To: 1) Ram Singh Manral Address- 30 10 C Indira Vikas Colony North West Delhi Delhi- 110009
Whereas it has been proved to the satisfaction of this court that you the accused above named cannot be served in the ordinary way of service. Hence this proclamation under section 82 CRPC is hereby issued against you with a direction that you should appear personally before this court on 09-09-2024 at 10:00 a.m. or within 30 days from the date of publication of this proclamation take notice that, in default of your part to appear as directed above the above said case will be heard and determined as per law, in your absence Given under my hand and the seal of the court, for details logon to: https://highcourtchd.gov.in/?lrs=district_notice&district=Sangrur
Sh. Neeraj Kumar Singla Additional Civil Judge (Senior Division) Dhuri
JMIC Ludhiana

COURT NOTICE
(U/o 5 Rule 20 CPC)
In The Court Of Sh. Neeraj Kumar Singla Additional Civil Judge (Senior Division)
M/s Dhuri Polymers Bgrian Road, Dhuri Through Its Partner Rakesh Kumar S/o Gian Chand
Vs.
Sanjay Sharma Prop. M/s Mayank Machinery Traders
CS/436/2021
CNR NO: PBSG80-000628-2021
Next Date: 06-09-2024
Publication Issued To: Sanjay Sharma Prop. M/s Mayank Machinery Traders : Agra Gate, Firozabad
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/ respondent(s) should appear in person or through counsel on 06-09-2024 at 10.00 a.m. for details logon to: https://highcourtchd.gov.in/?lrs=district_notice&district=Sangrur
Sh. Neeraj Kumar Singla Additional Civil Judge (Senior Division) Dhuri

---

ऋचा इंडस्ट्रीज लिमिटेड

रजि. कार्यालयः प्लॉट नं. 29, डीएलएफ औद्योगिक क्षेत्र, फेज –II, फरीदाबाद–121003, हरियाणा,
टेलीफोनः 0129–4133968, फैक्सः 0129–4133969, सीआईएनः L17115HR1993PLC032108
ई–मेलः richa@richa.in] irpricha@gmail.com, ncltricha@gmail.com वेबसाइटः www.richa.in

29वीं वार्षिक आम बैठक, बुक क्लोजर और ई-वोटिंग के लिए सूचना

1. एतदद्वारा सूचना दी जाती है कि कंपनी की 29वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) शनिवार 31 अगस्त, 2024 को पूर्वाह्न 11:30 बजे ,वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ("वीसी")/ अन्य ऑडियो विजुअल के माध्यम से कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधान एवं उसके तहत बनाए गए नियमों और सेबी (सूचीकरण दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 (सेबी एलओडीआर विनियम")के साथ पठित कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी किया गया ('एमसीए परिपत्र') 8 अप्रैल, 2020 के परिपत्र संख्या 14/2020, 13 अप्रैल 2020 के परिपत्र संख्या 17/2020, 5 मई 2020 के परिपत्र संख्या 20/2020, और परिपत्र संख्या 02/2022 दिनांक 05 मई, 2022 के साथ पठित 02/2022, दिनांक 05 मई, 2022, 02/2021 दिनांक 13 जनवरी 2021 तथा सेबी परिपत्र संख्या सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी1/सीआईआर/पी/2020/79 दिनांक 12 मई,2020 और सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी2 /सीआईआर/पी/2022/62 दिनांक 13 मई, 2022 ('सेबी परिपत्र') (एमसीए परिपत्र और सेबी परिपत्रों को सामूहिक रूप से 'परिपत्र' कहा जाता है) के अनुपालन में उक्त बैठक बुलाने के नोटिस में निर्धारित व्यवसायों को लेन–देन करने आयोजित की जाएगी। सदस्य एक सामान्य स्थान पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) या अन्य ऑडियो विजुअल माध्यमों (ओएवीएम) के माध्यम से आगामी एजीएम में उपस्थित होने में सक्षम होंगे और उसमें भाग लेने हेतु सुनिश्चित है। परिपत्रों के अनुपालन में, कंपनी की एजीएम वीसी/ओएवीएम के माध्यम से आयोजित की जा रही है।
2. परिपत्रों के अनुपालन में, ई–एजीएम की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट 2022–23 की इलेक्ट्रॉनिक प्रतियां उन सभी सदस्यों को भेज दी गई हैं, जिनके ईमेल आईडी डिपॉजिटरी/आरटीए/कंपनी के पास पंजीकृत हैं। ई–मेल के माध्यम से एजीएम की सूचना का प्रेषण 08 अगस्त, 2024 को पूरा कर लिया गया है।
3. कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 10 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 91(1) के प्रावधान और कंपनी अधिनियम, 2013 और सेबी (सूचीकरण दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015, में से कोई भी अन्य लागू प्रावधान के अनुसार कंपनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर हस्तांतरण पुस्तकें 24 अगस्त, 2024 से 31 अगस्त, 2024 तक (दोनों दिन सम्मिलित) वार्षिक आम बैठक के उद्देश्य से बंद रहेंगी।
4. कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 और सेबी (सूचीकरण दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकता) विनियम, 2015 के नियम 44 के प्रावधानों के अनुसार, कंपनी रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट, मैसर्स लिंक इनटाइम इंडिया प्रा. लिमिटेड प्रदान की गई सेवाएं 29वीं ई–एजीएम के नोटिस में निर्धारित सभी प्रस्तावों पर सदस्यों को रिमोट ई–वोटिंग (एजीएम से पहले) और ई–वोटिंग (एजीएम के दौरान) के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डालने की सुविधा प्रदान की जाती है। कंपनी ने मैसर्स अरुण गोयल एंड एसोसिएट्स, प्रैक्टिसिंग कंपनी सेक्रेटरी को ई–वोटिंग प्रक्रिया की जांच करने के लिए संवीक्षक के रूप में नियुक्त किया है।
5. रिमोट ई–वोटिंग बुधवार, 28 अगस्त, 2024 को सुबह 9.00 बजे शुरू होगी और शुक्रवार, 30 अगस्त, 2024 को शाम 5.00 बजे समाप्त होगी। इस अवधि के दौरान कंपनी के शेयरधारक जो भौतिक रूप में या डीमैटेरियलाइज्ड रूप में शेयरों को रखते है वे इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट दे सकते हैं। इसके बाद ई–एजीएम के दौरान वोटिंग के लिए ई–वोटिंग मॉड्यूल निष्क्रिय कर दिया जाएगा।
6. ई–एजीएम से पहले रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट डालने वाले सदस्य भी वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से ई–एजीएम में भाग ले सकते हैं, लेकिन वे ई–एजीएम के दौरान उपलब्ध ई–वोटिंग सुविधा के माध्यम से दोबारा वोट डालने के हकदार नहीं होंगे।
7. सदस्यों के मतदान अधिकार शनिवार, 24 अगस्त, 2024 (कट–ऑफ डेट) को कंपनी की पेड–अप इक्विटी शेयर पूंजी में उनके द्वारा धारित इक्विटी शेयरों के अनुपात में होंगे। एक व्यक्ति जिसका नाम सदस्यों के रजिस्टर में दर्ज है या डिपॉजिटरी द्वारा बनाए गए लाभार्थी स्वामी के रजिस्टर में कट–ऑफ तारीख के अनुसार दर्ज है, वह ई–एजीएम में शामिल होने के लिए रिमोट ई–वोटिंग और ई–एजीएम के दौरान ई–वोटिंग सुविधा का लाभ उठाने का हकदार होगा। एक व्यक्ति जो कट–ऑफ तिथि के अनुसार सदस्य नहीं रह जाता है, उसे इस नोटिस को केवल सूचना के उद्देश्य से मानना चाहिए।
हीट एक में ज्योति ने 13.17 सेकंड का समय लिया। उन्होंने रेपेचेज दौर में हिस्सा लेने वाली 21 धावकों में 16वां स्थान हासिल किया। ज्योति की हीट से दक्षिण अफ्रीका की मारियोन फोरी और नीदरलैंड की मायकी जिन-ए-लिम ने पहले दो स्थान पर रहते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई। रेपेचेज की प्रत्येक तीन हीट से शीर्ष दो धावकों ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ज्योति इन खेलों की सौ मीटर बाधा दौड़ में भाग लेने वाली पहली भारतीय भी हैं।

पूजा खेडकर ने अग्रिम जमानत के लिए दिल्ली हाई कोर्ट का रुख किया

नई दिल्ली, 8 अगस्त (भाषा)।

धोखाधड़ी और गलत तरीके से अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) तथा दिव्यांग कोटा का लाभ हासिल करने की आरोपी भारतीय प्रशासनिक सेवा (आइएएस) की पूर्व प्रशिक्षु अधिकारी पूजा खेडकर ने अपने खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले में अग्रिम जमानत के लिए गुरुवार को दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख किया।

अग्रिम जमानत के लिए खेडकर की याचिका पर शुक्रवार को न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद के समक्ष सुनवाई होनी है। खेडकर ने आरक्षण का लाभ पाने के लिए यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा, 2022 के अपने आवेदन में कथित तौर पर गलत जानकारी दी थी। यूपीएससी ने 31 जुलाई को खेडकर की उम्मीदवारी रद्द कर दी और उन्हें भविष्य की परीक्षाओं से वंचित कर दिया। एक अगस्त को यहां की एक सत्र अदालत ने खेडकर को अग्रिम जमानत देने से इनकार करते हुए कहा था कि उनके खिलाफ गंभीर आरोप हैं जिनकी गहन जांच की आवश्यकता है।

सोनिया गांधी से मिले उद्धव ठाकरे

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 8 अगस्त।

शिवसेना (उद्धव) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने गुरुवार को कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी से मुलाकात की। सोनिया गांधी के आवास '10 जनपथ' पर हुई इस मुलाकात के दौरान उद्धव के पुत्र आदित्य ठाकरे भी मौजूद थे।

ठाकरे ने बुधवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और 'इंडिया' गठबंधन के कुछ अन्य नेताओं से मुलाकात की थी। वे महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे पर बातचीत के लिए दिल्ली में थे।

सूत्रों का कहना है कि महा विकास आघाडी (एमवीए) महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे को अगले महीने तक अंतिम रूप देगा और उम्मीदवारों के चयन का आधार पिछला चुनावी प्रदर्शन नहीं, बल्कि जीत की संभावना होगा। हाल के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस एमवीए गठबंधन में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाली पार्टी के रूप में उभरी थी। इसने जिन 17 सीट पर चुनाव लड़ा था और 13 सीट जीती थीं। उसके बाद शिवसेना- उद्धव बालासाहेब ठाकरे (शिवसेना-उद्धव) (नौ) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार (राकांपा-एसपी) (आठ) रही थीं।

'केजरीवाल की पत्नी को समर्थन का आश्वासन दिया'

शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने गुरुवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर जाकर उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल से मुलाकात की। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री के साथ उनके बेटे आदित्य ठाकरे और पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय राउत भी थे।

ठाकरे की सुनीता केजरीवाल से मुलाकात के दौरान आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह और राघव चड्ढा भी मौजूद थे। सिंह ने कहा कि वे यहां केजरीवाल की पत्नी, उनके माता-पिता और बेटी से मिलने आए थे। मौजूदा हालात, तानाशाही पर चर्चाएं हुईं। केजरीवाल के मामले में कानून व्यवस्था के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है कि निचली अदालत का आदेश अपलोड होने से पहले उनकी जमानत पर रोक लगा दी गयी और फिर सीबीआइ ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

सिंह ने आरोप लगाया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) विपक्ष की आवाज दबाने के लिए उसके खिलाफ सरकारी हथियार हैं। 'आप' नेता ने कहा कि हम तानाशाही के खिलाफ एक साथ मिलकर लड़ेंगे। उद्धव ने सुनीता भाभी और उनके परिवार को आश्वस्त किया कि हर कोई इस मुश्किल वक्त में उनके साथ है। बाद में, आदित्य ठाकरे ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि उद्धव बालासाहेब ठाकरे ने सुनीता केजरीवाल से मुलाकात की। हम उन ताकतों के खिलाफ लड़ाई में एकजुट हैं जो भारत के ताने-बाने को नष्ट करना चाहती हैं।

चुनाव आयोग से जम्मू और कश्मीर में जल्द चुनाव की मांग

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 8 अगस्त।

जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने के लिए शीर्ष अदालत द्वारा निर्धारित समय-सीमा के नजदीक आने के मद्देनजर निर्वाचन आयोग ने केंद्र शासित प्रदेश के राजनीतिक दलों और जिला प्रशासन तथा पुलिस प्रमुखों के साथ गुरुवार को बैठकें कीं और चुनाव कराने के लिए उनसे प्रतिक्रिया ली।

निर्वाचन आयोग का एक दल जम्मू और कश्मीर पहुंचा।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार के नेतृत्व में टीम सुबह यहां पहुंची और शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (एसकेआइसीसी) में नेशनल कान्फ्रेंस (एनसी), पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी), भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), कांग्रेस और जम्मू-कश्मीर पैंथर्स पार्टी (जेकेपीपी) सहित पंजीकृत राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। राजनीतिक दलों के सभी प्रतिनिधियों ने जम्मू-कश्मीर में तत्काल विधानसभा चुनाव कराने की मांग की। आयोग के प्रतिनिधिमंडल में निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और एसएस संधू भी शामिल हैं। टीम जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनावों की तैयारियों की समीक्षा करने और राजनीतिक दलों से प्रतिक्रिया लेने के लिए तीन दिवसीय दौरे पर यहां आई है।

आयोग की टीम अपने दौरे के दूसरे चरण के तहत जम्मू रवाना होने से पहले शुक्रवार सुबह मुख्य सचिव अटल डुल्लू और पुलिस महानिदेशक आरआर स्वैन के साथ बैठक करेगी। आयोग की टीम का दौरा 10 अगस्त को जम्मू में समाप्त होगा, जहां वह कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ समीक्षा बैठक करेगी। वह एक प्रेस वार्ता भी करेगी। जम्मू-कश्मीर में 2014 के बाद से विधानसभा चुनाव नहीं हुए हैं। 2018 में तत्कालीन पूर्ण राज्य की विधानसभा के भंग होने के बाद चुनाव 2019 की शुरुआत में होने थे।

विशेष अदालत ने एम्ब्रेयर मामले में सीबीआइ से रपट मांगी, मुकदमा आगे बढ़ाने से किया इनकार

नई दिल्ली, 8 अगस्त (ब्यूरो)।

एक विशेष अदालत ने एम्ब्रेयर विमान सौदा भ्रष्टाचार मामले में आगे की सुनवाई से इनकार कर दिया है। अदालत ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) के आरोपपत्र को अधूरा बताते हुए कहा कि अधिकारी आठ साल पुराने मामले में जांच पूरी करने की समयसीमा नहीं दे सके।

अदालत ने एजंसी को जांच की स्थिति पर रपट प्रस्तुत करने का निर्देश देते हुए कहा है कि इसे चार सप्ताह में विधिवत रूप से भेजा जाना चाहिए। सीबीआइ ने भ्रष्टाचार के मामले में पिछले साल एक जून को हथियार डीलर अरविंद खन्ना, वकील गौतम खेतान और व्यवसायी अनूप गुप्ता के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया था। इन मामलों में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के साथ तीन विमानों का सौदा ब्राजील की कंपनी एम्ब्रेयर के पक्ष में कराने के लिए कथित तौर पर 57.6 लाख अमेरिकी डालर की रिश्वत दी गई थी। अदालत ने पिछले वर्ष आरोपियों के खिलाफ आरोपों का संज्ञान लिया था, लेकिन मुकदमा आगे नहीं बढ़ सका क्योंकि सीबीआइ ने अदालत को यह नहीं बताया कि जांच पूरी करने के लिए कितना समय और चाहिए। हाल में सीबीआइ ने अदालत में कहा कि जांच जारी है, क्योंकि चार देशों सिंगापुर, ब्राजील, संयुक्त अरब अमीरात और ब्रिटेन से अनुरोध पत्र लंबित हैं। बुधवार को मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि जांच अधिकारी जांच पूरी करने के लिए आवश्यक अस्थायी समय बताने में विफल रहे हैं। अदालत ने कहा कि वर्तमान मामले में आरोप 2003 के बाद की अवधि से संबंधित हैं और प्राथमिकी 2016 में दर्ज की गई थी।

गुजरात : चोरी के शक में दो आदिवासियों की पीट-पीट कर हत्या, छह लोग गिरफ्तार

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 8 अगस्त।

गुजरात के नर्मदा जिले के केवड़िया में 'स्टैच्यू आफ यूनिटी' के पास निर्माणाधीन 'आदिवासी संग्रहालय' स्थल पर चोरी के संदेह में छह श्रमिकों के एक समूह ने दो आदिवासियों की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी। इस मामले में कथित रूप से शामिल छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। एक पुलिस अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

नर्मदा के पुलिस अधीक्षक प्रशांत सुम्बे ने बताया कि यह वारदात छह अगस्त की रात को हुई और मृतकों की पहचान जयेश तड़वी और संजय तड़वी के रूप में हुई है। एसपी ने कहा कि छह निर्माण मजदूरों के एक समूह ने केवड़िया निवासी जयेश और पास के गभान गांव के संजय को बांध दिया और फिर उनकी पिटाई की। जयेश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि संजय ने आज सुबह राजपीपला के सरकारी अस्पताल में दम तोड़ दिया।

संजय तड़वी के मृत्यु पूर्व दिए गए बयान के अनुसार, वह और जयेश खेत मजदूर थे और रात के समय निर्माण स्थल पर घुसे थे, ताकि कुछ धातु का टुकड़ा चुराकर बेच सकें। उन्हें पकड़ लिया गया और फिर उनकी पिटाई की गई। हमने इस मामले में कथित रूप से शामिल छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। उन पर हत्या का आरोप लगाया गया है। भरूच सीट से भाजपा सांसद मनसुख वसावा ने कहा कि कंपनी पहले ही मृतकों के परिजनों को 20-20 लाख रुपए का भुगतान कर चुकी है।

दिल्ली हाई कोर्ट पहुंचे पहलवानों के वकील ने कहा

पेरिस में विनेश के संबंध में निर्णय ले रहे थे भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष संजय सिंह

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 8 अगस्त।

पेरिस ओलंपिक में अयोग्य घोषित किए जाने के एक दिन बाद पहलवान विनेश फोगाट के वकील ने गुरुवार को दिल्ली हाई कोर्ट में आरोप लगाया कि भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्लूएफआइ) और उसके अध्यक्ष संजय सिंह ओलंपिक में उनके भाग्य पर छद्म निर्णय ले रहे थे। फोगाट के वकील राहुल मेहरा ने कहा कि यह तब हुआ जब भारतीय कुश्ती महासंघ को दिसंबर 2023 में खेल मंत्रालय ने भंग कर दिया था।

पहलवान फोगाट, बजरंग पुनिया और अन्य ने इस साल की शुरुआत में दिल्ली हाई कोर्ट के समक्ष एक याचिका दायर की थी जिसमें मांग की गई थी कि पिछले साल भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्लूएफआइ) के पदाधिकारियों के चुनाव को रद्द करने और अवैध घोषित करने का अनुरोध किया गया है।

दिल्ली हाई कोर्ट ने पहलवान बजरंग पुनिया, विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और उनके पति सत्यव्रत कादियान की याचिका पर 12 सितंबर को सुनवाई की तारीख तय की है।

गुरुवार को, याचिकाकर्ताओं, जिनमें फोगाट भी शामिल हैं, ने अपने वकील के माध्यम से अदालत से मुकदमे की घोषणा के लिए एक तारीख तय करने का अनुरोध किया। दिल्ली हाई कोर्ट ने पहलवान बजरंग पुनिया, विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और उनके पति सत्यव्रत कादियान की याचिका पर 12 सितंबर को सुनवाई की तारीख तय की है।

याचिकाकर्ताओं के ओर से पेश वरिष्ठ वकील ने कहा कि डब्लूएफआइ को 'प्राक्सी (दूसरे को पद पर बैठाकर) द्वारा संचालित' किया जा रहा है। उन्होंने पेरिस ओलंपिक में डब्लूएफआइ के वर्तमान अध्यक्ष संजय सिंह की मौजूदगी पर आपत्ति जताई, जहां वे विनेश के संबंध में 'निर्णय ले रहे थे।' न्यायमूर्ति पुरुषेंद्र कुमार कौरव ने सात महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न के लिए डब्लूएफआइ के निवर्तमान प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पिछले साल जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन में शामिल रहे पहलवानों के साथ ही केंद्र और डब्लूएफआइ से मामले में दलीलें पूरी करने को कहा।

विनेश को कुश्ती के 50 किलोग्राम वर्ग के स्वर्ण पदक मुकाबले से पहले 100 ग्राम अधिक वजन होने के कारण अयोग्य घोषित कर दिया गया था। याचिकाकर्ताओं की तरफ से पेश वरिष्ठ वकील ने कहा, कि वे (संजय सिंह) ओलंपिक के लिए पेरिस में हैं और विनेश फोगाट के मामले में निर्णय ले रहे हैं।

SIGNATURE GLOBAL
REALTY. RELIABILITY. RESPONSIBILITY.

RERA REGISTRATION NO.:
RC/REP/HARERA/GGM/544/276/2022/19
(www.haryanarera.gov.in)

शहर एवं ग्राम्य नियोजन विभाग, हरियाणा सरकार की 19.08.2013 दिनांक अधिसूचना सं. PF-27/48921 और उसमें संशोधन के अनुसार उल्लिखित नीति के नियमों और शर्तों पर विकसित किए जा रहे अफोर्डेबल ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट के तहत आवासीय अपार्टमेंट की बुकिंग के लिए सर्वसाधारण से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।
(विवरण विभागीय वेबसाइट tcpharyana.gov.in पर उपलब्ध हैं)

प्रोजेक्ट के विवरण

1. कॉलोनाइजर/डेवलपर	सिग्नेचरग्लोबल (इंडिया) लिमिटेड
2. प्रोजेक्ट को प्राप्त स्वीकृति	लाइसेंस नं./वर्ष – 80 of 2018 दिनांक: 02-12-2018, निर्माण योजना स्वीकृति तिथि: 07-03-2022 - मेमो न.: ZP-1498/SD(DK)/2022/6092
3. स्थान	सेक्टर 88A, गुरुग्राम, हरियाणा।
4. प्रोजेक्ट के क्षेत्रफल संबंधी प्रावधान	हाउसिंग स्कीम के अंतर्गत 8.93125 एकड़ में कुल 1141 अपार्टमेंट में से 2 अपार्टमेंट आवेदकों के लिए उपलब्ध हैं। इनमें से पॉलिसी अनुसार 5% फ्लैट मैनेजमेंट कोटे में आरक्षित हैं और 95% अपार्टमेंट सर्वसाधारण के लिए हैं। समुदाय सुविधाएँ : 2000 वर्गफुट का एक समुदाय भवन और 2000 वर्गफुट का एक आँगनवाड़ी-सह-क्रेश।
5. अपार्टमेंट के विवरण, आवंटन दर और भुगतान के नियम	

अपार्टमेंट के विवरण

कैटेगरी (टाइप)	यूनिट की संख्या	कारपेट एरिया वर्गमीटर (लगभग)	कारपेट एरिया वर्गफुट (लगभग)	बाल्कनी एरिया वर्गमीटर (लगभग)	बाल्कनी एरिया वर्गफुट (लगभग)	अपार्टमेंट के एलॉटमेंट की दर (सब मिला कर)*	आवेदन के साथ बुकिंग की राशि 5%*	एलॉटमेंट पर 20%
1 BHK + STORE	1	38.887	418.580	5.544	59.676	21,64,511	1,04,645.00	4,36,483
3 BHK TYPE 1	1	59.996	645.797	10.505	113.076	33,48,985	1,61,449.25	6,75,797

*ऊपर उल्लिखित दर में जीएसटी और अन्य शुल्क जैसे स्टाम्प ड्यूटी, पंजीकरण शुल्क आदि शामिल नहीं हैं।

†देय शेष राशि परियोजना के निर्माण लिंक भुगतान योजना के अनुसार देय राशि के बराबर होगी जैसा कि प्रासंगिक समय पर निर्माण चरण के संदर्भ में लागू होता है

6. पार्किंग	प्रत्येक अपार्टमेंट के लिए दुपहिया वाहन पार्किंग।
7. अपार्टमेंट के बारे में सामान्य विवरण	• फ्लोरिंग : कमरों में विट्रिफाइड टाइल्स, किचन में विट्रिफाइड/सिरामिक टाइल्स, टॉयलेट में एंटी स्किड सिरामिक टाइल्स, बाल्कनी में एंटी स्किड/मैट फिनिश सिरामिक टाइल्स, • खिड़कियाँ : IS कोड के अनुसार M.S. सेक्शन/अल्युमिनियम पाउडर कोटेड/UPVC • दरवाज़ों के फ्रेम : रेड मरंडी/माइल्ड स्टील/अल्युमिनियम पाउडर कोटेड/UPVC • वॉल टाइल : 4 फुट/7 फुट की ऊँचाई तक सिरामिक टाइल्स एवं ऊपर ऑयल बाउंड डिस्टेम्पर • किचन काउंटर टॉप ग्रीन मार्बल/ग्रेनाइट • दीवार : ऑयल बांड डिस्टेंपर • सेनिटरी फिटिंग : ISI मार्क CP फिटिंग्स, W.C. और वॉश बेसिन • इलेक्ट्रिक फिटिंग : ISI मार्क। स्ट्रक्चर : IS कोर्ड और NBC के नवीनतम सुझावों के अनुसार, RCC फ्रेम स्ट्रक्चर को SESMIC फोर्स से बचाव के लिए, डिज़ाइन किया गया है।
8. आवेदन की समय सीमाएँ	• दिनांक 09.08.2024 से ई-द्वा द्वारा आवास इकाइयों के आवंटन के लिए आवेदन जमा करने के लिए टीसीपी वेबसाइट (https://edraw.tcpharyana.gov.in/tcp-dms/home) पर ऑनलाइन आवेदन करें। अधिक जानकारी के लिए कॉल करें: 7053-121-121 • आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि: 23.08.2024 है।

योग्यता : 1. आवेदक पर किसी मौजूदा कानून के तहत कानूनी तौर पर बाध्यकारी करार करने पर रोक नहीं हो। 2. आवेदन कोई भी कर सकता है हालांकि एलॉटमेंट में प्राथमिकता PMAY (पीएमएवाई) लाभार्थियों को दी जाएगी जिनमें आवेदक समेत उनकी पत्नी (या पति) या आश्रित संतान शामिल हैं जिनकी पहचान 'प्रधानमंत्री आवास योजना – सबके लिए आवास' प्रोग्राम के तहत शहरी स्थानीय निकाय विभाग, हरियाणा के तहत की गई हो। पहली प्राथमिकता कथित शहर के पहचान किए गए लाभार्थियों को दी जाएगी। इसके बाद हरियाणा राज्य के अन्य पीएमएवाई लाभार्थियों को दी जाएगी। इसके बाद बने फ्लैट के एलॉटमेंट में ऐसे आवेदक समेत उनकी पत्नी (या पति) या आश्रित संतान को प्राथमिकता दी जाएगी जिनका हुडा की किसी कॉलोनी/सेक्टर या हरियाणा शहरी क्षेत्र या केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की किसी लाइसेंस्ड कॉलोनी में अपना फ्लैट/प्लॉट नहीं हो। 3. एक व्यक्ति एक ही आवेदन कर सकता है। इस नीति के तहत सफल कोई भी आवेदक इस नीति के तहत अन्य किसी कॉलोनी में अन्य फ्लैट के लिए आवेदन योग्य नहीं माना जाएगा। यदि कोई आवेदक एक से अधिक कॉलोनी में आवंटन के लिए सफल होता है तो पसंद का केवल एक फ्लैट चुनना होगा। 4. आवंटन के लिए आवेदन जमा करते समय सहायक शपथ पत्र और पात्रता का प्रमाण पत्र टीसीपी वेबसाइट पर अपलोड करना अनिवार्य है। आवेदक को आईडी प्रूफ और एड्रेस प्रूफ यानी आधार कार्ड और पैन कार्ड भी अपलोड करना होगा।

आवंटन के मानक : 1. अपार्टमेंट का आवंटन एक समिति के सामने लॉट्री से होगा। समिति में उपायुक्त या उनके प्रतिनिधि (न्यूनतम हरियाणा लोक सेवा स्तर के अधिकारी), वरिष्ठ नगर नियोजक (सर्कल कार्यालय), संबद्ध जिले के डीटीपी और संबद्ध कोलोनाइजर के प्रतिनिधि होंगे। 2. लॉट्री की तिथि निर्धारित करने के बाद डेवलपर उसी समाचार पत्र में विज्ञापन देंगे जिसमें यह मूल विज्ञापन प्रकाशित होगा। विज्ञापन में आवेदकों को लॉट्री की तिथि और स्थान के विवरण दिए जाएँगे। 3. मानकों की पूरी जानकारी और आरंभिक जाँच और आवंटन के लिए निर्धारित समय सीमा के लिए आवेदक अफोर्डेबल ग्रुप हाउसिंग पॉलिसी 2013 के विवरण देखें जो 19.08.2013 दिनांकित अधिसूचना सं. PF-27/48921 और उसमें संशोधन में उपलब्ध है। (विवरण विभागीय वेबसाइट tcpharyana.gov.in पर उपलब्ध हैं)।

SIGNATURE GLOBAL IMPERIAL
SECTOR 88A, GURUGRAM

SIGNATUREGLOBAL (INDIA) LIMITED | CIN: L70100DL2000PLC104787
REGD. OFFICE: 13TH FLOOR, DR. GOPAL DAS BHAWAN, 28 BARAKHAMBA ROAD, CONNAUGHT PLACE, NEW DELHI - 110001
CORP. OFFICE: UNIT NO. 101, GROUND FLOOR, TOWER-A, SIGNATURE TOWER, SOUTH CITY-1, GURUGRAM, HARYANA - 122001 | WWW.SIGNATUREGLOBAL.IN

HOME LOAN PARTNER HDFC HOME LOANS | IIFL

Promoter urges every applicant to inspect the project site and, therefore, requests to make personal judgment prior to submitting an application for allotment. Unless otherwise stated, all the images, visuals, materials and information contained herein are purely creative/artistic and may not be actual representations of the product and/or any amenities. Further, the actual design may vary in the fit and finished form, from the one displayed above. Journey time shown, if any, is based upon Google Maps which may vary as per the traffic at a relevant point of time. 'Rate mentioned above does not include GST and other statutory charges, if applicable. T & C Apply. 1 sq. mt. = 10.7639 sq. ft.

7053-121-121

DreamFolks
Your Airport Experience Amplified !

EXTRACTS OF CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED JUNE 30, 2024

(₹ in millions, except per share data)

Sr. No.	Particulars	Quarter ended			Year ended
		30-Jun-24	31-Mar-24	30-Jun-23	31-Mar-24
		Unaudited	Audited	Unaudited	Audited
I	Income	3,225.46	2,821.93	2,673.91	11,383.38
	a) Revenue from Operations	3,208.00	2,811.36	2,663.21	11,350.12
	b) Other Income	17.46	10.57	10.70	33.26
II	Net Profit for the period before tax (before Exceptional and Extraordinary Items)	234.44	244.00	176.20	924.53
III	Net Profit for the period before tax (after Exceptional and Extraordinary Items)	234.44	244.00	176.20	924.53
IV	Net Profit for the period after tax (after Exceptional and Extraordinary Items)	171.52	179.77	129.62	686.37
V	Total comprehensive income for the period	168.82	179.91	126.63	684.62
VI	Equity share capital (Face value of ₹ 2/- per share)	106.05	106.05	106.05	106.05
VII	Other Equity				2,257.74
VIII	Earnings per equity share (not annualised for quarters)				
	a) Basic	3.24	3.40	2.45	13.02
	b) Diluted	3.14	3.29	2.37	12.61

Additional information on standalone financial results is as follows: (₹ in millions)

Sr. No.	Particulars	Quarter ended			Year ended
		30-Jun-24	31-Mar-24	30-Jun-23	31-Mar-24
		Unaudited	Audited	Unaudited	Audited
I	Total Income	3,226.20	2,821.85	2,673.64	11,382.63
II	Net Profit for the period before tax	247.76	245.30	177.84	937.35
III	Net Profit for the period after tax	184.50	181.53	130.92	696.83
IV	Total Comprehensive income for the period	181.96	181.76	127.96	695.17

Notes:

1 The above Consolidated financial results for the quarter ended June 30, 2024 have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their meeting held on August 08, 2024 and have been subject to Limited Review by the statutory auditors of the Company and they have issued unmodified review report.

2 The financial results of the Company have been prepared in accordance with the recognition and measurement principle laid down in Indian Accounting Standards-34 "Interim Financial Reporting" ("Ind AS-34") notified under Section 133 of the Companies Act, 2013, as amended, read with relevant rules thereunder.

3 The above is an extract of the detailed format of Financial Results for the quarter ended June 30, 2024 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations 2015. The full format of the standalone and Consolidated Financial Results are available on the website of BSE and NSE at www.bseindia.com and www.nseindia.com respectively and on the Company's website at www.dreamfolks.in.

4 Figures pertaining to previous periods have been regrouped, recasted and rearranged, wherever necessary.

For and on behalf of the Board
Dreamfolks Services Limited
Sd/-
Liberatha Peter Kallat
Chairperson and Managing Director
DIN: 06849062

Place: Gurugram
Date: August 08, 2024

Dreamfolks Services Limited
Regd. Office: 26, DDA Flats, Panchsheel Park, Shivalik Road, New Delhi – 110017
Tel.: 0124-4037306, **Email:** investor.support@dreamfolks.in, **Website:** www.dreamfolks.in, **Corporate Identity No. (CIN):** L51909DL2008PLC177181

Lounge Access | Meet & Assist | Spa Services | F&B Offerings | Airport Transfers | Transit Hotels | Golf Service | VISA Service | eSIM

पेरिस 2024 ओलंपिक
जनसत्ता | 9 अगस्त, 2024

खबर कोना

अदिति, दीक्षा दूसरे दौर के बाद संयुक्त 14वें स्थान पर

पेरिस, 8 अगस्त (भाषा)।

भारतीय गोल्फर अदिति अशोक और दीक्षा डागर गुरुवार को यहां पेरिस ओलंपिक की महिला गोल्फ स्पर्धा के दो दौर के बाद 60 खिलाड़ियों में संयुक्त 14वें स्थान पर बनी हुई हैं। अदिति ने पहले दौर में एक अंडर 71 का कार्ड खेला था, दूसरे दौर एक अंडर 71 का कार्ड बनाया। उन्होंने छठे से नौवें होल में लगातार चार बर्डी लगाई। उन्होंने तीसरे, पांचवें और 12वें होल में बोगी की।

पदक तालिका

देश	सोना	चांदी	कांस्य	कुल
अमेरिका	30	28	35	103
चीन	28	25	19	72
आस्ट्रेलिया	18	14	12	44
फ्रांस	14	18	21	53
ग्रेट ब्रिटेन	13	17	21	51
जापान	13	7	13	37
द कोरिया	12	8	7	27
नीदरलैंड	11	6	8	25
इटली	10	11	9	30
जर्मनी	9	8	5	22
कनाडा	6	5	10	21
न्यूजीलैंड	5	6	2	13
आयरलैंड	4	0	3	7
भारत	0	1	4	5

भारत धीमी पिच के लिए अलग खिलाड़ियों का चयन कर सकता है

कोलंबो, 8 अगस्त (भाषा)।

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि भारत जस की तस रणनीति अपनाकर भविष्य में धीमी और टर्निंग पिचों के लिए अलग खिलाड़ियों का चयन कर सकता है। रोहित ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि हमारी तरफ से प्रयासों में कोई कमी थी। आपने देखा होगा कि कुछ खिलाड़ियों ने रिवर्स स्वीप और पैडल स्वीप खेले। ऐसा नहीं है कि हमने अपनी तरफ से कोई कोशिश नहीं की। इन बल्लेबाजों की इस तरह की प्रकृति नहीं है। भारतीय टीम तीसरे एकदिवसीय में 249 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 138 रन पर आउट हो गई। रोहित ने कहा कि जब आप इस तरह की पिचों पर खेलते हैं तो इसको लेकर हमारा स्पष्ट दृष्टिकोण है कि हमें किस तरह से खेलना है और किस तरह से लय बनाए रखनी है।

श्रीलंका के जयविक्रमा पर आइसीसी भ्रष्टाचार के उल्लंघन का आरोप

दुबई, 8 अगस्त (भाषा)।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आइसीसी) ने श्रीलंका के स्पिनर प्रवीण जयविक्रमा पर आइसीसी भ्रष्टाचार रोधी संहिता के उल्लंघन के तीन आरोप लगाए हैं, जिसमें मैच फिक्सिंग से जुड़ी पेशकश की रपट नहीं करना और सबूतों को नष्ट करना शामिल है। 25 वर्षीय बाएं हाथ के स्पिनर ने कथित तौर पर 2021 में अंतरराष्ट्रीय मैचों के साथ-साथ लंका प्रीमियर लीग के मैच फिक्स करने के लिए की गई पेशकश की रपट आइसीसी की भ्रष्टाचार निरोधक इकाई को नहीं की थी। आइसीसी ने अपनी वेबसाइट पर कहा कि श्रीलंका के स्पिनर पर कथित तौर पर भ्रष्ट पेशकश से जुड़े संदेशों को डिलीट करने का आरोप है। आइसीसी नेजवाब देने के लिए 14 दिन का समय दिया है।

कांस्य विजेता कुसाले ने की वतन वापसी

यह पदक मेरा नहीं पूरे देश का है : स्वप्निल

पुणे, 8 अगस्त (भाषा)।

पेरिस ओलंपिक में पचास मीटर राइफल थ्री पोजिशंस स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाले भारतीय निशानेबाज स्वप्निल कुसाले का गुरुवार को स्वदेश लौटने पर भव्य स्वागत किया गया और उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार और कोच को दिया।

कोल्हापुर के कुसाले पेरिस खेलों में अब तक भारत के दो व्यक्तिगत पदक विजेताओं में से एक रहे हैं। स्वदेश लौटने पर कुसाले का गर्मजोशी से स्वागत किया गया और वह भगवान का आशीर्वाद लेने के लिए शहर के प्रसिद्ध दगडूशेठ हलवाई गणपति मंदिर गए। उन्होंने बालेवाड़ी खेल परिसर में एक सम्मान समारोह के दौरान मीडिया से कहा, 'यह पदक मेरा नहीं है, यह पूरे देश और महाराष्ट्र का है। यह मेरा समर्थन करने वाले सभी लोगों, सरकार और राष्ट्रीय महासंघ का है। मैं भाग्यशाली हूं कि मैं महाराष्ट्र को गौरवांवित कर सका।'

कुसाले ने कहा, 'मैं सबसे पहले बप्पा की पूजा करना चाहता था और आरती करना चाहता था। यह मेरा दूसरा घर है और मुझे यहां अच्छी नींद आती है।' कुसाले ने अपनी सफलता का श्रेय अपने कोच और परिवार के सदस्यों को दिया और कहा कि वह अगली बार स्वर्ण पदक जीतने का लक्ष्य रखेंगे। कोच और परिवार के सदस्य बहुत मेहनत करते हैं।

कुसाले ने कहा कि खिलाड़ी अपने अभ्यास पर काम करता रहता है लेकिन जो लोग उसके पीछे हैं उन्हें बहुत त्याग करना पड़ता है इसलिए मैं उन्हें बहुत श्रेय देता हूं। उन्होंने कहा कि इतने वर्षों की कड़ी मेहनत, कोविड महामारी से गुजरने के बाद पदक जीतना, समर्थकों की कमी, मैंने आखिरकार अच्छी निशानेबाजी शुरू की और प्रायोजक भी मिल गए।

निशानेबाजी

कहा, जब मेरे पिता ने मुझे एक खेल स्कूल में भर्ती कराया तो मुझे निशानेबाजी खेल दिलचस्प लगा और इसे देखकर मुझे लगा कि मुझे यह पसंद है और यहीं से इसकी शुरुआत हुई।

भारत अक्तूबर में आइएसएसएफ विश्व कप फाइनल की मेजबानी करेगा

नई दिल्ली, 8 अगस्त (भाषा)।

भारत अक्तूबर में दिल्ली के कर्णी सिंह रेंज में आइएसएसएफ के प्रतिष्ठित निशानेबाजी विश्व कप फाइनल की मेजबानी करेगा। विश्व कप फाइनल पिस्टल, राइफल और शाटगन में एलीट निशानेबाजों के लिए सत्र का अंतिम टूर्नामेंट होगा, जिससे साल के सर्वश्रेष्ठ निशानेबाज तय होंगे। पेरिस ओलंपिक की 12 व्यक्तिगत ओलंपिक निशानेबाजी स्पर्धाओं के सभी पदक विजेताओं ने और साथ ही पिछले साल कतर के दोहा में हुए टूर्नामेंट के खिताबी विजेताओं ने स्वतः ही विश्व कप फाइनल में प्रवेश कर लिया है। भारत को मेजबान होने के नाते वाइल्ड कार्ड प्रविष्टियों की अनुमति मिलेगी। विजेताओं को पदक और ट्राफियों के साथ पुरस्कार राशि के रूप में 5000, 4000 और 3000 यूरो दिए जाएंगे।

30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का सारांश (₹ करोड़ में)

क्र. सं.	विवरण	एकल परिणाम			समेकित परिणाम		
		समाप्त तिमाही के लिए		समाप्त बारह माह के लिए	समाप्त तिमाही के लिए		समाप्त बारह माह के लिए
		30 जून 2024 (अलेखापरीक्षित)	30 जून 2023 (अलेखापरीक्षित)	31 मार्च 2024 (लेखापरीक्षित)	30 जून 2024 (अलेखापरीक्षित)	30 जून 2023 (अलेखापरीक्षित)	31 मार्च 2024 (लेखापरीक्षित)
1	प्रचालनों से कुल आय	2,097.07	1,919.34	8,632.49	2,103.13	1,922.84	8,653.41
2	अवधि हेतु निवल लाभ/(हानि) (कर से पहले, अपवादात्मक तथा/अथवा अतिविशिष्ट मदें और संयुक्त उद्यमों के निवल लाभ (हानि) का हिस्सा)	341.28	321.19	1,641.62	347.11	318.95	1,638.49
3	कर से पहले अवधि हेतु निवल लाभ/(हानि), संयुक्त उद्यमों के निवल लाभ/(हानि) का हिस्सा (अपवादात्मक तथा/अथवा अतिविशिष्ट मदों के पश्चात)	341.28	321.19	1,634.48	347.11	318.95	1,638.49
4	कर के पश्चात अवधि हेतु निवल लाभ/(हानि) (अपवादात्मक तथा/अथवा अतिविशिष्ट मदों के पश्चात)	255.35	244.12	1,230.79	259.42	245.19	1,262.09
5	अवधि हेतु कुल व्यापक आय (अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर के पश्चात) तथा अन्य व्यापक आय (कर के पश्चात) सहित]	257.03	251.51	1,237.57	260.85	252.55	1,268.64
6	इक्विटी शेयर पूंजी	304.65	304.65	304.65	304.65	304.65	304.65
7	आरक्षित (पुनर्मूल्यांकन आरक्षित को छोड़कर) पिछले वर्ष की लेखा परिक्षित बैलेंस शीट में दर्शाए गए के अनुसार			11,507.69			11,518.56
8	अर्जन प्रति शेयर (रु. 5/– प्रत्येक) (नियमित एवं अनियमित प्रचालनों के लिए)						
	1. मूल (रु)	4.19	4.01	20.20	4.26	4.02	20.71
	2. तनुकृत (रु)	4.19	4.01	20.20	4.26	4.02	20.71

30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए कम्पनी के एकल एवं समेकित वित्तीय परिणामों की समीक्षा लेखापरीक्षा समिति द्वारा की गई है और 8 अगस्त, 2024 को आयोजित अपनी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया है। कम्पनी के सांविधिक लेखापरीक्षकों ने 30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए उपरोक्त परिणामों की सीमित समीक्षा की है।

नोट : उपरोक्त परिणाम, सेबी (सूचीयन एवं अन्य प्रकटन आवश्कताएं) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंजों में दाखिल किए गए 30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश है। समाप्त तिमाही के वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट www.nseindia.com, www.bseindia.com और कम्पनी की वेबसाइट www.concorindia.co.in पर उपलब्ध है।

निदेशक मंडल के लिए एवं उनकी ओर से
हस्ता./–
(मनोज कुमार दूबे)
निदेशक (वित्त) एवं सीएफओ
डीआईएनः 07518387

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 8 अगस्त, 2024

भारतीय कंटेनर निगम लिमिटेड
(भारत सरकार का एक नवरत्न उपक्रम)
पंजीकृत कार्यालयः सी–3, कॉनकॉर भवन, मथुरा रोड, अपोलो अस्पताल के सामने, नई दिल्ली –110 076
सीआईएनः L63011DL1988GOI030915 | फोनः 011-41673093, 49512150/60 | वेबसाइटः www.concorindia.co.in
ई–मेलः investorrelations@concorindia.com | हमें फॉलो करें: @OfficialCONCOR @concor_india co.pro@concorindia.com

30 जून, 2024 को समाप्त अवधि के लिए एकल/समेकित वित्तीय परिणाम का उद्धरण)

(रू. करोड. में)

क्र. सं	विवरण	एकल				समेकित			
		समाप्त तिमाही			समाप्त वर्ष	समाप्त तिमाही			समाप्त वर्ष
		30.06.2024 (अलेखापरीक्षित)	31.03.2024 (लेखापरीक्षित)	30.06.2023 (अलेखापरीक्षित)	31.03.2024 (लेखापरीक्षित)	30.06.2024 (अलेखापरीक्षित)	31.03.2024 (लेखापरीक्षित)	30.06.2023 (अलेखापरीक्षित)	31.03.2024 (लेखापरीक्षित)
1.	प्रचालनों से राजस्व	4,064.27	6,700.69	5,446.25	21,732.58	4,073.80	6,714.01	5,571.57	21,889.23
2.	अन्य आय	262.06	279.29	280.36	1,182.55	262.95	280.30	281.61	1,185.57
3.	कुल आय	4,326.33	6,979.98	5,726.61	22,915.13	4,336.75	6,994.31	5,853.18	23,074.80
4.	कर पूर्व लाभ (पीबीटी)	293.93	579.27	476.55	1,939.40	301.61	624.96	486.80	2,053.91
5.	कर पश्चात लाभ (पीएटी)	217.80	433.32	333.57	1,462.95	223.92	478.40	343.09	1,574.47
6.	अवधि/वर्ष हेतु कुल सम्मिलित आय/(हानि)	217.72	433.75	333.61	1,463.19	223.84	478.82	343.13	1,574.71
7.	इक्विटी शेयर पूंजी	2,085.02	2,085.02	2,085.02	2,085.02	2,085.02	2,085.02	2,085.02	2,085.02
8.	संचेय (पुर्नमूल्यन संचेय छोड़कर)	-	-	-	5,782.26	-	-	-	6,660.66
9.	प्रति शेयर अर्जन (ईपीएस)*	-	-	-	-	-	-	-	-
	मूल	1.04	2.08	1.60	7.02	1.07	2.29	1.65	7.55
	तनुकृत	1.04	2.08	1.60	7.02	1.07	2.29	1.65	7.55

* तिमाहियों के लिए ईपीएस वार्षिक नहीं किया गया

टिप्पणियाँ:

1) उपरोक्त एकल/समेकित वित्तीय परिणामों की लेखा परीक्षा समिति द्वारा समीक्षा की गई और सिफारिश की गई तथा निदेशक मंडल द्वारा 8 अगस्त, 2024 को आयोजित उनकी बैठक में अनुमोदित किया गया।
2) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम 2015 (संशोधित) के विनियम 33 के अंतर्गत आवश्यकतानुसार, कंपनी के सांविधिक लेखा परीक्षकों ने 30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए उपरोक्त वित्तीय परिणामों की सीमित समीक्षा की है।
3) एकल/समेकित वित्तीय परिणाम कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के अंतर्गत अधिसूचित भारतीय लेखा मानकों (इंड एएस) के अनुसार कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015 के नियम 3 और कंपनी (भारतीय लेखा मानक) संशोधन नियम, 2016 और अन्य मान्यता प्राप्त लेखा प्रथाओं और नीतियों के अनुसार तैयार किए गए हैं।
4) कंपनी/समूह भारतीय लेखा मानक 108 – परिचालन खंडों के अनुसार एक एकल रिपोर्ट योग्य परिचालन खंड "रेल अवसंरचना का विकास" में परिचालन करती है।
5) आयकर अधिनियम, 1961 ("नई कर व्यवस्था") की धारा 115 बीएए की शुरूआत के अनुसार, कंपनी के पास 30% प्लस अधिभार और उपकर की पूर्व लागू दर के मुकाबले 22% प्लस लागू अधिभार और उपकर की कम दर पर कॉर्पोरेट आयकर का भुगतान करने का विकल्प था। 30 सितंबर, 2023 को समाप्त तिमाही में, कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2023–24 से नई कर व्यवस्था को अपनाने का चुनाव किया था। तदनुसार, वर्तमान कर व्यय 30 जून, 2023 को समाप्त तिमाही के लिए रिपोर्ट किए गए कर व्यय के साथ तुलनीय नहीं है।
6) कृष्णापटनम रेलवे कंपनी लिमिटेड (केआरसीएल) के संबंध में, आरवीएनएल भारतीय रेलवे के इंजीनियरिंग विभाग के कोड के पैराग्राफ 1137 में दिए गए विस्तृत अनुमान/संशोधित अनुमान/ पूर्णता अनुमान के अनुसार कार्य की कुल लागत का 5% विभागीय शुल्क लेने का हकदार है। आरवीएनएल को संविदात्मक दायित्वों से अन्य छूटों के अलावा उपरोक्त विभागीय शुल्कों की छूट के लिए केआरसीएल से प्रतिनिधित्व प्राप्त हुआ है। केआरसीएल द्वारा किए गए प्रतिनिधित्व के आधार पर, कंपनी के प्रबंधन ने कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा विषय वस्तु की विस्तृत समीक्षा लंबित रहने तक उक्त विभागीय शुल्कों के दावे को स्थगित रखने का निर्णय लिया है।
7) जहां भी आवश्यक हो, पिछले अवधियों/वर्ष के आंकड़ों को वर्तमान अवधि/वर्ष के वर्गीकरण के अनुरूप पुनर्समूहित, पुनर्वर्गीकृत/पुनर्निर्मित किया गया है।
8) उपरोक्त सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंजों में दाखिल तिमाही समाप्त एकल/समेकित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक अंश है। वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com, www.nseindia.com और कंपनी की वेबसाइट www.rvnl.org. पर उपलब्ध है।

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 08 अगस्त 2024

कृते एवं हिते रेल विकास निगम लिमिटेड
हस्ता/-
प्रदीप गौड़
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 07243986

From #LocalRailInfra to #GlobalAllInfra
Reformed, Performed and now Transforming...

रेल विकास निगम लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय : प्रथम तल, अगस्त क्रांति भवन, भीकाजी कामा प्लेस, आर. के. पुरम, नई दिल्ली, दक्षिण दिल्ली – 110066
सीआईएन : L74999DL2003GOI118633, ईमेल : investors@rvnl.org

www.rvnl.org @RailVikas @railvikasindia
rvnl_official @rvnl_official Rail Vikas Nigam Limited

रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 41, अंक 265
दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए आर. सी. मल्होत्रा द्वारा ए-8, सेक्टर 7, नोएडा- 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। फोनः (0120) 2470700/2470740, ई-मेलः edit.jansatta@expressindia.com,
बोर्ड अध्यक्ष : विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादकः मुकेश भारद्वाज*, *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार। कापीराइटः दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।

www.readwhere.com

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank

प्रधान कार्यालय, प्लॉट नं.4, सेक्टर-10, द्वारका, नई दिल्ली-110075

दिनांक: 30.04.2024

15.04.2024 को प्रधान कार्यालय में की गई कार्यवाही के अनुसरण में, इरादतन चूककर्ताओं की घोषणा के लिए समीक्षा समिति का आदेश

मेसर्स जेएमएल मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड (27.53 करोड़ रुपये)

सीएस: गाजियाबाद/जेडएस: दिल्ली

एनपीए की तिथि: 30.06.2019

आरबीआई मास्टर सर्कुलर संख्या डीबीआर संख्या सीआईडी.बीसी.22/20.16.003/2015-16 दिनांक 01 जुलाई, 2015 के संदर्भ में, इरादतन चूककर्ताओं की पहचान समिति ने निम्नलिखित व्यक्तियों को दिनांक 11.10.2021 को कारण बताओ नोटिस जारी किया, जिसमें उन आधारों का उल्लेख किया गया है जिनके आधार पर उन्हें इरादतन चूककर्ता के रूप में पहचाना गया है: -

1. **मेसर्स जेएमएल मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड (कर्जदार)**
2. **श्री किमती लाल अरोड़ा (निदेशक)**
3. **श्री अनिल अरोड़ा (निदेशक)**

कारण बताओ नोटिस के माध्यम से, उपरोक्त नामित व्यक्तियों को नोटिस प्राप्त होने के 15 दिनों के भीतर बैंक को, यदि वे चाहें तो, यह बताने का अवसर दिया गया था कि उन्हें इरादतन चूककर्ता के रूप में वर्गीकृत क्यों न किया जाए। कारण बताओ नोटिस के विरुद्ध दिनांक 09.11.2021 और 15.11.2021 को अभ्यावेदन प्राप्त हुए, जिसे पहचान समिति के समक्ष रखा गया। पहचान समिति ने कंपनी के निदेशकों को 08.03.2022 और 17.05.2022 को व्यक्तिगत सुनवाई का अवसर दिया था, लेकिन दोनों ही अवसरों पर कोई भी समिति के समक्ष उपस्थित नहीं हुआ। इसलिए, प्राकृतिक न्याय के उपाय के रूप में पहचान समिति ने उन्हें 23.06.2022 को फिर से व्यक्तिगत सुनवाई का अवसर दिया। स्वयं की ओर से श्री अनिल अरोड़ा (निदेशक) और श्री कीमती लाल अरोड़ा 23.06.2022 को व्यक्तिगत सुनवाई के लिए समिति के समक्ष उपस्थित हुए। अभिलेख पर उपलब्ध समस्त तथ्यों, कर्जदार द्वारा प्रस्तुत अभ्यावेदन, व्यक्तिगत सुनवाई के दौरान किए गए प्रस्तुतीकरण पर विचार करने के पश्चात पहचान समिति ने मेसर्स जेएमएल मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड (कर्जदार), श्री कीमती लाल अरोड़ा (निदेशक) और श्री अनिल अरोड़ा (निदेशक) को निम्नलिखित आधारों पर इरादतन चूककर्ता के रूप में पहचाना: -

निधियों का डायवर्जन:

कंपनी ने इलाहाबाद में भूमि में 8.00 करोड़ रुपये का निवेश किया है, जिससे बैंक की निधि का डायवर्जन हुआ है।

धन की साइफनिंग:

फैक्ट्री परिसर में कोई स्टॉक उपलब्ध नहीं था और स्टॉक की बिक्री से प्राप्त राशि सीसी खाते में जमा नहीं की गई है, जो यह दर्शाता है कि उसका निपटान कर दिया गया है और बैंक के धन की साइफनिंग की गयी है।

तदनुसार, पहचान समिति ने 04.01.2024 को आदेश जारी किया, जिसमें समिति ने यह भी निर्देश दिया कि उपर्युक्त नामित व्यक्ति बैंक के एमडी और सीईओ की अध्यक्षता वाली समीक्षा समिति को आदेश प्राप्त होने की तारीख से 15 दिनों की अवधि के भीतर पहचान समिति के आदेश के खिलाफ लिखित प्रतिनिधित्व करने के लिए स्वतंत्र हैं।

श्री अनिल अरोड़ा (निदेशक) और श्री कीमती लाल अरोड़ा (निदेशक) ने 16.02.2024 को एक प्रतिनिधित्व किया। पार्टियों के प्रतिनिधित्व, तथ्य और रिकॉर्ड उनके विचार-विमर्श के लिए समीक्षा समिति के समक्ष रखे गए।

समीक्षा समिति का विचार-विमर्श :

दिनांक 16.02.2024 के प्रतिनिधित्व में, निदेशकों ने पहचान आदेश दिनांक 04.01.2024 में उल्लिखित उनके खिलाफ इरादतन चूक के आरोप से इनकार किया। यह कहा गया है कि धन के डायवर्जन और साइफनिंग के संबंध में बैंक के दावे निराधार और बिना किसी आधार के हैं। निदेशकों के उपरोक्त प्रस्तुतीकरण पर, समीक्षा समिति ने पाया कि बैंक पर निदेशक का आरोप सही नहीं है। बैंक ने नोट किया है कि मेसर्स जीएसए एंड एसोसिएट्स की फोरेंसिक ऑडिट रिपोर्ट के निष्कर्षों से इरादतन चूक की घटनाएं सामने आई हैं।

निदेशकों ने इलाहाबाद में भूमि में 08.00 करोड़ रुपये के निवेश के माध्यम से धन के डायवर्जन के बैंक के आरोप से इनकार किया। यह कहा गया है कि भूमि की उक्त खरीद एक निवेश नहीं थी, बल्कि इसे कंपनी के गोदाम/भंडारण और कार्यालय के निर्माण के लिए खरीदा गया था। यह भी कहा गया कि खरीद पीएनबी द्वारा वितरित धन से नहीं की गई थी, बल्कि अन्य वित्तीय संस्थानों/एनबीएफसी से लिए गए ऋण से की गई थी। निदेशकों ने आगे कहा कि विचाराधीन भूमि अक्टूबर-नवंबर, 2017 में अन्य वित्तीय संस्थानों से प्राप्त धन/सुविधाओं से खरीदी गई थी या बेचने का समझौता किया गया था और उन्होंने बैंक के धन को डायवर्ट नहीं किया है।

समीक्षा समिति ने पाया कि फोरेंसिक ऑडिटर मेसर्स जीएसए एंड एसोसिएट्स ने 27.01.2021 की अपनी रिपोर्ट में पाया कि 'कंपनी ने इलाहाबाद में 8.00 करोड़ रुपये की जमीन में निवेश किया है, जो कंपनी की क्षमता से परे है क्योंकि यह खुद इतनी कमजोर वित्तीय स्थिति में है।' फोरेंसिक ऑडिटर के निष्कर्षों की पुष्टि खाते के एनपीए में बदलने से पहले कर्जदार कंपनी द्वारा सामना की गई व्यावसायिक विफलता/कठिनाइयों से होती है। समीक्षा समिति ने आगे कहा कि पार्टी ने दावा किया है कि उन्होंने अन्य वित्तीय संस्थानों/एनबीएफसी से ऋण लिया है, लेकिन उन्होंने अपने बयान को साबित करने के लिए अन्य वित्तीय संस्थानों/एनबीएफसी के अक्टूबर-नवंबर 2017 के दौरान स्वीकृति पत्र जैसे कोई दस्तावेजी सबूत नहीं दिए हैं। इसलिए, निदेशकों की दलीलें स्वीकार्य नहीं हैं।

निदेशकों ने आगे कहा कि उन्होंने केवल 517.65 लाख रुपये में 2 जमीन खरीदी है। हालांकि, उन्होंने 414.20 लाख रुपये में एक संपत्ति की बिक्री के लिए अनुबंध निष्पादित किया, लेकिन खरीद कभी पूरी नहीं हुई। पार्टी ने कहा कि उनके सामने आने वाली वित्तीय तंगी के कारण वे उक्त संपत्ति खरीदने में असमर्थ थे।

उपरोक्त प्रस्तुतिकरण के संदर्भ में, समीक्षा समिति ने पाया कि निदेशकों ने स्वीकार किया है कि उन्होंने 517.65 लाख रुपये में 2 जमीन खरीदी है। हालांकि, उन्होंने यह साबित करने के लिए कोई दस्तावेजी सबूत नहीं दिया है कि संपत्तियों में निवेश किए गए धन की व्यवस्था अक्टूबर-नवंबर 2017 के दौरान अन्य वित्तीय संस्थानों/एनबीएफसी से की गई थी।

यह भी देखा गया है कि फोरेंसिक ऑडिटर, मेसर्स जीएसए एंड एसोसिएट्स ने 27.01.2021 की अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया है कि कंपनी द्वारा 8.00 करोड़ रुपये का निवेश किया गया था। इसलिए, कंपनी का यह बयान कि उन्होंने बिना कोई दस्तावेजी सबूत दिए केवल 517.65 लाख रुपये में संपत्ति खरीदी है, स्वीकार नहीं किया जा सकता है।

यह भी कहा गया है कि दो में से एक आईपी यस बैंक के पास गिरवी रखा गया था। यस बैंक ने उक्त संपत्ति को सरफैसी अधिनियम के तहत नीलाम कर दिया।

निदेशकों ने यह भी कहा कि कंपनी ने वित्तीय संकट के समय में अन्य भूमि बेची थी और कंपनी द्वारा कंपनी की पूंजीगत व्यय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए धन का उपयोग किया गया था।

समीक्षा समिति ने पाया कि निदेशक का बयान फिर से बिना किसी दस्तावेजी साक्ष्य के है। शुरू में अपने अभ्यावेदन में उन्होंने कहा है कि आईपी को अन्य वित्तीय संस्थानों से लिए गए ऋण के साथ खरीदा गया था और बाद में उन्होंने प्रस्तुत किया है कि आईपी/भूमि को कंपनी ने वित्तीय संकट के समय में बेचा था और कंपनी की पूंजीगत व्यय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आय का उपयोग किया था। इसलिए, पार्टी का बयान स्वयं विरोधाभासी है।

बैंक के धन की हेराफेरी के आरोप के जवाब में, निदेशकों ने बयान दिया कि वर्ष 2018-19 में, कंपनी के परिसर/इकाई में संग्रहीत तेल का एक हिस्सा दूषित था और मानव उपभोग के लिए अनुपयुक्त पाया गया था। अंतिम उपयोगकर्ताओं से कुछ शिकायतें प्राप्त करने के बाद, कंपनी के प्रबंधन को इस तथ्य का पता चला। इसलिए, प्रबंधन ने एनएबीएल प्रमाणित प्रयोगशालाओं द्वारा तेल के नमूने का परीक्षण कराया, जिससे पता चला कि उक्त तेल मानव उपभोग के लिए अनुपयुक्त था। कहने की जरूरत नहीं कि तेल की खराब गुणवत्ता के बारे में पता चलने पर कंपनी के प्रबंधन को सरकारी नियमों के अनुसार तेल का निपटान करना पड़ा, ताकि उसका सेवन इंसानों द्वारा न किया जा सके। उन्होंने आगे कहा कि तेल की खराब गुणवत्ता के बारे में उन्होंने समय-समय पर बैंक को बताया। साथ ही, तेल की खराब गुणवत्ता (मानव उपभोग के लिए अनुपयुक्त) को प्रमाणित करने वाली लैब रिपोर्ट भी बैंक को बताई गई। हालाँकि, ऊपर दिए गए आदेश में उनके द्वारा धन की साइफनिंग के कथित निष्कर्ष पर पहुँचने के दौरान किसी भी तथ्य को शामिल नहीं किया गया है।

समीक्षा समिति ने पाया कि बैंक के अधिकारियों ने अपने दौरे के दौरान पाया कि कर्जदार की इकाई में कोई स्टॉक नहीं था। पार्टी का दावा कि उन्होंने संदूषण के कारण स्टॉक के निपटान के बारे में बैंक को सूचित किया है, सही नहीं है। पार्टी ने अपने बयान को साबित करने के लिए उपभोक्ता के शिकायत पत्र, तेल के संदूषण के बारे में एनएबीएल प्रमाणित प्रयोगशालाओं द्वारा जारी प्रमाण पत्र की प्रति आदि जैसे कोई सहायक दस्तावेज नहीं दिए हैं। यह देखा गया है कि ऐसे परिदृश्य में, कर्जदार के बयान को स्वीकार नहीं किया जा सकता है क्योंकि पार्टी ने अपने बयान के समर्थन में कोई दस्तावेजी सबूत नहीं दिए हैं।

समीक्षा समिति ने यह भी देखा कि पार्टी का यह बयान कि उन्होंने समय-समय पर तेल के संदूषण के बारे में बैंक को सूचित किया है और तेल की खराब गुणवत्ता को प्रमाणित करने वाली प्रयोगशाला रिपोर्ट भी सही नहीं है। चूंकि बैंक के पास रिकॉर्ड पर ऐसा कोई दस्तावेज नहीं है जिससे यह साबित हो सके कि उन्हें उक्त जानकारी मिली है, इसलिए, कर्जदार के बयान को स्वीकार नहीं किया जा सकता है।

निदेशकों ने कहा कि यह रिकॉर्ड में दर्ज है कि कंपनी ने अमेरिकन एक्सप्रेस बैंक के कहने पर माननीय राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण, इलाहाबाद पीठ द्वारा पारित दिनांक 18.04.2022 के आदेश के अनुसार दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 (आईबीसी) के प्रावधानों के तहत कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) से गुजरा था। आईबीसी के प्रावधान के अनुसार, स्थगन के दौरान कॉर्पोरेट देनदार के प्रबंधन की शक्ति निलंबित कर दी गई थी। पार्टी ने कहा कि कंपनी के मामलों पर उनका कोई नियंत्रण नहीं था, जिसके कारण वे अपने द्वारा बताए गए तथ्यों को प्रमाणित करने के लिए दस्तावेज/रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं करा सकते।

समीक्षा समिति ने पाया कि निदेशक का यह कथन कि 'कंपनी ने दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 (आईबीसी) के प्रावधानों के तहत कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) से गुजरा, जो अमेरिकन एक्सप्रेस बैंक के कहने पर दिनांक 18.04.2022 के आदेश के अनुसार शुरू किया गया था और वे इरादतन चूक के आरोप को अस्वीकार करने के लिए दस्तावेज/रिकॉर्ड प्रदान नहीं कर सकते क्योंकि आरपी का कंपनी पर नियंत्रण है, स्वीकार नहीं किया जा सकता। समिति ने आगे कहा कि 11.10.2021 को कारण बताओ नोटिस जारी करके कंपनी के खिलाफ इरादतन चूक की प्रक्रिया शुरू की गई थी और तब तक, पार्टी का कंपनी के रिकॉर्ड पर पूरा नियंत्रण था और पार्टी अपने बचाव में आसानी से रिकॉर्ड/दस्तावेज पेश कर सकती थी। इसके अलावा, पार्टी ने 09.11.2021 और 15.11.2021 को कारण बताओ नोटिस के खिलाफ अभ्यावेदन किया था इसलिए, पार्टी का यह कथन कि कंपनी के रिकॉर्ड पर उनका नियंत्रण नहीं है, तर्कसंगत नहीं है।

उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए, समीक्षा समिति ने पाया कि पार्टियां 'निधि के डायवर्जन' और 'निधि की साइफनिंग' के आरोपों को गलत साबित करने में विफल रही हैं।

इरादतन ऋण न चुकाने वालों की घोषणा के लिए समीक्षा समिति का आदेश:

बैंक के एमडी और सीईओ तथा सदस्य के रूप में बैंक के निदेशकों की अध्यक्षता वाली समीक्षा समिति ने उपरोक्त तथ्यों और रिकॉर्ड पर मौजूद साक्ष्यों पर उचित विचार करने के बाद 15.04.2024 को आयोजित अपनी बैठक में पहचान समिति के आदेश से सहमति जताई और पाया कि उक्त कर्जदार और उसके संबंधित पक्ष इरादतन चूक की उपरोक्त घटनाओं के लिए जिम्मेदार हैं, जो आरबीआई के दिशानिर्देशों/मास्टर परिपत्र संख्या डीबीआर के अनुरूप जारी मौजूदा बैंक दिशानिर्देशों के अनुसार 'इरादतन चूककर्ता' घोषित किए जाने के ठोस आधार हैं। संख्या CID.BC.22/20.16.003/2015-16 दिनांक 01.07.2015 और घोषित कर्जदार यानी मेसर्स जेएमएल मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड लिमिटेड (कर्जदार), श्री कीमती लाल अरोड़ा (निदेशक) और श्री अनिल अरोड़ा (निदेशक) को 'निधि के डायवर्जन' और 'निधि की साइफनिंग' के आधार पर इरादतन चूककर्ता के रूप में नामित किया है।

संजीव कुमार सिंघल (निदेशक-सदस्य)

पंकज जोशी (निदेशक-सदस्य)

अतुल कुमार गोयल - (अध्यक्ष)

(प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी)

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया Central Bank of India

1911 से आपके लिए "केन्द्रित" "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911

क्षे.का. (उत्तर) 1398, प्रथम तल, चाँदनी चौक, दिल्ली-110006, दूरभाष: 011.23832226

शुद्धिपत्र

कृपया 12/07/2024 को इस समाचार पत्र में प्रकाशित **"ई-नीलामी बिक्री सूचना" "अचल सम्पत्तियों के लिए 17.08.2024 (30 दिन का नोटिस) को ई-नीलामी बिक्री हेतु सूचना" क्र.सं.1- खाता नाम- श्री बरिन्दर पाल सिंह और श्रीमती प्रीति बत्रा एवं मैसर्स लारा एक्सक्लूसिव** के विज्ञापन का सन्दर्भ लें कृपया ई-नीलामी साइट को https://www.mstcecommerce.com के बजाय **https://ebkray.in** के रूप में पढ़ा जाए। संविदाकार वेबसाइट: **https://ebkray.in** पर पंजीकरण करेंगे तथा केवाईसी दस्तावेज जमा करेंगे और सेवा प्रदाता द्वारा दस्तावेजों के सत्यापन के बाद एनईएफटी/आरटीजीएस/ अन्तरण के माध्यम से ईएमडी ग्लोबल ईएमडी वालेट में जमा की जानी है (**https://ebkray.in** से चालान के सृजन के बाद)। नीलामी बैंक के अनुमोदित सेवा प्रदाता **"https://ebkray.in"** के माध्यम से संचालित की जायेगी। विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट: **www.centralbankofindia.co.in** अथवा नीलामी प्लेटफार्म **{https://ebkray.in}** में प्रावधानित लिंक देखें। हेल्पलाइन नं.: +91 8291220220.

अन्य सभी विवरण यथावत रहेंगे।

प्राधिकृत अधिकारी, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, क्षे. का. (उत्तर), चाँदनी चौक, दिल्ली

इंडियन बैंक Indian Bank

इलाहाबाद ALLAHABAD

इंडियन बैंक, नोएडा फेज II शाखा
ईमेल: phase2.Noida@indianbank.co.in

कब्ज़ा नोटिस (अचल संपत्ति के लिए) [नियम-8(1)]

जबकि, अधोहस्ताक्षरी वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत **इंडियन बैंक** के तहत अधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पठित,धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, दिनांक 07.05.2024 को एक मांग नोटिस जारी कर उधारकर्ताओं श्री ज्ञानी पुत्र श्री खचेड़ा और श्रीमती नेमवती पत्नी श्री खचेड़ा, फ्लैट संख्या 366 टीएफ तीसरी मंजिल किफायती मकान ब्लॉक ए सेक्टर-एमयू-II ग्रेटर नोएडा जिला गौतम बुद्ध नगर उत्तर प्रदेश को नोटिस में उल्लिखित राशि **रु.18,47,695/- (अठारह लाख सैंतालीस हजार छह सौ पंचानबे मात्र)** के साथ-साथ 07.05.2024 से इसकी वसूली तक बिना प्रभारित ब्याज और बैंक द्वारा किए गए व्यय को उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर भुगतान करने के लिए कहा था।

उधारकर्ता राशि चुकाने में विफल रहे हैं, उधारकर्ताओं और आम जनता को एतद्वारा नोटिस दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पठित, उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के तहत उसे प्रदान की गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए 06 अगस्त, 2024 को नीचे वर्णित संपत्ति/परिसंपत्तियों पर कब्जा कर लिया है।

उधारकर्ताओं को विशेष रूप से और सामान्य तौर पर आमजनता को एतद्वारा चेतावनी दी जाती है कि वे उक्त संपत्ति/परिसंपत्तियों का लेन-देन न करें और संपत्ति/परिसंपत्तियों के साथ किसी भी तरह का लेन-देन करने पर 05/08/2024 तक **रु. 18,88,903/- (अठारह लाख अट्ठासी हजार नौ सौ तीन रुपये मात्र)** के साथ, 06/08/2024 से संविदात्मक दर पर ब्याज/लागत तथा भुगतान की तिथि तक लागत, प्रभार और व्यय का प्रभार **इंडियन बैंक,** नोएडा फेज द्वितीय शाखा के अधीन होगा।

सुरक्षित संपत्ति को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

अचल संपत्ति का विवरण

श्री ज्ञानी पुत्र श्री खचेड़ा के नाम पर आवासीय फ्लैट संख्या 366 टीएफ (तीसरी मंजिल) ब्लॉक-ए, सेक्टर-एमयू-II ग्रेटर नोएडा जिला गौतमबुद्ध नगर (यू.पी.) के सभी भाग। फ्लैट का कुल क्षेत्रफल 40.00 वर्ग मीटर है।

परिबद्ध : उत्तर: पट्टा योजना (लीज प्लान) के अनुसार, **पूर्व:** पट्टा योजना के अनुसार, **दक्षिण:** पट्टा योजना के अनुसार, **पश्चिम:** पट्टा योजना (लीज प्लान) के अनुसार

दिनांक: 06.08.2024
स्थान: नोएडा, यू.पी.

अधिकृत अधिकारी,
नोएडा फेज II शाखा, इंडियन बैंक

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank

सस्त्र डिवीजन, तीसरी मंजिल, पूर्वी विंग,
प्लॉट नंबर 4, सेक्टर 10, द्वारका नई दिल्ली
(ईमेल- horecovery@pnb.co.in/hosastrawilful@pnb.co.in)

कारण बताओ नोटिस

दिनांक: 15.07.2024

1. मेसर्स आईएल एंड एफएस ट्रांसपोर्टेशन नेटवर्क लिमिटेड (कर्जदार)
   पताः आईएल एंड एफएस फाइनेंशियल सेंटर, प्लॉट सी-22, जी-ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व) मुंबई-400051
2. श्री करणाकरण रामचंद (प्रबंध निदेशक)
   पताः विक्टोरिया, तीसरी मंजिल, ई-23, गजधर स्कीम, सांताक्रूज पश्चिम, मुंबई-400054
3. श्री मुकुंद गजानन सप्रे (प्रबंध निदेशक)
   पताः 139-140, द ऑर्किड बंग्लोज, नंद एसओसी के सामने, ओल्ड पादरा रोड, वडोदरा-390020 (गुजरात)

प्रिय महोदय/महोदया,

संदर्भः बैंक के साथ मेसर्स आईएलएंडएफएस ट्रांसपोर्टेशन नेटवर्क लिमिटेड के ऋण खाते में 'इरादतन' चूक की पहचान के लिए कारण बताओ।

कृपया बैंक द्वारा जारी दिनांक 09.11.2023 के नोटिस का संदर्भ लें, जिसके अनुसार उक्त ऋण खाते में इरादतन की गई चूक की घटनाओं की ओर ध्यान दिलाया गया है और आपको उक्त नोटिस की प्राप्ति के 10 दिनों के भीतर चूक/चूकों को सुधारने के लिए कहा गया था। हालाँकि, कर्जदार और उसके संबंधित पक्षों से कोई उत्तर नहीं मिला।

इस मामले के तथ्यों को आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुरूप गठित इरादतन चूककर्ता पहचान समिति ('पहचान समिति') के समक्ष रखा गया था। समिति ने दिनांक 06.06.2024 को आयोजित अपनी बैठक में मामले के तथ्यों और रिकॉर्ड पर मौजूद साक्ष्यों पर गौर करने के बाद निष्कर्ष निकाला है कि खाते में चूक की घटनाएं इरादतन हुई हैं और कर्जदार तथा उसके संबंधित पक्षों को 'इरादतन चूककर्ता' के रूप में वर्गीकृत करने के लिए पर्याप्त हैं, जिसके निम्नलिखित कारण हैं:

निधियों का डायवर्जन

